# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




शपथ लेने के बाद ग्रुप फोटो खिंचवाया गया।

## डॉ. मोहन यादव मंत्रिमंडल विस्तार में 7 सामान्य, 12 ओबीसी व बाकी एससी-एसटी विधायक बने मंत्री


# 50 फीसदी नए विधायकों को 'मौका'

◆ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिमंडल विस्तार में क्षेत्रीय जातीय और जिलेवार संतुलन को साधने की पुरजोर कोशिश की

### कुल 28 मंत्री

18 कैबिनेट, 6 स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व 4 राज्य मंत्री बनाए गए, 3 जगह अभी खाली

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, दमोह, राजगढ व नरसिंहपुर से दो-दो मंत्री व बाकी जिलों से एक एक मंत्री



कैलाश विजयवर्गीय | प्रहलाद पटेल | विश्वास सारंग | राकेश सिंह | गोविंद सिंह | तुलसी सिलावट | उदय प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोहन कैबिनेट में सोमवार से 28 मंत्री और जुड़ गए। मंत्रिमंडल विस्तार में 18 कैबिनेट, 6 स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व 4 राज्य मंत्री बनाए गए हैं। इन मंत्रियों में 11 ऐसे हैं, जो मंत्री रह चुके हैं। इसमें से 6 मंत्री ऐसे हैं, जो पिछली भाजपा सरकार में भी मंत्री थे। मंत्रियों की कुल संख्या के हिसाब से 50 फीसदी नए विधायकों को मंत्री बनाया गया है।



### सूची फाइनल करने तीन बार दिल्ली गए थे सीएम

मंत्रियों के नाम फाइनल करने में मुख्यमंत्री को पिछले 12 दिन में तीन बार दिल्ली जाना पड़ा। कैबिनेट, स्वतंत्र प्रभार व राज्यमंत्रियों के चयन में दोनों उप मुख्यमंत्रियों के साथ ही संघ नेताओं व प्रदेश अध्यक्ष की राय को तवज्जो दी गई। पिछले 48 घंटे में ही कई तरह के बदलाव करने पड़े। कुछ मामलों में तो वरिष्ठ नेताओं के दबाव को दरकिनार कर दिया गया। संगठन का स्पष्ट कहना था कि चूंकि सभी को मंत्री नहीं बनाया जा सकता। ऐसे में नए विधायकों पर ज्यादा भरोसा जताया गया।

### कैबिनेट मंत्री

1. प्रद्युम्न सिंह तोमर, ग्वालियर
2. तुलसी सिलावट, इंदौर
3. एंदल सिंह कसाना, मुरैना
4. नारायण सिंह कुशवाह, ग्वालियर
5. विजय शाह, खंडवा
6. राकेश सिंह, जबलपुर
7. प्रह्लाद पटेल, नरसिंहपुर
8. कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर-1
9. करण सिंह वर्मा, इछावर, सीहोर
10. संपतिया उईके, मंडला
11. राव उदय प्रताप सिंह, गाडरवारा, नर्मदापुरम
12. निर्मला भूरिया, पेटलावद झाबुआ
13. विश्वास सारंग, नरेला भोपाल
14. गोविंद सिंह राजपूत, सुरखी सागर
15. इंदर सिंह परमार, शाजापुर
16. नागर सिंह चौहान, अलीराजपुर
17. चैतन्य कश्यप, रतलाम
18. राकेश शुक्ला, मेहगांव भिंड

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )**

19. कृष्णा गौर, गोविंदपुरा भोपाल
20. धर्मेंद्र लोधी, जबेरा दमोह
21. दिलीप जायसवाल
22. गौतम टेटवाल
23. लखन पटेल, दमोह
24. नारायण पवार, राजगढ़

**राज्यमंत्री**

25. राधा सिंह, चितरंगी सीधी
26. प्रतिमा बागरी, रैगांव सतना
27. दिलीप अहिरवार, चंदला छतरपुर
28. नरेंद्र शिवाजी पटेल, उदयपुरा, रायसेन

### पहली बार जीते 9 विधायक बने मंत्री

## इनमें 4 पूर्व सांसद भी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

यादव के मंत्रिमंडल में पहली बार विधानसभा का चुनाव जीते 9 सदस्यों को शामिल किया गया है। इनमें 4 पूर्व सांसद हैं। ये पहली बार विधायक बने हैं लेकिन वरिष्ठ होने के कारण इन्हें सीधे कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई है। मंत्रिमंडल में शामिल 5 सदस्य पहली बार ही चुनकर आए हैं। इन सभी को राज्य मंत्री के तौर पर शामिल किया गया है। इनमें लखन पटेल को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाया गया है।

- दिलीप, प्रतिमा, राधा, नरेंद्र, लखन बने राज्य मंत्री
- प्रहलाद, राकेश, उदय और संपतिया कैबिनेट मंत्री

पहली बार जीत कर आए जिन पूर्व सांसदों को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, इनमें प्रहलाद पटेल, राकेश सिंह, राव उदय प्रताप सिंह और संपत्तिया उइके शामिल हैं। इनमें संपतिया राज्य सभा सदस्य रही हैं। भाजपा ने अनिल माधव दवे के निधन के बाद इन्हें राज्यसभा भेजा था। इससे पहले ये मंडला की जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। कैबिनेट मंत्री की शपथ लेने वाले राकेश सिंह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं।







# मेरा आपसे बहुत पुराना रिश्ता, वंचित और गरीबों की समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं

## पीएम मोदी ने क्रिसमस पर ईसाई समुदाय से की मुलाकात, दी शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिसमस के मौके पर प्रधानमंत्री निवास पर एक कार्यक्रम रखा। उन्होंने यहां ईसाई समुदाय से मुलाकात की। उन्होंने ईसाई समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ईसाई समुदाय से मेरे संबंध बहुत आत्मीय रहे हैं। मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था तब अक्सर ईसाई समुदाय के आध्यात्मिक नेताओं से मेरी मुलाकात होती रहती थी। मुझे कुछ ही साल पहले द होली पॉप से मिलने का सौभाग्य मिला था।

### स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई

पीएम मोदी ने कहा, 'ईसाई समुदाय ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई थी। गांधी जी ने स्वयं बताया था कि असहयोग आंदोलन की परिकल्पना सेंट स्टीफन कॉलेज के प्रिंसिपल सुशील कुमार रुद्र की छत्रछाया में रची गई थी। समाज सेवा में ईसाई समुदाय बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। आपका समुदाय वंचितों और गरीबों की सेवा में हमेशा आगे रहता है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में आज भी ईसाई समुदाय के संस्थान महत्वपूर्ण योगदान दे रहे



### सुखद कि इतने विशेष और पवित्र दिन आप सब आए

उन्होंने कहा कि क्रिसमस के अवसर पर विश्व के लोगों और ईसाई समुदाय को मेरी शुभकामनाएं हैं। मेरे लिए यह सुखद है कि इतने विशेष और पवित्र दिन पर आप सभी मेरे निवास पर आए हैं। यह मेरे लिए स्पेशल अवसर पर आप मेरे यहां आए। इंडियन माइनोरिटी फाउंडेशन ने यह प्रस्ताव रखा कि हम इस बार क्रिसमस मनाएं। मैंने उनसे कहा कि क्यों न मेरे यहां मनाया जाए।



### पवित्र पोप मिलने का मिला था अवसर

उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले मुझे पवित्र पोप से मिलने का अवसर मिला था। यह सचमुच मेरे लिए बहुत यादगार पल था। दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए, हमने सामाजिक सद्भाव, वैश्विक भाईचारा, जलवायु परिवर्तन और समावेशी विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने ईसाई समुदाय के बच्चों से भी मुलाकात की।



## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मोदी समेत कई दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल सदैव अटल पर जाकर उनकी 99वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, अनुराग ठाकुर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जेपी नड्डा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और अन्य नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी 99वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को देश सुशासन दिवस के तौर पर मनाता है।

### वाजपेयी जी जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण को गति देने में जुटे रहेः प्रधानमंत्री मोदी



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर देश के सभी परिवारजनों की ओर से मेरा कोटि-कोटि नमन। वह जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण को गति देने में जुटे रहे। मां भारती के लिए उनका समर्पण और सेवा भाव अमृतकाल में भी प्रेरणास्रोत बना रहेगा।'

### देश को सदैव सर्वोपरि रखाः ओम बिरला



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सादर नमन। अटल जी ने देश को सदैव सर्वोपरि रखा। राष्ट्र प्रथम की भावना उनके प्रत्येक निर्णय का आधार होती थी। उनकी स्मृति में आज मनाए जा रहे सुशासन दिवस पर हम जनकल्याणकारी शासन के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हैं।'

### एक महान व्यक्ति जिसने लोगों को प्रेरित कियाः अनुराग



'सदैव अटल' पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। एक महान व्यक्ति जिसके शब्दों और कार्यों ने आधी सदी से भी अधिक समय से लोगों को प्रेरित किया है और आगे भी करते रहेंगे। वह सदैव हमारे लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे।

## खबर संक्षेप


### राहत कार्यों के लिए सीतारमण नियुक्त

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान मिचौंग और भारी बारिश के कारण की आई बाढ़ को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु को सहयोग देने का आश्वासन दिया है। इसके लिए पीएम मोदी ने बाढ़ की स्थिति का आकलन करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नियुक्त किया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।



### एयरपोर्ट से फरार हुआ दुष्कर्म का आरोपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से गिरफ्तार हुए दुष्कर्म का एक आरोपी सीआईएसएफ की कस्टडी से फरार हो गया। सोमवार को घटना के बारे में सीआईएसएफ ने इसकी जानकारी दी। आरोपी की पहचान अमनदीप सिंह के रूप में हुई। वह 20 दिसंबर को बहरीन से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपी को आप्रवासी विभाग में रोका गया था।



### मोहल्ला क्लीनिक नहीं वह मौत का क्लीनिक

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार की मोहल्ला क्लीनिक पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'वो मोहल्ला क्लीनिक नहीं हैं, बल्कि वो मौत का क्लीनिक है।' सचदेवा ने कहा कि यह बड़े ही शर्म की बात है कि दिल्ली के अस्पतालों में फर्जी दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है। जुलाई में सैंपल लिए गए थे और अक्टूबर में रिपोर्ट जारी की।



### शादी के लिए किया जेंडर चेंज, ज़िंदा जला डाला

**चेन्नई।** एक 'ट्रांससेक्शुअल' व्यक्ति ने एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने सोमवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध की पहचान वेट्रिमारन के रूप में हुई है जो एक 'ट्रांस' पुरुष है। आरोपी ने अपना नाम पंडी महेश्वरी से बदलकर वेट्रिमारन रख लिया था।



### हिरासत से भागने में 'लिंकमैन' घायल

**रंगिया।** असम के कामरूप (देहात) जिले में सोमवार को पुलिस की हिरासत से भागने की कथित कोशिश के दौरान गोलीबारी में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम-इंडिपेंडेंट (उल्फा-आई) का एक संदिग्ध 'लिंकमैन' घायल हो गया। कामरूप (देहात) के एसपी हितेश रॉय ने बताया कि बैहता चरिअली इलाके में प्रांजल दास उर्फ भेलू के घर पर छापा मारा।



## कोरोना के नए वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता, दुनिया के कई देशों में संक्रमित मरीज मिल रहे

# जेएन1 वैरिएंट के देश में 63 मरीज मिले बच्चों-बुजुर्गों को रखनी होगी सावधानी

कोरोना का नया वैरिएंट तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है, जिसने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सरकार ने भी लोगों से सावधानी रखने की अपील की है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोरोना का नया वैरिएंट तेजी से लोगों को संक्रमित कर रहा है, जिसने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सरकार ने भी लोगों से सावधानी रखने की अपील की है। बता दें कि भारत में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन1 के मरीजों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है। बता दें कि गोवा में सबसे ज्यादा मरीज नए वैरिएंट जेएन1 से संक्रमित पाए गए हैं। गोवा में नए वैरिएंस से संक्रमित मरीजों की संख्या 34 है। वहीं कर्नाटक में 8, महाराष्ट्र में 6, केरल में 6, तमिलनाडु में 4 और तेलंगाना में 2 लोग नए कोरोना वैरिएंट जेएन1 से संक्रमित पाए गए हैं।

### खास बातें

- भारत में उपलब्ध वर्तमान वैक्सीन निपटने में सक्षम
- सार्वजनिक स्थानों पर मॉस्क का उपयोग करें
- सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें
- ठंड में बढ़ सकती है परेशानी

### त्योहार और भीड़-भाड़ के कारण फैलने का खतरा

#### जेएन1 एक अतिरिक्त म्यूटेशन



ओमिक्रॉन का सब-वैरिएंट से बना है जेएन1, ओमिक्रॉन के सब-वैरिएंट बीए.2.86 से बना है और बीए.2.86 वही वैरिएंट है जो 2022 की शुरुआत में दुनियाभर में तेजी से फैला था। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वैरिएंट में एक अतिरिक्त म्यूटेशन है जिसके कारण यह तेजी से फैल रहा है और यह आसानी से इम्यूनिटी को चकमा देते हुए संक्रमित कर सकता है। अब ऐसे में त्योहार और नए साल पर भीड़-भाड़ के कारण वायरस फैलने का खतरा और बढ़ सकता है।

#### बुजुर्ग और गंभीर बीमारी वाले लोग मास्क पहनें

पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का कहना है, 'जैसे-जैसे सर्दियां आ रही हैं, जेएन1 सब-वैरिएंट के मामलों में मामूली वृद्धि की उम्मीद है। लेकिन ऐसे में घबराना नहीं है। इसकी जगह बुजुर्ग और गंभीर बीमारी वाले लोग मास्क पहनें। हम वर्तमान में एक एक्सबीबी वैरिएंट वैक्सीन की पेशकश कर रहे हैं जो अमेरिका और यूरोप में जेएन1 वैरिएंट के समान है।'

**नए वैरिएंट जेएन1 के मरीज**

| | |
|---|---|
| गोवा | 34 |
| कर्नाटक | |
| महाराष्ट्र | 6 |
| केरल | 6 |
| तमिलनाडु | 4 |
| तेलंगाना | 2 |
| अन्य | 3 |
| कुल | 63 |

**बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के केस**

| राज्य | संख्या |
|---|---|
| केरल | 128 |
| कर्नाटक | 73 |
| महाराष्ट्र | 50 |
| राजस्थान | 11 |
| तमिलनाडु | 9 |
| तेलंगाना | 8 |
| दिल्ली | 7 |
| कुल | 312 |

### हर तीन महीने में अस्पतालों में मॉक ड्रिल की जरूरत

देश में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के बीच केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को हर प्रकार का सहयोग मिलने का आश्वासन दिया और कहा, 'हमें सतर्क रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं।' मंत्री ने कहा कि अस्पताल की तैयारियों के लिए 'मॉक ड्रिल' करना, निगरानी बढ़ाना और लोगों से बातचीत जरूरी है। उन्होंने हर तीन माह में सभी अस्पतालों में 'मॉक ड्रिल' करने की जरूरत पर ज़ोर दिया।

### जेएन डॉट 1 अधिक संक्रामक

एम्स के पूर्व डायरेक्टर और सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. रणदीप गुलेरिया ने कहा, 'नया कोविड-19 का सब-वैरिएंट जेएन1 तेजी से फैल रहा है लेकिन इसके कारण मरीजों की स्थिति गंभीर नहीं हो रही है और न ही हॉस्पिटलाइजेशन बढ़ा है। यह अधिक संक्रामक है और यह अधिक तेजी से फैल रहा है। यह धीरे-धीरे एक मुख्य वैरिएंट बनता जा रहा है। यह अधिक संक्रमण का कारण बन रहा है लेकिन डेटा यह भी बताता है कि यह गंभीर संक्रमण या अस्पताल में भर्ती होने का कारण नहीं बन रहा है।'

### डब्लूएचओ का दावा-दुनिया के कई देशों में फैल रहा जेएन डॉट 1

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) का कहना है कि कोरोना के नए वैरिएंट जेएन1 के दुनिया के कई देशों में संक्रमित मरीज मिल रहे हैं और इसके मामले तेजी से भी बढ़ रहे हैं। यही वजह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नए वैरिएंट जेएन1 को वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट माना है। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि अभी इसे लेकर और अध्ययन करने की जरूरत है कि जेएन1 का शरीर पर क्या असर हो रहा है। भारत में तो अभी तक जेएन 1 से संक्रमित मरीजों में बहुत ज्यादा चिंताजनक लक्षण नहीं दिखाई दिए हैं। जेएन1 का संक्रमण भी कम है। अभी जो वैक्सीन उपलब्ध हैं, उनसे ही इस वैरिएंट से निपटा जा सकता है।

### एक्टिव मरीजों की संख्या चार हजार पार

बता दें कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 312 एक्टिव केस मिले हैं। जिसके बाद देश में कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4054 हो गई है। बीते 24 घंटे में केरल में 128, कर्नाटक में 73, महाराष्ट्र में 50, राजस्थान में 11, तमिलनाडु में 9, तेलंगाना में 8 और दिल्ली में 7 नए एक्टिव केस मिले हैं।

### जेएन डॉट 1 को लेकर ये बातें चिंताजनक

कोरोना का नया वैरिएंट जेएन1 तेजी से फैलता है और दुनिया के कई देशों में इसके मामले बढ़ रहे हैं। ठंड बढ़ने के साथ जेएन1, इंफ्लुएंजा, रिनोवायरस और अन्य सांस संबंधी बीमारियां के साथ लोगों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। यही वजह है कि सरकार ने लोगों से अपील की है कि वह सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का इस्तेमाल करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की कोशिश करें। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों को विशेष तौर पर सावधानी रखने की सलाह दी गई है।

**खरगे ने उपराष्ट्रपति के आमंत्रण पर लिखी चिट्ठी**

## कहा- मैं आपसे नहीं मिल पाऊंगा, दिल्ली से बाहर हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा के अंदर दो व्यक्ति प्रवेश कर गए। संसद की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर विपक्षी सांसदों ने लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा किया और इस मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह से सदन में प्रतिक्रिया देने की मांग की। सदन में विपक्षी सांसदों द्वारा किए गए अनुचित व्यवहार की वजह से 143 सांसदों को निलंबित किए गए।



### सभापति सदन का संरक्षक

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा के एमपी मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर कहा कि मुझे 23 दिसंबर को आपकी चिट्ठी मिली। मैं दिल्ली से बाहर हूं इसलिए मैं आपसे नहीं मिल सकता। उन्होंने लिखा सभापति सदन का संरक्षक होता है।

**नकल उतारने पर हंगामा**

इसके बाद संसद परिसर के मकर मार्ग पर विपक्षी सांसदों द्वारा उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति का नकल उतारे जाने का मामले में भी जमकर हंगामा हुआ। इन मुद्दों पर बातचीत के लिए जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपने आवास पर आमंत्रित किया था।

**पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाता था**

## फास्ट-ट्रैक अदालत ने 9 साल कारावास की सजा सुनाई

एजेंसी ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के एक व्यापारी को 9 साल जेल की सजा सुनाई गई है। व्यापारी पर अपनी पत्नी को अप्राकृतिक यौन संबंध के लिए मजबूर करने का आरोप था और ये सिद्ध होने पर उसे 9 साल के कारावास की सजा गई है। दुर्ग की एक फास्ट-ट्रैक अदालत ने सजा सुनाई है। व्यापारी भिलाई-दुर्ग शहर का है। आरोप लगाया है कि 2007 में शादी के तुरंत बाद उसे जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने को कहा।



### दहेज के लिए भी प्रताड़ित किया

व्यापारी की पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसे दहेज के लिए भी प्रताड़ित किया गया। इन सब से परेशान होकर उसने अपना ससुराल छोड़ दिया और सिंगल मदर बनकर अपनी बेटी की परवरिश करने का फैसला किया। वह 2016 में अपनी बेटी के साथ अपने माता-पिता के पास वापस चली गई। पीड़ित पत्नी ने 7 मई 2016 को सुपेला पुलिस स्टेशन में अप्राकृतिक यौन संबंध के लिए आईपीसी की धारा 377 और दहेज उत्पीड़न के लिए धारा 498 ए के तहत अपने पति और उसके माता-पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

## जयराम रमेश ने साफ किया रुख, बोले 'जो कुछ हमें करना होगा, हम करेंगे'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- आईएनडीआईए गठबंधन में सीट शेयरिंग पर अभी तक कोई एकमत नहीं

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की पिछली बैठक में भी सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हो पाया। हालांकि, इस बैठक में ये बात निकलकर सामने आई कि जनवरी के पहले हफ्ते तक सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय कर लिया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस का रुख साफ कर दिया है। उन्होंने कहा, ''सीट शेयरिंग में बातचीत होगी। जो कुछ करना होगा, हम करेंगे। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग परिस्थितियां हैं उन्हें ध्यान में रखकर फैसला करेंगे।

### 'खुले मन और बंद मुंह से बात आगे बढ़ाएंगे'



कांग्रेस नेता ने कहा कि हम खुले मन और बंद मुंह से ही हम सीट शेयरिंग पर बात आगे बढ़ाएंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस की पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति 28 दिसंबर को होने वाली नागपुर रैली के बाद के बाद पार्टी प्रदेश इकाइयों से चर्चा करेगी। 29 दिसंबर से गठबंधन को लेकर क्या रणनीति अपनाई जाए, इस पर चर्चा के लिए राज्य इकाईयों के नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है।

**सीट शेयरिंग पर चर्चा के लिए बनाई राष्ट्रीय गठबंधन समिति**

इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक के बाद कांग्रेस ने इंडिया अलायंस में शामिल दलों के साथ सीट-बंटवारे पर चर्चा करने के लिए पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति का गठन किया था। इस समिति ने सीट बंटवारे से पहले अलग-अलग प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करने का फैसला किया है। प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा के बाद कमेटी जनवरी के पहले हफ्ते में सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे पर फाइनल बात करेगी।

**दिल्ली हाईकोर्ट का अहम फैसला- ईडब्ल्यूएस छात्रों को मिलेगा प्रवेश**

## केवीएस में दूसरे राज्यों से बना आय प्रमाण पत्र होगा मान्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक फैसले में कहा है कि केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत किसी छात्र को इस आधार पर प्रवेश से इनकार नहीं कर सकता कि आय प्रमाण पत्र किसी अन्य राज्य से प्राप्त किया गया है, न कि दिल्ली सरकार से। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि केंद्र सरकार ने अधिसूचित किया है कि सभी प्रासंगिक दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक सत्यापित करने और संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद, इस उद्देश्य के लिए प्रमाण पत्र राज्य में तहसीलदार के पद से नीचे के अधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। इसका तात्पर्य यह है कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत देश में कहीं भी केवी स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को उस राज्य सरकार से जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है जहां स्कूल स्थित है।



**केवीएस का तर्क अस्थिर**

केंद्र सरकार ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी निर्धारित करने के लिए सकल वार्षिक पारिवारिक आय सीमा 8 लाख रुपये से कम अधिसूचित की है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि जिस आधार पर केवीएस ने याचिकाकर्ता के बच्चे को प्रवेश के लिए खारिज कर दिया है, यानी कि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश राज्य से प्राप्त किया गया है, न कि एनसीटी दिल्ली सरकार से, वह अस्थिर है।

### यह है पूरा मामला?

उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें प्रवेश से इनकार करने वाले अधिकारियों द्वारा जारी 3 जनवरी, 2022 के संचार को रद्द करने के बाद केवीएस (दिल्ली क्षेत्र) को उसके बेटे को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत राष्ट्रीय राजधानी के एक केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश देने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

दरअसल, यूपी के आजमगढ़ के मूल निवासी याचिकाकर्ता ने शुरू में अपने बेटे के लिए ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आवेदन किया था। उन्होंने कहा कि वह नौकरी के लिए दिल्ली चले आए और चाहते थे कि उनके बेटे को राष्ट्रीय राजधानी के केंद्रीय विद्यालय में दाखिला मिले। चूंकि मुकदमेबाजी के दौरान काफी समय बर्बाद हुआ, इसलिए अदालत ने उसे कक्षा 3 में प्रवेश देने का आदेश दिया है। उन्हें ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र आजमगढ़ के एक तहसीलदार द्वारा जारी किया गया था।

**बलिदानियों को सीजेआई ने किया याद**

## हमारा देश सुरक्षित क्योंकि जवान सीमा पर डटे रहते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में क्रिसमस डे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हमने कुछ दिन पहले अपने सेना के चार सदस्यों को खो दिया है, इसलिए जब हम क्रिसमस मनाएं, तो हमें उन लोगों को नहीं भूलना चाहिए जो सीमाओं पर इस ठंड का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सुबह आराम से उठते हैं और हमारा देश सुरक्षित रहता है, क्योंकि ये जवान सीमा पर डटे रहते हैं। सीजेआई ने कहा कि हम जो भी करें, हमारी यादों में ये सैनिक होने चाहिए। उन्होंने क्रिसमस का गीत भी गाया।



### नर्स और डॉक्टर्स के काम को भी सलाम

उन्होंने कहा, 'क्रिसमस मनाते हुए हमें उन डॉक्टर और नर्स को नहीं भूलना चाहिए जो गम्भीर रुप से बीमार मरीजों का इलाज कर रहे हैं। ये लोग अपने परिवार के साथ नहीं हैं। हम खुशकिस्मत हैं कि इस मौके पर हम अपने घरवालों के साथ हैं। वकील और जजों के लिए सबसे पवित्र पुस्तक देश का संविधान है।

जबलपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023 ■ अगहन मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ■ वर्ष : 18, अंक : 234 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 26, न्यून. 08 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




प्रदेश के 11 जिलों में दृश्यता 'शून्य'

एयरपोर्ट रोड का दृश्य

# कोहरे का 'पहरा'

दिसंबर के अंतिम तीन दिनों में मौसम फिर करवट लेगा

## सबसे कम रात का पारा राजगढ़ में 7 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम दिन का तापमान ग्वालियर में 23.1 डिग्री रहा

सबसे कम दृश्यता दतिया और ग्वालियर में 50 मीटर से भी कम रही

- आज भी कई जिलों में छाएगा घना कोहरा
- पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं बूंदाबांदी और बौछारों के आसार

पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी मप्र के ज्यादातर हिस्सों में छाएंगे बादल



**भोपाल।** पूरे प्रदेश में सोमवार को मौसम के बदले रंग दिखाई दिए। कुछ जिलों में अति घना तो कुछ में घना कोहरा रहने से दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। भोपाल सहित करीब 11 जिलों में सोमवार सुबह 8 बजे के बाद तक दृश्यता शून्य रही। इससे राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को भी कुछ जिलों में घने से अति घना कोहरा रहने के साथ ही दिन और रात के तापमान में मामूली बदलाव होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से अभी प्रदेश में हवाएं बदल रहीं हैं।

**यहां दृश्यता रही शून्य**

भोपाल, टीकमगढ़, दतिया, मंडला, खजुराहो, दमोह, ग्वालियर, दतिया, गुना, राजगढ़ और रतलाम। इनमें सबसे कम दृश्यता दतिया और ग्वालियर में 50 मीटर से भी कम रही है। यहां अति घना कोहरा रहा। दरअसल, 50 से 500 मीटर तक की दृश्यता शून्य मानी जाती है। इन जिलों में भोपाल में 50 से 200 मीटर, दतिया, ग्वालियर में 50 मीटर से कम, गुना, रायसेन, राजगढ़, दमोह, मंडला और रतलाम में 500 मीटर तक, इन जिलों में सुबह 9 बजे के बाद कोहरा छंटना शुरू हुआ।

### तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं

सोमवार को पश्चिमी मप्र के ज्यादातर हिस्सों में दिन में हवाएं दक्षिण पूर्वी रहीं, इससे तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं रहा। वहीं दतिया, ग्वालियर, भिंड, मुरैना आदि जिलों में हवाएं उत्तर पूर्वी रहने से तापमान में मामूली गिरावट रही। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में दिन का औसत तापमान 26 डिग्री तो रात का 10 डिग्री के करीब रहा है।

### आज यहां घने से अति घना कोहरा

ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना में अति घना, दृश्यता 50 मीटर से कम रहेगी। छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में घना कोहरा, दृश्यता 200 मीटर तक रहेगी। इसके अलावा रीवा, शहडोल संभाग के जिलों में कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, पन्ना, दमोह, सागर, मंदसौर, गुना, शिवपुरी, रायसेन, सीहोर, राजगढ आदि।


---

हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023

सामान्य कूपन देखें कल के अंक में

## खबर संक्षेप

### हीटर से जल गया सोता हुआ पूरा परिवार



**अलवर।** खैरथल तिजारा जिले के शेखपुर थाना इलाके के मुंडाना गांव में कमरे में हीटर जलाकर सो रहे दंपति और उनकी दो माह की मासूम बेटी जिंदा जलने से मौत हो गई। घटना में पिता दीपक यादव और उसकी पुत्री निशिका की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से झुलसी महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### ट्रक-कार सहित चार वाहनों में लगी आग



**धार।** राऊ-खलघाट फोरलेन के गणपति घाट पर सोमवार शाम बड़ा हादसा हो गया। ट्राले के ब्रेक फेल होने से ट्राला अनियंत्रित होकर डिवाइडर दूसरी लेन में जा पहुंचा। जहां घाट चढ़ रहे दो कार व दो अन्य वाहन को ट्राले ने अपनी चपेट में ले लिया। देखते-देखते चारों वाहनों में आग लग गई। अंदर फंसे लोगों की तलाश जारी है।

### पेटीएम ने एक हजार कर्मचारियों को निकाला




**नई दिल्ली।** पेटीएम की मूल कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस ने परिचालन को अनुकूल बनाने और कर्मचारियों की लागत को 15 प्रतिशत तक कम करने के लिए छंटनी का फैसला किया है। कंपनी ने अपने सैकड़ों कर्मचारियों को बाहर कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार पेटीएम के विभिन्न विभागों में 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

---

तीन दशकों के संघर्ष को मिला विराम, हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 से अधिक मजदूरों को राज्य शासन ने दी राहत

# पीएम मोदी ने कहा-श्रमिकों को सम्मान और वंचितों को 'मान' दिलाना हमारी प्राथमिकता



प्रधानमंत्री ने कहा कपास के क्षेत्र में इंदौर के पुराने गौरव को फिर से स्थापित करेगी डबल इंजन की सरकार

पीएम ने कहा कि मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार की नई टीम को हमारे श्रमिक परिवारों का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा। सोमवार को सांकेतिक तौर पर 224 करोड़ रूपए का चेक सौंपा है। आने वाले दिनों में यह राशि श्रमिक भाई-बहनों तक पहुंचेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 'सुशासन दिवस' पर इंदौर में 'मजदूरों के हित-मजदूरों को समर्पित' कार्यक्रम में बटन दबाकर श्रमिकों को बकाया राशि के भुगतान प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

जबकि मुख्यमंत्री ने हुकुमचंद मिल के मजदूरों को वितरित होने वाले हितलाभ का चेक श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधियों और लिक्विडेटर को सौंपा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने ग्रीन बॉन्ड से अर्जित धनराशि से बनने वाले 60 मेगावाट सौर ऊर्जा प्लांट परियोजना का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा- श्रमिकों को सम्मान और वंचितों को 'मान' दिलाना हमारी प्राथमिकता में है। डबल इंजन की सरकार कपास के क्षेत्र में इंदौर के पुराने गौरव को फिर से स्थापित करेगी। उन्होंने कहा यह कार्यक्रम श्रमिक भाई-बहनों की वर्षों की तपस्या तथा सपनों और संकल्पों का परिणाम है। प्रसन्नता है कि ये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारीवाजपेयी जी की जयंती है।

308 करोड़ की लागत से बन रहे सोलर पावर प्लांट परियोजना का हुआ शिलान्यास

डॉ. यादव ने 429 करोड़ के जन कल्याणकारी विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण किया




### सीएम डॉ. यादव ने कहा...

**इंदौर दुनिया के सबसे तेज गति से बढ़ने वाले नगरों में शामिल**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि दुनिया के सबसे तेज गति से बढ़ने वाले नगरों में लोकमाता अहिल्या बाई की नगरी इंदौर शामिल है। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में गरीब मजदूरों की कठिनाइयां कम हुई हैं। श्रमिक परिवारों की चुनौतियों से मैं भलीभांति परिचित हूं। उज्जैन की विनोद-विमल मिल का मामला भी इसी प्रकार से उलझा था, जिसका निराकरण सरकार का व्यापक दृष्टिकोण रखते हुए कराया गया, यह प्रदेश में निराकरण का पहला प्रकरण था। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना।

### *नई टीम आने वाले दिनों में ऐसी ही कई और उपलब्धियां हासिल करेगी*

*प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब का आशीर्वाद और उनका स्नेह क्या कमाल कर सकता है, यह मै अच्छी तरह जानता हूं। मुझे यकीन है कि मप्र की नई टीम आने वाले दिनों में ऐसे ही कई ओर उपलब्धियां हासिल करेगी। मुझे बताया गया है कि जब हुकुमचंद मिल के श्रमिकों के लिए पैकेज का ऐलान किया गया तब इंदौर में उत्सव का माहौल निर्मित हो गया था। इंदौर के लोग 25 दिसंबर की तारीख को श्रमिकों को न्याय मिलने के दिन के रूप में याद रखेंगे। इंदौर की स्वच्छता, स्वाद व कपड़ा उद्योग में इसके कीर्तिमान को भी पीएम ने याद किया।*

---

मुकेश अंबानी और डिज्नी हुए एक

# ...अब भारत की 'सबसे बड़ी' एंटरटेनमेंट कंपनी लेगी जन्म

इस डील के तहत जियो और डिज्नी हॉटस्टार के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी एक हो जाएंगे

*इस सौदे पर दोनों कंपनियां लगभग 1.5 अरब डॉलर खर्च करेंगी*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी ने एंटरटेनमेंट जगत का सबसे बड़ा सौदा कर लिया है। इसके सौदे के पूरा हो जाने के बाद रिलायंस भारत की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी। रिलायंस और वॉल्ट डिज्नी के बीच एक नॉन-बाइडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया है। इसके तहत वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा। 49 फीसदी हिस्सा डिज्नी का रहेगा। मौजूदा समय में आरआईएल की जिओ कई एप्स के और वॉयकॉम18 के साथ मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सेक्टर में मौजूद है।

### जियो सिनेमा और डिज्नी हॉटस्टार में चल रही थी टक्कर

इस मर्जर में जियो सिनेमा को भी शामिल किया गया है। इसके पास आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स हैं। इससे पहले यही राइट्स डिज्नी हॉटस्टार के पास थे। आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स जाने के बाद से ही डिज्नी हॉटस्टार के यूजर्स घटने लगे थे।

### मर्जर फरवरी 2024 तक पूरा होगा

एंटरटेनमेंट बिजनेस का यह सबसे बड़ा मर्जर फरवरी 2024 तक पूरा हो सकता है। इस मर्जर में कैश और स्टॉक्स दोनों शामिल हैं। मर्जर से जी नेटवर्क, सोनी टीवी, अमेजन प्राइम और नेटफ्लिक्स को सीधी टक्कर मिलेगी। गौर हो कि जनवरी 2023 से ही डिज्नी अपने भारतीय कारोबार को बेचने या ज्वाइंट वेंचर के लिए किसी भारतीय कंपनी को पार्टनर बनाने की कोशिश में जुटी थी।

---

पूर्व पीएम की जयंती पर वीडी शर्मा ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

## अटल के सपनों और संकल्पों को साकार कर रहे पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि अटल के सपनों और संकल्पों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया और कश्मीर से धारा 370 हटाई।

गांव-गांव सड़कों का जाल बिछाने की शुरुआत अटलजी ने की थी। अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। देश की राजनीति में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सर्वमान्य नेता रहे हैं, जिन्हें पक्ष भी पसंद करता था और विपक्ष भी।



प्रत्येक बूथ पर सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई अटल जयंती

---

समाधि 'सदैव अटल' पर नमन करने पहुंचे दिग्गज

## पीएम मोदी बोले-उनका सेवा भाव अमृतकाल में भी प्रेरणास्त्रोत रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 98वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर देश ने उन्हें नमन किया। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता उनकी समाधि 'सदैव अटल' पर नमन करने पहुंचे।



---

सरकार ने लॉन्च किया 'मेडटेक मित्र' प्लेटफार्म

## शोध को अंतिम रूप देने में युवा प्रतिभाओं को मिलेगी 'मदद'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने किया उद्घाटन

सरकार ने मेडटेक इनोवेटर्स को सशक्त बनाने और आयातित चि कि त सा उपकरणों पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए एक रणनीतिक पहल के तहत सोमवार को मेडटेक मित्र प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने उद्घाटन समारोह में कहा कि मेडटेक मित्र एक ऐसा मंच है जो देश की युवा प्रतिभाओं को उनके शोध को अंतिम रूप देने और नियामक अनुमोदन प्राप्त करने में मदद करेगा।



---

हेलो कक्षा तक भारत : स्पेसक्राफ्ट की यात्रा 6 जनवरी 2024 को समाप्त होने की उम्मीद

इस सम्मिलन की सफलता सूर्य के रहस्यों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव में नई अंतर्दृष्टि का मार्ग भी प्रशस्त करेगी

# अंतरिक्ष के ठंडे शून्य में फैले 15 लाख किमी में आदित्य एल-1 प्रवेश को तैयार

सौर वातावरण, सौर चुंबकीय तूफान और इनके प्रभाव पता चलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्पेसक्राफ्ट आदित्य एल1 अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और उसकी यात्रा 6 जनवरी, 2024 को समाप्त होने की उम्मीद है। एल1 में प्रवेश इस मिशन का एक महत्वपूर्ण चरण है। भारत का आदित्य एल1 स्पेसक्राफ्ट, पृथ्वी और सूर्य के बीच गुरुत्वाकर्षण संतुलन के बिंदु, लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल1) के आसपास हेलो कक्षा में एक जटिल सम्मिलन करने के लिए तैयार है।



1 स्पेसक्राफ्ट विभिन्न घटनाओं जैसे कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) और इंटरप्लेनेटरी चुंबकीय क्षेत्र को मापेगा, जो न केवल भारत के लिए बल्कि वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा।

2 इस सम्मिलन की सफलता न केवल इसरो की क्षमताओं के लिए केंद्रीय होगी बल्कि हमारे सूर्य के रहस्यों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव में नई अंतर्दृष्टि का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

स्पेसक्राफ्ट अपनी यात्रा के अंतिम चरण में है जो अंतरिक्ष के ठंडे शून्य में 15 लाख किमी से अधिक तक फैला हुआ है। स्पेसक्राफ्ट को इसरो ने 2 सितंबर, 2023 को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया था। एल1 में प्रवेश के लिए सटीक नेविगेशन और नियंत्रण की आवश्यकता होती है। एल1 की ओर स्थानांतरण कक्षा में स्थापित होने से पहले आदित्य एल1 को पृथ्वी से जुड़ी चार कक्षीय गतिविधियों की एक श्रृंखला से गुजरना पड़ा।

---

### महिला समेत दो की मौत, 15 घायल, कोहरे के चलते हुआ ये हादसा

**ग्वालियर।** एक टूरिस्ट बस से बागेश्वर धाम में दर्शन करने गई यात्रियों से भरी बस सोमवार को झांसी में एक ट्रक में जा घुसी। हादसे में एक महिला यात्री और बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक और घायल सभी ग्वालियर के रहने वाले हैं। घटना के बाद पूरे ग्वालियर शहर में हड़कंप मचा है और शोक का माहौल है। जानकारी के मुताबिक ग्वालियर से एक दिन पहले सुबह कुछ यात्री बागेश्वर धाम के लिए एक टूरिस्ट बस से निकले थे। उन्हें शाम को ही वापिस लौटकर आना था लेकिन वहां भीड़ ज्यादा होने के कारण दर्शन में काफी देर लग गई और रात हो गई।




### प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक

# 'प्रधानमंत्री मोदी के रूप में देश को मिला एक सशक्त नेतृत्व'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमें गर्व होना चाहिए कि देश को एक सशक्त नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में मिला है। प्रधानमंत्री मोदी सच्चे अर्थों में गरीबों के मसीहा हैं। हमारा देश आज जिस तेजी के साथ हर क्षेत्र में अग्रसर हो रहा है। विकास के स्वर्णिम अध्याय लिखे जा रहे हैं और गरीबों का उत्थान हो रहा है। विदेशों में भी भारत की गूंज हो रही है। यह सब महत्वपूर्ण कार्य युवाओं के बीच में अधिक से अधिक पहुंचे, इसकी तैयारी सभी कार्यकर्ताओं को करनी है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल और मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने बैठक को संबोधित किया।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल ने मंडल सशक्तिकरण अभियान, विकसित भारत संकल्प यात्रा और आगामी युवा सम्मेलन




में युवा मोर्चा की कार्य योजना को विस्तार से बताया। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की योजना हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ता यात्रा में सहभागिता कर लोगों को लाभ पहुंचाने में सहयोग करें। क्रिएटिव यूथ, इनोवेटिव यूथ और क्षमतावान युवाओं से मोर्चा कार्यकर्ता और अधिक संपर्क और समन्वय स्थापित करें।

#### नए साल में युवाओं को जोड़ने के लिए चलेगा अभियान: पंवार

*भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने मोर्चा के आगामी कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि युवा मोर्चा कार्यकर्ता भाजपा सरकार की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को हर नव मतदाता तक पहुंचाने का कार्य करेगा। इसी उद्देश्य से 1 से 4 जनवरी 2024 तक यूथ ऑर्गनाइजेशन आउटरीच अभियान के माध्यम से युवाओं से संपर्क करेंगे। 5 से 7 जनवरी तक नव मतदाता घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से युवाओं से मोर्चा कार्यकर्ता संपर्क करेंगे। 8 से 11 जनवरी तक शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं से संपर्क किया जाएगा। 12 जनवरी को सभी जिलों में युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता-मतदान की महत्वता विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 13-16 जनवरी तक विभिन्न विधाओं के खिलाड़ियों से स्टेडियम, क्लब और जिम में युवाओं से संपर्क करेंगे। वहीं 17-19 जनवरी तक कोचिंग सेंटर के युवाओं से संपर्क करेंगे। 20-21 को पुनः नव मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। 24 जनवरी को प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में 2-2 नवमतदाता सम्मेलन आयोजित होंगे। इस तरह कुल 460 नवमतदाता सम्मेलन युवा मोर्चा संपन्न करेगा।*

#### पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दी बधाई

*प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इस साल मध्यप्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बड़ी भूमिका निभाई है। विधानसभा चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत के लिए युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। कुछ माह बाद ही लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं, आप सभी कार्यकर्ता दोगुनी ताकत के साथ फिर एक बार भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित करेंगे, ऐसा हमें पूरा विश्वास है।*

#### भाजपा विचारों के साथ आगे बढ़ने वाला दल: हितानंद

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने विचारों के साथ आगे बढ़ने वाला दल है। मप्र भाजपा संगठन अपने कार्यों से एक आदर्श संगठन के रूप में जाना जाता है। छोटे-छोटे नवाचारों से भाजपा ने एक ऐतिहासिक विजयश्री प्राप्त की है, जिसके लिए आप सभी कार्यकर्ता भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को हम सभी को मिलकर पूरा करना है। नमो ऐप विकसित भारत एंबेसडर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ें।

---

### खबर संक्षेप

#### प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज बोले- जो चुनाव जीतेगा उसे ही टिकट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा के बाद अब भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई हैं। विधानसभा में हार के बाद अब कांग्रेस पार्टी लोकसभा के लिए जिताऊ उम्मीदवार की तलाश में जुटी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जो चुनाव जीत सकता है, उसे ही टिकट मिलेगी। दीपक बैज ने कहा कि अगर कोई चुनाव जीतने के लायक है, मतदाता और कार्यकर्ताओं को पसंद है, जो चुनाव जीत सकता है उसे ही टिकट दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी इस बार विधानसभा की तरह ही लोकसभा में कई सीटों पर महिला प्रत्याशियों को भी चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी में है। प्रत्याशियों को लेकर बैज ने कहा कि चाहे युवा हो, चाहे महिला हो, कार्यकर्ता हो, प्रत्याशी हो जो जीत सकेगा उसे मौका मिलेगा।

---

### हजारों मजदूरों का 30 वर्षों से ज्यादा समय से लंबित था प्रकरण

# सीएम डॉ. यादव की ठोस प्रशासनिक पहल से हुकुमचंद मिल विवाद का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के 15 दिनों में ही ठोस सकारात्मक पहल करते हुए जिस प्रकार हुकुमचंद मिल इंदौर के मजदूरों को उनका हक दिलाया है वह मप्र के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। हुकुमचंद मिल के विवाद से संबंधित 15 बिंदुओं से मुख्यमंत्री की इस पहल के महत्व को समझा जा सकता है कि कैसे 30 वर्षों से ज्यादा समय से लंबित इस प्रकरण का समाधान हुआ। लगभग 5 हजार मजदूरों को हक़ की राशि मिलेगी।

कपड़ा मिल के लिए सेठ हुकुमचंद को 1923 में 17.52 हे. भूमि लीज पर आवंटित की थी, हुकुमचंद मिल में उच्च गुणवत्ता का कॉटन कपड़ा उत्पादित होता था, जिसका विदेशों में भी निर्यात किया जाता था।

#### खास बातें

- वर्ष 1992 के बाद कई कारणों से मिल बंद हो गई
- वित्तीय संस्थानों एवं मजदूरों ने लगाए थे वाद




#### उच्च न्यायालय ने 2001 में शासकीय परिसमापक नियुक्त किया

*मिल में लगभग 7000 मजदूर एवं कर्मचारी अधिकारी कार्यरत थे। मिल का संचालन वर्ष 1991 तक चलता रहा, परन्तु वर्ष 1992 के बाद विभिन्न कारणों से मिल प्रबंधन को मिल बंद करना पड़ा। मिल प्रबंधन द्वारा मिल लगाने के लिए एवं मिल संचालन के लिए लिया गया ऋण चुकता न होने के कारण एवं मजदूरों को वेतन एवं अन्य देनदारियों का भुगतान न होने के कारण, मिल प्रबंधन के विरूद्ध कई न्यायालयीन वाद वित्तीय संस्थानों एवं मजदूरों ने लगाए। शासन को भी पक्षकार बनाया गया। उच्च न्यायालय ने 2001 में शासकीय परिसमापक नियुक्त किया एवं ऋण वसूली प्राधिकरण (डीआरटी) को नीलामी के आदेश दिए गए एवं देनदारियों का निपटान करने के निर्देश दिए गए।*

#### कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव का किया अनुमोदन

*उच्च न्यायालय इंदौर 2017 एवं 2017 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश 2017 के पालन में उद्योग विभाग मप्र शासन की ओर से 50 करोड़ का भुगतान शासकीय परिसमापक को इस शर्त पर किया गया कि सम्पत्ति के निपटान के समय इस राशि की प्रतिपूर्ति शासन को की जाएगी। शासन उच्च न्यायालय इंदौर के आदेशानुसार वर्ष 2019 में मिल की भूमि का भूमि-उपयोग वाणिज्यिक (60 प्रतिशत) एवं आवासीय (40 प्रतिशत) निर्धारित किया गया। भूमि-उपयोग उपांतरण के बाद भी शासकीय परिसमापक से नीलामी के प्रयास किए गए। कैबिनेट की बैठक 2023 में इस समझौता प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया एवं उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मण्डल से उच्च न्यायालय में समझौता प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को प्रस्ताव स्वीकार किया गया एवं समझौता राशि 435.89 करोड़ दो सप्ताह में भुगतान करने के निर्देश दिए गए।*

#### कई बार नीलामी के प्रयास, सफलता नहीं मिली

भूमि के स्वामित्व को लेकर शासन एवं नगर पालिका निगम इंदौर के मध्य न्यायालयीन विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा। नगर निगम इंदौर ने दावा हटाने का आवेदन दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय नही दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में प्रकरण पुनः उच्च न्यायालय, इंदौर को नए सिरे से सुनवाई कर निर्णय करने के लिए भेजा। उच्च न्यायालय ने आदेश 2018 से भूमि स्वामित्व नगर निगम इंदौर का घोषित किया। शासन ने सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के सामने आवेदन 2016 में लगाया कि भूमि पर परियोजना की अनुमति दी जाती है तो शासन सभी देनदारियों का निपटान करेगा।

---

# महिला और युवाओं के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस

### नए प्रदेश अध्यक्ष पटवारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखने के बाद कांग्रेस ने अब लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को महिला और युवा कांग्रेस की अलग-अलग बैठक ली। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पहले सुबह 11 बजे से शुरू



महिला कांग्रेस की बैठक दो घंटे चली। इसके बाद पटवारी ने दो बजे से युवा कांग्रेस की बैठक ली। बैठक में पटवारी ने महिला और युवा कांग्रेस से न सिर्फ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उनका रोडमेप मांगा, बल्कि पिछले कामों का भी हिसाब लिया। इसके पहले पटवारी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी से भी मुलाकात की। बता दें कि पटवारी लगातार चार दिनों तक कांग्रेस के सभी विभाग, विंग और पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

#### जिला और ब्लॉक स्तर पर योजना की करें मॉनिटरिंग

महिला कांग्रेस की बैठक में पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा कि महिला कांग्रेस भाजपा की महिलाओं से जुड़ी हर एक योजना पर कड़ी नजर रखे। जिला और ब्लॉक स्तर पर योजना की मॉनिटरिंग करें।

#### यूथ कांग्रेस को दी जिम्मेदारी

युवा कांग्रेस की बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यूथ वोटर्स पर फोकस करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले युवा वोटर्स के बीच पकड़ बनानी होगी।

---

# 11 लाख 76 हजार 815 किसानों के खातों में मुख्यमंत्री साय ने ट्रांसफर किए 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को सोमवार को धान के बोनस का भुगतान किया गया। सीएम विष्णु ने बेंद्री में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए के बकाया बोनस राशि का वितरण किया। यह वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 में समर्थन मूल्य पर बेचे गए धान की राशि है। पिछली बार भाजपा सरकार में अपने घोषणा पत्र में धान पर 300 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस देने का वादा किया था, लेकिन 2 साल तक बोनस नहीं दे सकी थी।

इस बार भाजपा ने सरकार बनने से पहले मोदी की गारंटी बोलकर बोनस देने का वादा किया था और उसे अब पूरा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मना रही है। वहीं किसानों को दो साल का बोनस देकर मोदी की गारंटी को पूरा किया है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा के अलावा वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



#### किसान हुए खुश

सीएम साय बोले मुझे बहुत खुशी हो रही है यह बताने में कि आज हमने छत्तीसगढ़ के 12 लाख से ज्यादा किसानों को 37 सौ 16 करोड़ रुपए हमने ट्रांसफर कर दिया है। किसान आज काफी खुश हैं। राज्य के किसानों का विश्वास छत्तीसगढ़ की सरकार और मोदी जी पर बढ़ा है। हमने सरकार बनते ही गरीबों को 18 लाख आवास देने का निर्णय लिया। जो अपना घर नहीं बना पाए उनके लिए आवास स्वीकृत किया गया। मोदी जी की गारंटी हम पूरी तरह से निभाएंगे।

#### आज का दिन ऐतिहासिक है...

मुख्यमंत्री ने कहा आज बेन्द्री गांव की पावन भूमि में 2 साल के धान बोनस वितरण समारोह में आए आप सभी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं। आज का ये दिन बड़ा ऐतिहासिक दिन है। 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस सुशासन दिवस की आप सभी को बधाई। छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही 2 साल का बकाया बोनस हम किसानों को देंगे।

---

# छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण कांग्रेस सरकार की देन: अरुण साव

**धमतरी।** प्रदेश के नवनियुक्त उप-मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि अधिकारियों की अब मनमानी नहीं चलेगी। बैठक लेकर अधिकारियों को समझाइश दी गई है। इसके बाद भी नहीं सुधरेंगे, तो परिवर्तन बहुत जल्द दिखेगा। रविवार को साहू समाज के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहर पहुंचे उप-मुख्यमंत्री अरूण साव का नगर घड़ी चौक में भाजपाइयों ने स्वागत किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण कांग्रेस सरकार की देन है। हमारी सरकार अब इसे रोकने के लिए कड़े कदम उठाएगी। एक सवाल के जवाब में साव ने कहा कि प्रदेश में अधिकारियों की मनमानी अब नहीं चलेगी। बहुत जल्द ही प्रशासनिक तंत्र में परिवर्तन भी दिखेगा। सरकार ने बैठक लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि वे अपना रवैया सुधार लें। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ बनाया और राज्य की जनता ने भाजपा को पुनः सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया है। अब हम सब मिलकर इसे संवारेंगे। छत्तीसगढ़ को भारत का सबसे विकसित राज्य बनाएंगे।



---

### कुपोषण से मुक्ति दिलाने पोषण चौपाल से कर रहे जागरूक

# 94 ग्राम पंचायत में किया सर्वे, पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रशासनिक अमला राज्य के विशेष पिछड़ी जनजातियों को पोषण चौपाल के माध्यम से जागरूक करने में जुटा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला पारा और घर द्वार तक पहुंच कर विभिन्न प्रकार की समस्याओं का निराकरण बता रहे हैं।

प्रशासन की तरफ से ठंड को देखते हुए पीवीजीटी समूह के सदस्यों को स्वेटर, कंबल सहित खाद्यान्न सामग्री का भी वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के



पीवीजीटी समूहों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अधिकारियों ने पोषण चौपाल लगाकर पौष्टिक आहार के संबंध में जागरूक किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिनके अंतर्गत विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र के 94 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्रामों में बसाहट, टोलापारा, मोहल्ला में सर्वे किया गया है।

---

### विभागों के बंटवारे की प्रतीक्षा में आला अधिकारी और जनता

# मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद अब विभागों के बंटवारे का इंतजार, तीन दिन में सौंपे जा सकते हैं दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विष्णुदेव सरकार में मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद अब मंत्रियों के विभागों के बंटवारे का इंतजार किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि तीन से चार दिनों के भीतर मंत्रियों को विभाग सौंपे जा सकते हैं। आला अधिकारियों के साथ नेताओं के समर्थक व आम जनता भी मंत्रियों के विभागीय बंटवारे की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

राज्य सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए हाल ही में मिशन-100 लॉन्च किया है। ऐसे में विभागों का बंटवारा अब महत्वपूर्ण हो चुका है। दो दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा ने मुलाकात की थी। राजनीतिक दृष्टि से यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक इस मुलाकात में राजनीतिक चर्चा किए जाने की बात सामने आ रही है। जिसमें विभागों का बंटवारा भी शामिल हो सकता है।



#### अपराध पर नियंत्रण के लिए गृहमंत्री पर नजर

प्रदेश में अपराध पर लगाम लगाने के लिए तेज-तर्रार मंत्री को गृह विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। संभावना जताई जा रही है कि राज्य के गृह मंत्री का पद दो उप मुख्यमंत्रियों में से किसी एक को दिया जा सकता है। आगामी पांच साल के कार्यकाल में अपराध पर लगाम लगाना भाजपा सरकार के लिए बड़ी चुनौती होने वाली है। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रुख स्पष्ट कर दिया है कि कानून व्यवस्था पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### कौनसा विभाग रखेंगे सीएम साय

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि मुख्यमंत्री साय सामान्य प्रशासन विभाग, खनिज और वित्त विभाग अपने पास रख सकते हैं। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ में बीते 20 वर्षों से अलग-अलग मुख्यमंत्री सामान्य प्रशासन व वित्त विभाग अपने पास ही रखते रहे हैं। वहीं दो उप मुख्यमंत्रियों को ऐसे विभाग बांटे जा सकते हैं जिनका सरोकार सर्वाधिक जनहित से हो व अधोसंरचना से जुड़े हुए हों।

#### सोशल मीडिया में कई सूची हो रही वायरल

सोशल मीडिया में विभागों के बंटवारे को लेकर कई सूची प्रसारित हो रही है। मंत्रियों के नाम के आगे विभागों का भी नाम लिखा हुआ है। हालांकि राज्य सरकार ने अब तक आधिकारिक सूची जारी नहीं की है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा नेता ओपी चौधरी को उच्च शिक्षा, बृजमोहन अग्रवाल को लोक निर्माण, राजस्व विभाग, राम विचार नेताम को आबकारी सहित पंचायत विभाग, दयालदास बघेल को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। इसी प्रकार लखनलाल देवांगन को नगरीय प्रशासन विभाग देने जाने की चर्चा हैं। लक्ष्मी राजवाड़े महिला एवं बाल विकास मंत्री बनाईं जा सकती है।

---

# ग्वालियर समेत कई रेंज के डीआईजी-आईजी बदले जाएंगे, 10 से अधिक एसपी के भी होंगे तबादले

### पुलिस मुख्यालय की कई शाखाओं के मुखिया के भी कामकाज में होगा बदलाव

> *पुलिस मुख्यालय से लेकर गृह विभाग तबादलों और पदोन्नति को लेकर जुट गया है पुलिस के लगभग दो दर्जन आईपीएस अफसरों के नए साल में प्रमोशन होना है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इस साल के अंत में आईपीएस अफसरों के बड़े पैमाने पर तबादले की कवायद शुरू हो गई हैं। चार रेंज के डीआईजी-आईजी के साथ ही पुलिस मुख्यालय की कई शाखाओं के मुखिया के भी कामकाज में बदलाव होने जा रहा है। जिलों से भी एक दर्जन के लगभग पुलिस अधीक्षकों की बदली होने वाली है। डीआईजी रेंज में भी नए साल की शुरूआत में ही फेरबदल होने वाला है।

पुलिस मुख्यालय से लेकर गृह विभाग तबादलों और पदोन्नति को लेकर अपने काम को अंतिम रूप देने में जुट गया है। पुलिस के लगभग दो दर्जन आईपीएस अफसरों के नए साल में प्रमोशन होना है। इनमें से तीन अफसर अभी जिलों में पदस्थ हैं। अमित सांघी छतरपुर में पुलिस अधीक्षक हैं, वहीं वीरेंद्र सिंह खंडवा और मनीष अग्रवाल इंदौर में डीसीपी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं 2010 बैच के मोहम्मद युसूफ कुरैशी सिंगरौली में पुलिस अधीक्षक हैं और निमिष अग्रवाल, राजेश कुमार सिंह इंदौर में डीसीपी हैं। इन 6 अफसरों की एक जनवरी को डीआईजी के पद पदोन्नति होना है, ऐसे में अब अफसरों को पदोन्नति के बाद नई पोस्टिंग दी जाएगी। प्रदेश की सात रेंज में पदस्थ अफसर एक जनवरी को आईजी के पद पर पदोन्नत होने जा रहे हैं। इनमें से कितनों को रेंज में आईजी बनाया जाएगा और कितनों को पुलिस मुख्यालय भेजा जाएगा, यह अभी तय नहीं हैं।

#### इन अधिकारियों को मिलेगा आईजी का पद

चंद्रशेखर सोलंकी खरगौन, अनिल कुशवाह उज्जैन, आरआरएस परिहार जबलपुर, राजेश कुमार हिंगणकर इंदौर ग्रामीण, मनीष कपूरिया एडिश्नल कमिश्नर ऑफ पुलिस इंदौर, मिथलेष शुक्ला डीआईजी रीवा, अनुराग शर्मा एडिश्नल कमिश्नर ऑफ पुलिस भोपाल, ये सभी अफसर आईजी होने जा रहे हैं।

#### ग्वालियर में नए आईजी की तलाश

ग्वालियर रेंज के एडीजी श्रीनिवास वर्मा प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई जा रहे हैं। उनके प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद यहां पर नए एडीजी या आईजी को पदस्थ किया जाएगा। यहां पर राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अफसर की पोस्टिंग होगी। वहीं पुलिस मुख्यालय में पदस्थ स्पेशल डीजी, एडीजी की शाखाओं में बदलाव हो सकता है।

#### एसीएस स्वास्थ्य सुलेमान बने तबादला बोर्ड के सदस्य

राज्य शासन ने एसीएस स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान को तबादला बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है। सुलेमान को बोर्ड का सदस्य तबादला बोर्ड में पद रिक्त होने के चलते बनाया गया है। मुख्य सचिव तबादला बोर्ड के अध्यक्ष होते हैं। पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के 30 नवम्बर को रिटायर होने के बाद प्रभारी मुख्य सचिव वीरा राणा अब इसकी अध्यक्ष हो गई हैं। बैंस के अध्यक्ष रहने के दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रहीं वीरा राणा तबादला बोर्ड की सदस्य थीं, लेकिन अब उनके अध्यक्ष बन जाने के बाद सदस्य का पद रिक्त था। इसलिए राज्य शासन ने एसीएस मोहम्मद सुलेमान को तबादला बोर्ड का सदस्य बनाया है। इस समिति के अध्यक्ष सदस्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव होते हैं। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को इस नियम के बनने के बाद राज्य सरकार की ओर से हर साल प्रदेश में किए गए आईएएस अफसरों के तबादलों की जानकारी भेजना होती है। तबादला बोर्ड अफसरों के तबादले को लेकर शासन द्वारा तय मापदंडों के आधार पर तबादले की सिफारिश करता ह। इसके अलावा सुलेमान आईएएस के मामलों में पक्ष भी डीओपीटी में रखेंगे।



महाकौशल को संवारने प्रदेश सरकार में मिला प्रतिनिधित्व

# जबलपुर की जिम्मेदारी राकेश और प्रहलाद के कंधों पर



जबलपुर।

संभावना के अनुरूप जबलपुर के खाते में एक स्ट्रांग पोर्टफोलियो के साथ मंत्री पद आना तय हो गया है। सोमवार को पश्चिम विधायक राकेश सिंह ने मंत्रीपद की शपथ ली। वहीं अप्रत्यक्ष रूप से प्रहलाद सिंह पटेल भी जबलपुर के मंत्री गिने जा रहे हैं। उन्होंने भी मंत्री पद की शपथ ली। दोनों को राज्यपाल ने केबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई है। कद, अनुभव और क्षमता के हिसाब से दोनों को महत्वपूर्ण विभाग मिलना तय मना जा रहा है। करीब 4 साल के सूखे के बाद जबलपुर के खाते में मंत्री पद आया है। उम्मीद की जा रही है कि सोमवार का दिन जबलपुर की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। हालांकि दूसरी तरफ यह चर्चा भी सरगर्म है कि हर लिहाज से जबलपुर से बहुत छोटा नरसिंहपुर जिला जबलपुर से फिर काफी आगे खड़ा नजर आया। नरसिंहपुर के खाते में दो केबिनेट मंत्री गये। नरसिंहपुर से गाडरवारा के विधायक राव उदय प्रताप सिंह और नरसिंहपुर के प्रहलाद पटेल दोनों ने केबिनेट मंत्री की शपथ रविवार को ली। वहीं जबलपुर से मंत्री पद की रेस में रहे पाटन विधायक का नाम अंतिम समय में लिस्ट से बाहर चला गया।

### 19 साल सांसद के बाद अब राकेश बने मंत्री

राकेश सिंह चार बार के सांसद, लोकसभा में मुख्य सचेतक रहे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके है। पश्चिम विधानसभा से दो बार के विधायक और पूर्व वित्त मंत्री को भारी मतों से हराया है। 2023 में उन्हें दिल्ली से जबलपुर विशेष रूप से भेजा गया था, जबलपुर की आठों सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसमें कि 7 सीट भाजपा ने भारती बहुमत से जीती। सिंह के सफर की बात करें तो 61 वर्षीय राकेश सिंह 2004 से लोकसभा में जबलपुर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कांग्रेस भाजपा दोनों के लिये प्रतिष्ठा का विषय रही पश्चिम की सीट को राकेश सिंह ने 30 हजार से अधिक मतों से जीत कर भाजपा की झोली में डाल दिया।

### जबलपुर के बेटे हैं प्रहलाद

वहीं प्रहलाद पटेल का पहला घर जबलपुर कहा जाता है। शिक्षा से लेकर संघर्ष तक के दिन उन्होंने जबलपुर में काटे हैं। वाजपेयी सरकार में पूर्व कोयला मंत्री, प्रहलाद सिंह पहली बार 1989 में 9 वीं लोकसभा के लिए चुने गए और फिर 1996 में 11 वीं लोकसभा (दूसरा कार्यकाल) , 1999 में 13 वीं लोकसभा (तीसरा कार्यकाल), 16 वीं लोकसभा 2014 में (चौथा कार्यकाल) के लिए चुने गए। वे वर्तमान में मध्य प्रदेश में दमोह लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय संसद के सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। प्रह्लाद सिंह पटेल का जन्म 28 जून 1960 को गोटेगांव में हुआ था। प्रहलाद ने पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ा, शानदार मतों से जीता और अब प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री बने हैं।



## भाजपा ने आतिशबाजी कर किया मिष्ठान वितरण

जबलपुर के विकास को नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाले पूर्व सांसद एवं पश्चिम विधानसभा के विधायक राकेश सिंह को मप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने से निश्चित रूप से जबलपुर एवं सम्पूर्ण महाकौशल क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा, यह बात भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने मप्र सरकार में जबलपुर को प्रतिनिधत्व देने पर मिष्ठान वितरण के अवसर पर मालवीय चौक में कही। श्री साहू ने कहा मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हमे पूरा विश्वास है कि उनकी कैबिनेट के सभी मंत्रीगण कदम से कदम मिलाकर उनका साथ देते हुए प्रदेश की जनता के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर राममूर्ति मिश्रा, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राज्य शिक्षा केन्द्र ने आबंटित किया बजट

## 150 करोड़ की टेबल-कुर्सियां सप्लाय होंगी सरकारी स्कूलों को

जबलपुर। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आगामी शिक्षण सत्र से बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के लिए टेबल-कुर्सी उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा विभाग लगभग 150 करोड़ रुपए की राशि टेबल-कुर्सियों की खरीदी पर खर्च करेगा। इसके लिए राज्य शिक्षा केन्द्र ने बजट आबंटित किया है। इंदौर सहित प्रदेश के लगभग 3 हजार स्कूलों को ये सौगात मिलेगी। अभी अधिकांश सरकारी स्कूलों में दरी बिछाकर पढ़ाई के लिए बच्चे मजबूर रहते हैं। वहीं कुछ निजी संस्थाओं और एनजीओ ने अवश्य कुछ स्कूलों को गोद लेकर ये सुविधाएं उपलब्ध कराई है।नई दिल्ली की तर्ज पर सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों की तरह बेहतर बनाने के प्रयास होते रहे हैं और करोड़ों रुपए के सीएम राइज स्कूल बनाने की शुरुआत भी की गई। साथ ही स्मार्ट क्लास भी तैयार की गई, जहां निजी संस्थाओं और एनजीओ ने दान राशि दी है। पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए भी खिलौने इक_I करने का अभियान चलाया था। अब राज्य शिक्षा केन्द्र 3 हजार माध्यमिक विद्यालयों को 150 करोड़ रुपए की कुर्सी-टेबल मुहैया कराएगा, ताकि बच्चों को टाट-पट्टी पर ना बैठना पड़े। आगामी जो नया शिक्षा सत्र शुरू होगा उसमें इन स्कूलों को टेबल-कुर्सियां उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनके गृह जिले में भी 145 माध्यमिक स्कूलों को ये सौगात दी जा रही है। वहीं भोपाल सहित प्रदेशभर के स्कूलों में भी ये टेबल-कुर्सी पहुंचाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि सरकारी स्कूलों में पढुने वाले बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म से लेकर मध्यान्ह भोजन भी उपलब्ध कराया जाता है, ताकि अधिक से अधिक उपस्थिति हो सके। सीएम राइज स्कूलों को अत्याधुनिक सुविधा-सम्पन्न बनाया जा रहा है और ऐसे हर स्कूल पर 60-70 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। इंदौर के ही तीन सीएम राइज स्कूल बनवाने की जिम्मेदारी बतौर एजेंसी इंदौर विकास प्राधिकरण को भी सौंपी गई है। वैसे तो अधिकांश सरकारी स्कूलों की हालत खस्ता है। मूलभूत साधन-सुविधाएं नहीं है, जिसके चलते निजी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने पर अधिकांश पालक मजबूर हैं। साथ ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत भी हर साल निजी स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिलवाया जाता है। उसका लाभ भी गरीब तबके के बच्चों को मिलता है।

# तबादले के 3 महीने बाद भी नहीं छोड़ा बंगला!

### बड़े साहब का बंगला प्रेम चर्चाओं में

**जबलपुर**। बंगले का प्रेम सिर्फ मंत्रियों को नहीं होता अधिकारी भी बंगले के मोह फांस में फंसे रहते हैं। जबलपुर में एक आला पुलिस अधिकारी चुनाव के दौरान अपना तबादला हो जाने के तीन माह बाद भी अभी भी बंगले में डटे हुए है। नए साहब को होमगार्ड पुलिस मेस में रहना पड़ रहा है। पूरे पुलिस महकमे में उसको लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अभी भी उनके कुछ खासम खास सिपाही बंगले में हाजिरी देने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि साहब का प्रमोशन होने वाला है और साहब प्रमोशन के बाद भी अपनी नई पदस्थापना वालें स्थान पर ज्वाइन करने गए और ज्वाइनिंग देकर आ गए। उसके बाद पीएचक्यू से उनकी पदस्थापना सीआईडी भोपाल में हो गई। इस बीच उनकी अन्य राज्य में चुनाव डय़ूटी लगी थी लेकिन वे मेडीकल सिक पर जबलपुर में बने रहें, लेकिन अमूमन ऐसा कम होता है। तबादला या प्रमोशन होने पर अधिकतर अधिकारी 24 घंटे के अंदर नई पदस्थापना वालें स्थान पर चले जाते है और उसके बाद भी एक हफ्ते दस के दिन अंदर सामान शिफ्ट कर लेते है। बताया गया है कि जिन साहब को चुनाव के दौरान चुनाव निर्वाचन आयोग के द्वारा उन्हें हटाया गया था उन्हें जबलपुर जिले की ग्रामीण विधानसभा की एक वरिष्ठ विधायक और जहां से साहब आए थे वहां के क्षेत्र के एक पूर्व मंत्री का वरदहस्त प्राप्त था। इन परिस्थितियों में साहब को उम्मीद है कि प्रमोशन के बाद उन्हें जबलपुर में ही पदस्थापना मिल जाएगी। इसी आस में वे फिलहाल जबलपुर नहीं छोड़ रहे। नए साल के पहले ही दिन प्रमोशन लिस्ट जारी होने की संभावना है। साहब को उम्मीद है कि उन्हें जबलपुर रेंज की कमान मिल सकती है। इसी उम्मीद में वे जबलपुर में अपने पूर्व बंगले में डटे हुए है। उन्हें अपने एक उच्चअधिकारी का भी वरदहस्त मिला हुआ है। इसलिए मामला तूल नहीं पकड़ पा रहा। यहां उनके चाहने वालों की संख्या भी ज्यादा हैं, अभी भी कुछ थाना प्रभारी नियमित रुप से उनके दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। उन्हें भी यह उम्मीद है कि साहब कहीं नही जाने वालें यही बनें रहेंगे। फिलहाल साहब के इस बंगले प्रेम को लेकर महकमे में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

## किसानों को हुआ 203 करोड़ का भुगतान

जबलपुर।

**खरीफ उपार्जन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत जबलपुर जिले में अभी तक समर्थन मूल्य किसानों से 14 लाख 32 हजार 711 क्विंटल धान खरीदी गई है और 203 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है। एनआईसी के प्रभारी अधिकारी आशीष शुक्ला के मुताबिक जिले में वर्तमान में किसानों से धान का उपार्जन करने 85 खरीदी केंद्र स्थापित हैं।**

# समर्थन मूल्य पर 14 लाख 32 हजार क्विंटल धान का उपार्जन



इनमें से 83 केंद्रों के 26 हजार 379 स्लाट बुक हुए हैं और 78 केंद्रों पर 11 हजार 954 किसानों ने 14 लाख 32 हजार 711 क्विंटल धान का परिदान किया है।

शुक्ला ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में जहाँ किसानों से उपार्जित धान के परिवहन में गति आई है वहीं किसानों को भुगतान भी तेजी से किया जा रहा है। अभी तक खरीदी गई धान में से लगभग 82 प्रतिशत अर्थात 11 लाख 43 हजार 467 क्विंटल धान का परिवहन किया जा चुका है। इसी प्रकार कुल उपार्जित धान में से 62 प्रतिशत का भुगतान करीब 203 करोड़ रुपये किसानों के बैंक खाते में कर दिया गया है।

एनआईसी के प्रभारी अधिकारी ने किसानों से स्लॉट बुक कराकर ही अपना धान खरीदी केंद्रों पर ले जाने का अनुरोध किया है, ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# पटाखों के इस्तेमाल से वायु गुणवत्ता खराब

### याचिकाकर्ता को 3 हफ्ते के भीतर आपत्ति प्रस्तुत करने आदेश

जबलपुर।

धड़ल्ले से हानिकारक पटाखे फोड़ने से वायु गुणवत्ता खराब हुई, शासन की केवल कागजी कार्रवाई है। 22 दिसंबर को हुई सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत इस दलील पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल के जस्टिस शिवकुमार सिंह तथा एक्सपर्ट मेंबर डॉ.अफरोज अहमद ने निर्देश दिए कि "प्रतिबंधित पटाखों से हो रहे वायुप्रदूषण पर नियंत्रण हेतु कार्रवाई की गई, ऐसा रिपोर्ट शासन ने प्रस्तुत किया है, अब याचिकाकर्ता 3 सप्ताल के भीतर आपत्ति प्रस्तुत करें।"



उल्लेखनीय है कि डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने अवमानना याचिका दायर कर बताया है कि प्रतिबंधित पटाखों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं हुआ है।

अतः एनजीटी ने 8 नवंबर को इस पर सुनवाई कर राज्य शासन तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए थे कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कर त्यौहारों में पटाखों के उपयोग संबंधी जारी किए गए गाईड लाईन का भी पालन हो। एनजीटी ने 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए थे।

याचिकाकर्ताओं से दलील देते हुए एड.प्रभात यादव ने बताया कि एनजीटी ने जबलपुर, भोपाल, इंदौर तथा ग्वालियर के वायु गुणवत्ता की मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए थे। एनजीटी ने अगली सुनवाई 31 जनवरी 2024 को तय की है।

## वेटिंग खराब कर रही नए साल के प्लान

### अब सिर्फ तत्काल का सहारा

**जबलपुर**। नववर्ष की छुट्टियों के प्लान इस बार फिर से ट्रेनों की वेटिंग खराब कर रही है। लोगों को छुट्टियों में में घूमने जाने के लिए ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है। वैष्णो देवी, शिरडी, तिरुपति जैसे धार्मिक स्थलों के अलावा मुंबई, गोवा, शिमला, कुल्लू-मनाली जैसे पर्यटन स्थलों के नजदीकी स्टेशनों तक जाने के लिए भी टिकट उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में यात्रियों के लिए अब कन्फर्म बर्थ प्राप्त करने के लिए अब तत्काल कोटे की टिकटों का ही सहारा है। जनवरी के पहले सप्ताह के बाद से फिर से ट्रेनों में कन्फर्म बर्थ मिल रही हैं। रेलवे ने ट्रेनों में 120 दिन पहले आरक्षण उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर रखी है। इस कारण 120 दिन पहले से ही यात्री आरक्षण कराना शुरू कर देते हैं। 24 दिसंबर से दस जनवरी के बीच धार्मिक व पर्यटक स्थलों की तरफ जाने वाली ट्रेनों में 60 दिन पहले ही बर्थ फुल हो गई थीं।

मदनमहल थाना क्षेत्र में 2 मिनिट में लूटे मोबाइल

## थाना सीमा विवाद में उलझा व्यापारी, 5 लाख ले उड़े चोर

**जबलपुर**। शहर में एक बार फिर चोर लुटेरे सक्रिय हो गए है। मदनमहल थाना क्षेत्र में दो मिनिट के अंदर मोबाइल लूटने की दो घटनाएं सामने आई है। खास बात यह है कि इस लूट मार गैंग में एक लड़का और एक लड़की शामिल है। घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरे फरार हो गए। इसी तरह 4 लाख 98 हजार की लूट और पुलिस के मुताबिक चोरी गोराबाजार थाना क्षेत्र के एम्पायर चौराहे में हुई। थानासीमा विवाद के चक्कर में व्यापारी 4 घंटे उलझा रहा। देर रात गोराबाजार थाने में एफआईआर दर्ज हुई। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्नेह नगर निवासी नेहा गुप्ता प्रायवेट जॉब करती है रविवार की रात वह अपने ऑफिस से घर जा रही थी तभी रास्ते में फोन आया और वह बात करने लगी। इसी बीच एक दुपहिया वाहन में दो लोग आए वाहन को युवक चला रहा था पीछे लड़की बैठी थी। तभी पास में आकर लड़की ने उसका मोबाइल छीना और भाग गए। छीना झपटी में युवती नेहा गुप्ता की नाक के सोने की पिन भी गिर गई। बताया गया है कि इसके ठीक दो मिनिट पहले इसी गैंग ने एक अन्य वारदात को अंजाम दिया जिनमें बाईक सवार दो युवकों के मोबाइल छीने गए, युवक रिपोर्ट लिखवा रहे थे और कुछ देर बाद नेहा भी रिपोर्ट लिखवाने पहुंच गई।

### व्यापारी के 4 लाख 98 हजार उड़ाए

इसी तरह एम्पायर चौराहे पर आलू प्याज के थोक विक्रेता मंडला से वसूली करके लौटा उसके एक्सिस वाहन में रुपयों से भरा बैग उठाकर एक युवक भागा। चौराहे में एक फल लगाने वालें ने देखा और उसे आवाज लगाई, तब तक युवक सर्पिट नंबर 1 हाउस के पास भागा जहां उसका पहले से एक साथी बाईक लेकर खड़ा जिसमें वह बैठा और फरार हो गया। व्यापारी सिविल लाईन थाने में रिपोर्ट कराने पहुंचा लेकिन घटना स्थल गोराबाजार था तो उसे गोराबाजार भेज दिया गया। व्यापारी गोराबाजार पहुंचा तब जाकर देर रात उसकी रिपोर्ट दर्ज हुई। इस बीच आरोपी आसानी से फरार हो गया। बाद में पुलिस नाकेबंदी करती रही, कोई सुराग नहीं मिला। घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 61 वर्षीय आलू प्याज विक्रता रमेश गुप्ता रविवार को अपने कारोबार की वसूली करने मंडला गये थे। उन्हांने अपना वाहन एम्पायर टॉकिज के पास खड़ा कर दिया। मंडला से वसूली कर शाम 5 बजे एम्पायर चौराहे पर बस से उतरे। इसी बीच उन्होंने रुपयों से भरा थैला गाड़ी में रखा और चश्मा लगाकर गाड़ी की चाबी में जेब में हाथ डालने लगे तभी एक युवक आया और रुपयों से भरा थैला उठाकर दौड लगा दिया बताया गया कि तब भी व्यापारी का ध्यान नहीं गया। एम्पायर चौराहे में एक फल का ठेला लगाने वालें ने देखा और उसे आवाज लगाया। आरोपी एम्पायर टाकिज के पास से भागा जहां से उसका एक साथी उसे बाईक में बैठाकर ले भागा। थाना सीमा विवाद के चक्कर में उलझा रहा। अंत में गोराबाजार पुलिस ने धारा 379 के तहत चोरी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया।

## भगवती स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का 7वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**जबलपुर**। शिक्षा के क्षेत्र में अल्प समय में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले भगवती स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गंगानगर जबलपुर का 7वां वार्षिकोत्व शहीद स्मारक जबलपुर में विभिन्न सांस्कृतिक -साहित्यिक एवम कलात्मक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। इन प्रस्तुतियों में भगवती स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्ले नर्सरी से लेकर 8 वीं तक के विद्यार्थियों ने मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किये। हनुमान चालीसा का पाठ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। स्कूल में वर्ष भर चलने वाली पाठ्य सहगामी क्रियायों, शिक्षा, खेल, कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव में मुख्य आतिथ्य जगत गुरु राघव देवाचार्य जी का प्राप्त हुआ। महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू,पाटन विधायक अजय विश्नोई, उत्तर मध्य विधायक अभिलाष पांडेय, पूर्व महापौर और भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू जी का आतिथ्य भी आयोजन में प्राप्त हुआ। बड़ी संख्या में पालकों ने उपस्थित होकर अपने और अन्य पालकों के बच्चों का उत्साह वर्धन किया। आयोजन में अन्य अतिथियों में माधव सिंह ठाकुर, श्रीमती भगवती ठाकुर, राजकिशोर श्रीवास्तव, मिहरबान सिंह ठाकुरअनिल झरिया, मनीष दुबे तथा स्कूल के डायरेक्टर शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, रजनी ठाकुर के अलावा स्कूल की प्रिंसिपल मंजू तिवारी,स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सफल कार्यक्रम का संचालन स्कूल की शिक्षिका नीलम चौधरी और शिवांगी नामदेव ने किया।

## लोस चुनाव के चलते एक माह पूर्व पांच फरवरी से होगी बोर्ड परीक्षा

**स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश**

# 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की नहीं होगी प्री-बोर्ड परीक्षा

### प्रैक्टिस पेपर से कराई जाएगी तैयारी

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश बोर्ड के सरकारी और निजी स्कूलों में इस बार 10वीं व 12वीं में प्री-बोर्ड परीक्षा नहीं होगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। अब इनके स्थान पर प्रैक्टिस पेपर आयोजित किए जाएंगे, जो आठ से 13 जनवरी के बीच होंगे।

इसके पेपर डीपीआई द्वारा ही उपलब्ध कराए जाएंगे। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा लोकसभा चुनाव के चलते निर्धारित समय से एक महीने पहले पांच फरवरी से आयोजित की जा रही है। इस कारण हर साल जनवरी में आयोजित की जाने वाली प्री-बोर्ड परीक्षा नहीं ली जाएगी।

माशिमं द्वारा समय-सारिणी सत्र के प्रारंभ में जारी करने के बाद भी डीपीआइ योजना नहीं बना सका। दिसंबर में अनुगूंज व बालरंग के कार्यक्रम होने से भी विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। इस माह में ही छमाही परीक्षा समाप्त हुई है। अब बोर्ड परीक्षा में करीब एक माह का समय शेष है। ऐसे में स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बार प्री-बोर्ड परीक्षा नहीं कराने का निर्णय लिया है।

#### विद्यार्थी घर पर भी प्रैक्टिस पेपर ले जा सकेंगे

डीपीआइ जिलों में आनलाइन प्रैक्टिस पेपर भेजेगा। स्कूल स्तर पर प्राचार्य इसकी फोटो कापी कराकर आठ से 13 जनवरी के बीच विद्यार्थियों की तैयारी करवाएंगे। 15 जनवरी से वार्षिक परीक्षा शुरू होने तक शिक्षक विद्यार्थियों की सभी प्रकार की शंकाओं को दूर करने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थी प्रैक्टिस पेपर को घर ले जाकर भी हल कर सकते हैं।

### 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में 20 लाख विद्यार्थियों के लिए बनेंगे 3 हजार परीक्षा केंद्र

**आगामी 2 से 3 दिन में जारी होंगे निर्देश**

**जबलपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य शिक्षा केंद्र समय पर परीक्षा कराने के लिए लगातार मशक्कत कर रहे थे। प्रदेश में 10वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षा तो 5 फरवरी से शुरू हो जाएगी, जिसमें तकरीबन 20 लाख छात्र शामिल होंगे। इनके लिए 3 हजार परीक्षा केंद्र बनाने का प्रस्ताव भोपाल भेजा जा चुका है। आगामी दो से तीन दिनों में परीक्षा केंद्रों पर स्वीकृति के निर्देश जारी हो जाएंगे। बोर्ड परीक्षा में नकल को रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल प्रतिबंध किए हैं, वहीं संवेदनशील केंद्र्रों पर जैमर लगाने की तैयारी भी चल रही है। विधानसभा चुनाव के बाद अब लोकसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए हाई सेकंडरी, हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षाएं 25 दिन पहले आयोजित की जा रही हैं। इस कारण इस बार प्री बोर्ड की परीक्षा के लिए समय नहीं मिल पाया, जिस कारण बच्चों की तैयारी पर भी असर हो सकता है। हालांकि शिक्षा विभाग की ओर से मॉडल प्रश्न पत्र वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अब यह फार्मूला कितना कारगर साबित होता है, यह तो बच्चों का परिणाम ही बताएगा।

**सरकारी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक**

### स्कूलों में नवाचार... अब क्रिसमस के बाद छुट्टियां खत्म

**जबलपुर।** सरकारी स्कूलों में साल के आखिर में क्रिसमस के बाद अवकाश दिया जाता रहा है, लेकिन इस बार शिक्षा विभाग की ओर से नई व्यवस्था शीतकालीन अवकाश को लेकर की गई है, जिसमें क्रिसमस के बाद होने वाले अवकाश को आगे बढ़ा दिया गया है। अब क्रिसमस के बाद 30 दिसंबर तक स्कूल लगेंगे और 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। स्कूलों में क्रिसमस उत्सव को लेकर इस बार उत्साह कमजोर नजर आ रहा है। बच्चों को सांता भी नहीं बनाया जा रहा है। खासकर निजी स्कूलों में विद्यार्थियों को लेकर इस प्रकार के कल्चरल प्रोग्राम आयोजित नहीं हुए हैं, जिसके पीछे स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश को जोडक़र देखा जा रहा है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में क्रिसमस, यानि 25 दिसंबर के बाद लगने वाले शीतकालीन अवकाश को पहली बार आगे बढ़ा दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के उपसचिव प्रेमेंद्र सिंह के निर्देश अनुसार सरकारी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसलिए स्कूलों में भी क्रिसमस को लेकर कुछ खास तैयारी और बच्चों की कल्चरल एक्टिविटी अभी नहीं कराई गई, वहीं शहर के नामी निजी स्कूलों में भी अभिभावकों से प्रबंधन में इस बारे में स्पष्ट कह दिया था कि इस बार क्रिसमस उत्सव नहीं मनाया जाएगा। स्कूलों में क्रिसमस का अवकाश सिर्फ एक दिन का रहेगा।



## हिन्दू सेवा परिषद् ने अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा निकाली

**जबलपुर।** पौष, शुक्ल द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार, 22 जनवरी 2024 को, आज से ठीक कर सप्ताह पश्चात श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा की जावेगी। इस महान ऐतिहासिक दिन को बड़े ही उत्साह के साथ महाउत्सव के रूप में मनाने हेतु अयोध्या से जो अक्षत कलश संस्कारधानी आए हुए हैं उसी अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा आज हिन्दू सेवा परिषद् के द्वारा इनकम टैक्स चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर से रसल चौक होते हुए नौदरा ब्रिज स्थित श्री हनुमान मंदिर तक निकाली गई। हिन्दू सेवा परिषद् के द्वारा निकाली गई इस अक्षत कलश यात्रा में लोगों ने भाग लेकर सनातन धर्म के लोगों को अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण दिया। ऐसा माना जाता है कि सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालु की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है। ऐसे भक्त पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। कार्यकर्ताओं के द्वारा क्रमशः सिर पर कलश रखकर मंदिर पहुंचाई गई तथा हाथों में भगवा ध्वज लिए निरंतर जय घोष लगाए गए। जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान अयोध्या पहुंचने का संदेश भी दिया गया। इस अक्षत कलश यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, अशोक सिन्हा,सौरभ जैन, प्रदीप रजक, निखिल कनौजिया, नितिन सोनपाली, मोहित सोनकर एवं अन्य शामिल थे।

## पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जन्म जयंती पर कांग्रेस ने अर्पित की पुष्पांजलि



**जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महान भारती शिक्षाविद् काशी हिंदू विश्वविद्यालय की प्रणेता इस युग के आदर्श पुरुष महामना की सम्मानजनक उपाधि से विभूषित भारत स्काउट्स और गाइडस के संस्थापक सदस्य भारतीय प्राचीन सभ्यता और संस्कृति के रक्षक अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष माता मूना देवी और पिता पंडित बृजनाथ के पुत्र भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी की 162वीं जन्म जयंती पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देश पर मालवीय चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई।

## कराटे चैंपियनशिप में अमय और मनेन्द्र ने जीता स्वर्ण पदक




**सिहोरा।** विगत 23 और 24 दिसंबर को विशाखापत्तनम में 21वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल और सीनियर कराटे चैंपियनशिप फेडरेशन कप 2023 जो कि ऑल इंडिया सेशिंकाई शिटो-रयू कराटे फेडरेशन द्वारा आयोजित किया गया इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर जूनियर वर्ग मे एवी किडीज़ स्कूल महाराजपुर के छात्र अमय ने काता और कुमीते मे 2 स्वर्ण पदक और मनेन्द्र सिंह गुर्जर ने कुमीते मे 1 स्वर्ण पदक जीता इसके साथ ही सीनियर वर्ग मे मधु त्रिपाठी ने कुमीते मे 1 एक काँस्य पदक पदक जीतकर संस्कारधानी का नाम रोशन किया हैं। ये सभी खिलाड़ी राइट टाउन स्टेडियम में प्रशिक्षक एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गौरव सिंधिया के पास अभ्यास करते हैं। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट जय सचदेवा ने हर्ष व्यक्त किया।

**गोरखपुर, पनागर में वारदातें**

## मारपीट की वारदातों में 5 घायल

**जबलपुर।** गोरखपुर और पनागर में मारपीट की तीन वारदातें सामने आई है। मारपीट की इस वारदात में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है।



गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुम्हार मोहल्ला निवासी 53 वर्षीय कैलाश चक्रवर्ती गत रात लगभग 11.20 बजे काम से अपने घर आया तो घर के बाहर बबलू, शनि और अमन बेन पुरानी रंजिश पर गालीगलौज कर रहे थे, गालियां देने से मना करने पर घर के अंदर आए और उसके सिर पर हमला कर दिया। कैलाश का लड़का शिवा चक्रवर्ती ने बीच बचाव किया तो शिवा की जांघ व हाथ पर चोटें पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 452, 323, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह पनागर में करोंदानाला बायपास अधारताल निवासी 19 वर्षीय श्रेयांश पटेल गत दिवस अपनी बहन व भाई के साथ ग्राम बघोड़ा बुआ रुची पटेल के यहां मड़ई देखने गया था। रात लगभग 9 बजे ग्राम बघौड़ा निवासी विक्की महाराज, अन्नू महाराज पुरानी रंजिश पर बुआ के घर के सामने फूफा संजय पटेल के साथ गालीगलौज करने लगा, श्रेयांश ने गालियां देने से मना किया तो अन्नू महाराज ने उसका हाथ पकड़ लिया और विक्की ने चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर दिया। बुआ रुचि पटेल ने बीच बचाव किया तो राधा पाठक ने बुआ रुचि पटेल के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी प्रकार पनागर में ग्राम पड़रिया निवासी 20 वर्षीय आटो चालक अंकित कोरी गत रात लगभग 9.30 बजे आटो से घर जा रहा था। रेलवे फाटक बंद होने से आटो में बैठकर मोबाइल चला रहा था, तभी लमती पनागर निवासी दुग्गी कोल, रॉकी कोल एवं एक अन्य आरोपी उसके पास आए और उससे शराब पीने के लिए रुपए मांगने लगे, मना करने पर तीनों गालीगलौज करने लगे। दुग्गी ने आटो से उसे नीचे उतारकर उसे पकड़ लिया और रॉकी कोल ने चाकू से पेट पर हमला कर घायल कर दिया वही एक अन्य ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घायल आटो चालक अंकित कोरी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 327, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## लकवा पीड़ित वृद्ध ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत जयभीमनगर में लकवा से पीड़ित एक वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जयभीमनगर निवासी 70 वर्षीय रामकुमार श्रीवास्तव को गत 9 दिसंबर को लकवा का अटैक आया था, जिसे उपचार के लिए जामदार अस्पताल में भर्ती कराया और बाद में मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। गत 23 दिसंबर को मेडीकल से इलाज कराकर रामकुमार श्रीवास्तव को घर ले आए थे। घर पर जब रामकुमार श्रीवास्तव अकेले थे तब रामकुमार ने अपने कमरे में पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## बस स्टॉप में गांजा पी रहा आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम कूड़न में सार्वजनिक स्थान सिटी बस स्टॉप में गांजा पी रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 ग्राम गांजा एवं चिलम जब्त किया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कूड़न निवासी 40 वर्षीय सुनील पटेल गत शाम सार्वजनिक स्थान सिटी बस स्टॉप में गांजा पी रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सुनील पटेल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अधजली चिलम, माचिस की डिब्बी एवं खुली हुयी पुड़िया रखा लगभग 10 ग्राम गांजा जब्त कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## ससुर ने किया दामाद पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत सागर कालोनी में एक ससुर ने अपने दामाद पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल दामाद को उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

संजीवनीनगर थाना प्रभारी रमेश कुमार नर्रे ने बताया कि सागर कालोनी धनवंतरीनगर निवासी 43 वर्षीय अमित सिंह अपने ससुर 69 वर्षीय कल्याण सिंह के घर रहता है। गत दिवस अमित सिंह अपने पिता के मकान बेलबाग से वाइडिंग का काम करके रात 11.15 बजे सागर कालोनी अपने घर आया और गेट बार-बार खटखटाया, गेट नहीं खुलने पर जोर से गेट खटखटाया तो अमित सिंह का ससुर कल्याण सिंह गुस्से में निकला और गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए गेट खोला और चाकू से गर्दन, छाती और पेट पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल अमित सिंह को उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं आरोपी ससुर कल्याण सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 307 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## चोरी की आठ मोटर सायकिलें जप्त

**नाबालिग सहित 4 आरोपी गिरफ्तार**

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने एक नाबालिग सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की आठ मोटरसायकिलें जप्त की हैं। जिनकी कीमत 4.5 लाख रुपये के आसपास बताई गई है। गढ़ा पुलिस थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शाहनाला तिलवारा निवासी मनीष पटेल, घनसौर सिवनी निवासी नीतेश उर्फ गब्बू पटेल, बजरिया मोहल्ला कटंगी निवासी अमन कठेरे को गिरफ्तार किया। यह आरोपी मेडिकल कालेज में बिना नम्बर की मोटर सायकल लेकर सस्ती दरों में बेचने खड़े थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इनको दबोचा, पुलिस ने इनसे वाहनों के दस्तावेज पूछे जो उनके पास नहीं थे। आरोपियों ने मोटर सायकिल चोरी करना स्वीकार किया और तीन वाहन घनसौर निवासी नीतेश उर्फ गब्बू को बेचना बताया। जिसके आधार पर पुलिस ने गब्बू को भी आरोपी बनाया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। सभी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 41(1-4)जाफौ /379 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, 3 घायल

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत गढ़ा पुरवा मेनरोड पर शराब के नशे में तेज रफ्तार से कार चला रहे युवक ने कार को सड़क किनारे लगे बिजली के खंबे में टकरा दिया, इस हादसे में कार में बैठे एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पटी सिगोरगढ़ थाना जबेरा जिला दमोह निवासी 37 वर्षीय सहायक सचिव नरेंद्र झारिया गत रात लगभग 10 बजे अपने भाई संतोष झारिया के बेटे मधुर झारिया के जन्मदिन पर संतोष झारिया के घर गया था। वहां से रात लगभग 10.30 बजे संतोष झारिया, दातत्रे झारिया, नरेश झारिया, मनोज झारिया सभी संतोष की कार क्रमांक एमपी 20 सीई 6182 में बैठकर भेड़ाघाट हाईवे तरफ खाना खाने और शराब पीने गए थे। ज्यादा शराब पीने की वजह से सभी लोगें ने संतोष को कार चलाने से मना किया, लेकिन वह नहीं माना और तेज रफ्तार से गाड़ी चला रहा था। देर रात लगभग 1.30 बजे शिफ्ट कार में बैठकर घर आ रहे थे जैसे ही गढ़ा पुरवा मेनरोड पर पहुंचे तभी सामने से आ रही कार को देखकर संतोष हड़बड़ा गया और कार सड़क किनारे लगे बिजली के खंबे से टकरा गई, जिससे गाड़ी में बैठे सभी लोगों को चोटें आ गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग आए। अधिक चोटें आ जाने के कारण दातत्रे झारिया को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए मेडीकल अस्पताल पहुंचाए, जहां दातत्रे झारिया की मौत हो गई। वहीं नरेंद्र झारिया, मनोज झारिया और संतोष झारिया को उपचार के लिए परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।




**श्रीमती राधा बाई पटेल-** टेलीग्राफ गली नं. 4, साईं मंदिर के पास निवासी श्रीमती राधा बाई पटेल (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार तिवारी-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री अशोक कुमार तिवारी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गोमती ठाकुर-** गौतम मढिय़ा के पास गढ़ा निवासी श्री द्वारका सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती गोमती ठाकुर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूना बाई बेन-** राधाकृष्णन वार्ड भवानी चौक निवासी श्री सुखलाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती पूना बाई बेन (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विवेचना जेठर-** छापर रामपुर निवासी विवेचना जेठर (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रेमलता संतोषी-** शांतिनगर दमोहनाका निवासी श्री मदन लाल संतोषी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता संतोषी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भजनलाल असरानी-** सार्थक अपार्टमेंट आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री भजनलाल असरानी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशि श्रीवास्तव-** ब्यौहारबाग निवासी श्री राजकुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती शशि श्रीवास्तव (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज-** रांझी स्थित गांधी व्यायाम शाला के निकट निवासी श्री श्याम लाल के पुत्र श्री मनोज (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बाई कोष्टा-** जाग्रति नगर अमखेरा निवासी श्री घसीटे लाल कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई कोष्टा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक-** सदर संजय गांधी नगर निवासी श्री अशोक (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केदार प्रसाद सिंह-** तिलहरी प्रगति नगर निवासी श्री केदार प्रसाद सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री बड्डू अहिरवार-** न्यू लाल बाबा परसवाड़ा निवासी श्री बड्डू अहिरवार (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम कुमार श्रीवास्तव-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री राम कुमार श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रमेश कोरी-** कटियाघाट रोड गौर निवासी श्री रमेश कोरी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंद्रमति सूपेकर-** आमानाला परियट टेंक के पास निवासी श्री पीजी सूपेकर की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रमति सूपेकर (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम प्रसाद काछी-** कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राम प्रसाद काछी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र कनौजिया-** मडफ़ैया सुभाष वार्ड मेडिकल के पास निवासी श्री चंद्रपकाश कनौजिया के पुत्र श्री महेंद्र कनौजिया (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती संगीता नाहर-** सदर निवासी श्री जीतेंद्र नाहर की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता नाहर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश चंदेल-** जयंती काम्पलेक्स के पीछे मढ़ाताल निवासी श्री ओम प्रकाश चंदेल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुंदर लाल लहरे-** पोलीपाथर लाइन पार ग्वारीघाट रोड निवासी श्री सुंदर लाल लहरे (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूरज प्रसाद गुप्ता-** नया मोहल्ला निवासी श्री सूरज प्रसाद गुप्ता (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**खबर संक्षेप**

## खाद्य पदार्थों की कीमत नियंत्रित करेगी सरकार



**नई दिल्ली।** मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र ने खाद्य पदार्थों की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पिछले कुछ साल में कई सक्रिय कदम उठाए हैं। सरकार देश की आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित करते हुए मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखेगी। वह यहां राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## सॉफ्टबैंक ने फर्स्टक्राई में 31 करोड़ डॉलर के शेयर बेचे




**नई दिल्ली।** विभिन्न कारोबारों से जुड़े जापानी समूह सॉफ्टबैंक ने खुदरा दुकानें चलानी वाली फर्स्टक्राई में 31 करोड़ डॉलर मूल्य के शेयर बेचे हैं। यह शेयर ऐसे समय बेचे गये हैं, जब कंपनी इस सप्ताह आरंभिक सार्वजिक निर्गम के लिए बाजार नियामक सेबी के पास विवरण पुस्तिका जमा करने वाली है। फर्स्टक्राई में 630 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे हैं।

## एफपीआई ने इस माह किया 57300 करोड़ का निवेश





**नई दिल्ली।** एफपीआई ने राजनीतिक स्थिरता की संभावनाओं को देखते हुए इस महीने अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 57,300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इसके पीछे भारत की आर्थिक वृद्धि में मजबूती दर्शाने वाले आंकड़ों और अमेरिकी बांड प्रतिफल में लगातार गिरावट होने की भी अहम भूमिका रही है।

## बाजार पूंजीकरण में रिलायंस सबसे आगे




**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच बीते सप्ताह देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 70,312.7 करोड़ रुपये बढ़ गया जिनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे रही। पिछले सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर लाभ की स्थिति में रहीं।

## एचओपी इलेक्ट्रिक का बिक्री तिगुनी करने का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता एचओपी इलेक्ट्रिक ने अगले साल अपनी सालाना बिक्री में तिगुनी वृद्धि का लक्ष्य रखा है। कंपनी मात्रा बढ़ाने के लिए पारंपरिक इंजन वाले व्यापक बाजार में शुरुआती स्तर की बाइक के समान एक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी के दो इलेक्ट्रिक स्कूटर और एक इलेक्ट्रिक बाइक हैं।

## आरबीएल बैंक में दयाल का कार्यकाल समाप्त



**मुंबई।** निजी क्षेत्र के आरबीएल बैंक के निदेशक मंडल में अब भारतीय रिजर्व बैंक का कोई प्रतिनिधि नहीं है। केंद्रीय बैंक की तरफ से अतिरिक्त निदेशक के तौर पर नियुक्त योगेश दयाल का दो साल का कार्यकाल समाप्त हो गया है। सूचना में कहा कि अतिरिक्त निदेशक दयाल का कार्यकाल 23 दिसंबर को समाप्त हो गया है। इसकी गतिविधियों को लेकर चिंताएं पैदा होने के बाद अपने मुख्य महाप्रबंधक दयाल को बतौर अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया था।

# रिलायंस व डिजनी ने मिलाया हाथ, देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी लेगी जन्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- वॉल्ट डिजनी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा

देश के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी ने एंटरटेनमेंट जगत का सबसे बड़ा सौदा हथिया लिया है। इसके सौदे के पूरा हो जाने के बाद रिलायंस भारत की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी। रिलायंस और वॉल्ट डिजनी के बीच एक नॉन-बाइडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया है। इसके तहत वॉल्ट डिजनी के भारतीय कारोबार का 51 फीसदी रिलायंस का हो जाएगा।

एंटरटेनमेंट बिजनेस का यह सबसे बड़ा मर्जर फरवरी, 2024 तक पूरा हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस को इसमें 51 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी और 49 फीसदी हिस्सा डिजनी का होगा। इस मर्जर में कैश और स्टॉक्स दोनों शामिल हैं। इसके पूरा होने के साथ ही रिलायंस-डिजनी देश की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट कंपनी बन जाएगी।

### मुकेश अंबानी और वॉल्ट डिजनी के बीच नॉन-बाइडिंग एग्रीमेंट साइन किया गया

#### जिओ सिनेमा और डिजनी हॉटस्टार में चल रही थी टक्कर

इस मर्जर में जियो सिनेमा को भी शामिल किया गया है। इसके पास आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स हैं। इससे पहले यही राइट्स डिजनी हॉटस्टार के पास थे। इस सेक्टर में अंबानी को टक्कर डिजनी से ही मिल रही थी। आईपीएल के ऑनलाइन राइट्स जाने के बाद से ही डिजनी हॉटस्टार के यूजर्स घटने लगे थे।



#### अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स, जी और सोनी की चिंता बढ़ेगी

आरआईएल और वॉल्ट डिजनी के मर्जर से जी नेटवर्क, सोनी टीवी, अमेजन प्राइम और नेटफ्लिक्स को सीधी टक्कर मिलेगी। मौजूदा समय में आरआईएल की जिओ कई ऐप्स के और विआकॉम18 के साथ मीडिया एवं एंटरटेनमेंट सेक्टर में मौजूद है।

#### अगले महीने हो सकता है ऐलान

इस मर्जर का ऐलान अगले महीने की शुरुआत में हो सकता है। प्रस्ताव के तहत, किसी भी नकद और स्टॉक स्वैप लेनदेन के पूरा होने के बाद डिजनी भारतीय कंपनी में माइनॉरिटी शेयर जरूर रखेगी।

#### भारतीय कारोबार को बेचना चाहती थी डिजनी

रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी 2023 से ही डिजनी अपने भारतीय कारोबार को बेचने या ज्वाइंट वेंचर के लिए किसी भारतीय कंपनी को पार्टनर बनाने की कोशिश में जुटी थी। डिजनी के कई टीवी चैनल और हॉटस्टार स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म भी है। मर्जर के बाद दोनों कंपनियां पार्टियां मिलकर 1 से 1.5 अरब डॉलर तक का निवेश कर सकती है।

### सरकार ने अपनी निजीकरण की कार्रवाई लगभग रोक दी

# आम चुनाव से पहले विनिवेश हुआ धीमा, वर्ष 2023-24 का लक्ष्य फिर चूकने की आशंका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आम चुनाव नजदीक आने के साथ ही सरकार ने अपनी निजीकरण की कार्रवाई लगभग रोक दी है और अब शेयर बाजारों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचने का विकल्प चुना है। कुछ चुनिंदा घरानों को हिस्सेदारी बेचने के विपक्षी दलों के आरोपों के बीच सरकार ने यह कदम उठाया है।


हालांकि, इसके परिणामस्वरूप चालू वित्त वर्ष 2023-24 के विनिवेश लक्ष्य से फिर चूकने की आशंका है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) और कॉनकॉर जैसी बड़ी निजीकरण योजनाएं पहले से ही ठंडे बस्ते में हैं। विश्लेषकों का मानना है कि सार्थक निजीकरण अप्रैल/मई के आम चुनाव के बाद ही हो सकता है।

#### आईपीओ व ओएफएस से 10049 करोड़ एकत्र

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 51,000 करोड़ रुपये की बजट राशि में से करीब 20 प्रतिशत यानी 10,049 करोड़ रुपये आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) और ओएफएस (बिक्री पेशकश) के माध्यम से अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री के जरिए एकत्र किए गए।

#### कुल 11 लेनदेन लंबित है

कुल मिलाकर करीब 11 लेनदेन हैं जो वर्तमान में डीआईपीएएम (निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग) में लंबित हैं। वहीं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकॉर) और एआई एसेट होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) की अनुषंगी कंपनियां जो अब निजीकृत एयर इंडिया की पूर्व अनुषंगी कंपनियों का स्वामित्व रखती हैं... इन्हें आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की 'सैद्धांतिक' मंजूरी पहले ही मिल चुकी है, लेकिन डीआईपीएएम द्वारा ईओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) आमंत्रित नहीं किए गए हैं।



- अब शेयर बाजारों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचने का चुना विकल्प
- विपक्ष ने कुछ चुनिंदा घरानों को हिस्सेदारी बेचने का लगाया आरोप
- बीपीसीएल, एससीआई और कॉनकॉर जैसी बड़ी निजी योजनाएं ठंडे बस्ते में

#### विभाजन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं

एससीआई, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, बीईएमएल, एचएलएल लाइफकेयर और आईडीबीआई बैंक सहित कई केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) की रणनीतिक बिक्री चालू वित्त वर्ष में पूरी होने वाली है। हालांकि, अधिकांश सीपीएसई के संबंध में मुख्य एवं गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों की विभाजन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है और वित्तीय बोलियां आमंत्रित करने में देरी हुई है।

#### पीएसयू हिस्सेदारी की बिक्री कम रही

2021-2022 की तुलना में 2023 में प्रमुख पीएसयू हिस्सेदारी बिक्री की संख्या कम रही है। श्रीवास्तव ने कहा, 'विस्तारित नियामक प्रक्रियाओं, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, कुछ क्षेत्रों में निजीकरण का राजनीतिक विरोध और 2024 के आम चुनाव से पहले सरकारी प्राथमिकताओं में बदलाव सहित विभिन्न कारकों के कारण विनिवेश की प्रवृत्ति में हाल ही में गिरावट देखी गई है।'

#### पीएसयू की बिक्री की गति धीमी हुई

रेटिंग एजेंसी फिच ने इस महीने की शुरुआत में अनुमान लगाया था कि मौजूदा नरेन्द्र मोदी प्रशासन के 2024 में चुनाव के बाद सत्ता में दोबारा लौटने की 'सबसे अधिक संभावना' है। शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत में पीएसयू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) की हिस्सेदारी की बिक्री गति हाल ही में धीमी हो गई है।

# अदाणी ग्रीन एनर्जी का सेकी से सौर बिजली आपूर्ति समझौता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- अदाणी ग्रीन 1799 मेगावाट ऊर्जा की आपूर्ति करेगी
- कंपनी को जून, 2020 में सेकी से यह अनुबंध मिला था

देश की प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने 1,799 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के साथ बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

अदाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस पीपीए पर हस्ताक्षर के साथ कंपनी ने 8,000मेगावाट के विनिर्माण-संबद्ध सौर निविदा के तहत बिजली आपूर्ति का समझौता पूरा कर लिया है। कंपनी को जून, 2020 में सेकी से यह अनुबंध मिला था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमित सिंह ने बयान में कहा, 'अदाणी ग्रीन एनर्जी न केवल देश में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लक्ष्य की दिशा में बल्कि आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में भी योगदान दे रही है।' सिंह ने कहा, हमें सबसे बड़े हरित पीपीए को पूरा करने और एक भरोसेमंद ऊर्जा परिदृश्य को साकार करने में खुशी हो रही है। भारत के वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हरित ईंधन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य के अनुरूप अदाणी ग्रीन 45 गीगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध है।


यह हमारी मौजूदा परिचालन क्षमता का पांच गुना है। कंपनी ने सेकी की विनिर्माण से जुड़ी सौर पीवी निविदा की प्रतिबद्धताओं को पूरा किया है।

#### अदाणी ग्रीन के पास मुंद्रा सोलर के 26 फीसदी शेयर

अदाणी ग्रीन के पास अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी होल्डिंग फोर लिमिटेड के माध्यम से मुंद्रा सोलर एनर्जी लिमिटेड के 26 प्रतिशत शेयर हैं।

# इनक्रेड यूनिकॉर्न प्रौद्योगिकी कंपनी बनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- छह करोड़ डॉलर का वित्तपोषण जुटाने में रही सफल
- कंपनी का कुल मूल्यांकन 1.04 अरब डॉलर हो गया

वित्त-प्रौद्योगिकी कंपनी इनक्रेड वित्तपोषण के नए दौर में छह करोड़ डॉलर का वित्त जुटाने के साथ ही यूनिकॉर्न कंपनियों के विशेष समूह में शामिल हो गई है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली नई कंपनियों को यूनिकॉर्न की श्रेणी में रखा जाता है।इनक्रेड ने एक बयान में कहा कि वित्तपोषण के सीरीज-डी दौर में उसने नए एवं मौजूदा निवेशकों से छह करोड़ डॉलर जुटाने में सफलता हासिल की है। इस तरह कंपनी का कुल मूल्यांकन 1.04 अरब डॉलर हो गया है।

इसके साथ ही इनक्रेड यूनिकॉर्न का दर्जा पाने वाली इस साल की दूसरी कंपनी बन गई है। इनक्रेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी भूपिंदर सिंह ने कहा, 'यह वित्तपोषण हमारे सफर में एक खास मुकाम रखता है और हमें यूनिकॉर्न के दर्जे तक ले जाता है। हम अपने निवेशकों से मिले समर्थन के लिए आभारी हैं।' वित्तपोषण के इस दौर की अगुवाई एमईएमजी के रंजन पई ने 90 लाख डॉलर के साथ की।

#### आरपी ग्रुप व डॉयचे बैंक ने किया निवेश

आरपी ग्रुप के चेयरमैन रवि पिल्लई ने 54 लाख डॉलर और डॉयचे बैंक में प्रमुख (निश्चित आय एवं मुद्रा) ने भी 12 लाख डॉलर का निवेश किया है।

### नाबार्ड तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी आयोजित करेगा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) 50 से अधिक किसान-उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी आयोजित करेगा। नाबार्ड ने एक बयान में कहा कि दिल्ली हाट में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में 21 राज्यों के एफपीओ की भागीदारी होगी। बयान के अनुसार प्रदर्शनी में भारत सरकार की 10,000 एफपीओ की प्रमुख योजना के तहत नाबार्ड और लघु किसान कृषि व्यवसाय गठजोड़ द्वारा समर्थित एफपीओ शामिल होंगे, जो जैविक और मोटा अनाज आधारित कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेंगे। नाबार्ड ने बयान में कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत के कृषि परिदृश्य को बदलने में एफपीओ के अविश्वसनीय प्रयासों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालना है।

## छोटे शेयर 2023 में दलाल स्ट्रीट की बने पहली पसंद




- शेयर बाजार में लंबे समय से तेजी का दौर जारी है
- मिडकैप और स्मॉलकैप खंड अपने बड़े समकक्षों से आगे निकल रहे

**नई दिल्ली।** छोटे शेयर 2023 में दलाल स्ट्रीट की पहली पंसद बने रहे। देश के बेहतर आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों और भारी खुदरा निवेशकों की भागीदारी से इक्विटी बाजार के लिहाज से 2023 एक लाभप्रद वर्ष साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि शेयर बाजारों में लंबे समय से तेजी का दौर जारी है। मिडकैप और स्मॉलकैप खंड अपने बड़े समकक्षों से आगे निकल रहे हैं। इस साल 22 दिसंबर तक बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 13,074.96 अंक या 45.20 प्रतिशत का आया, जबकि मिडकैप सूचकांक 10,568.18 अंक या 41.74 प्रतिशत चढ़ा। वहीं इस अवधि में बीएसई का 30 शेयर वाले सूचकांक सेंसेक्स में 10,266.22 अंक या 16.87 प्रतिशत की तेजी आई। इस साल 20 दिसंबर को स्मॉलकैप सूचकांक 42,648.86 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया और उसी दिन मिडकैप सूचकांक भी 36,483.16 अंक के अपने रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया।

#### बाजार ने नई ऊंचाई देखी

कोचर ने इक्विटी बाजार के लिहाज से 2023 को एक 'बड़ा वर्ष' करार दिया। उन्होंने कहा, 'हमने व्यापक भागीदारी के साथ नई ऊंचाई देखी है।' विशेषज्ञों का मानना है कि 2023 में भारी तेजी के बाद निकट अवधि में छोटे शेयरों में सुधार आ सकता है।

# रिलायंस का एकल व एकीकृत लाभ अंतर दोगुना से अधिक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- जेपी मार्गन ने वार्षिक रिपोर्ट में किया आकलन
- शुद्ध लाभ 22400 करोड़ रुपए हुआ

रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के एकल और एकीकृत शुद्ध लाभ के बीच का अंतर पिछले कुछ वर्षों में दोगुना से अधिक होकर 22,400 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी की अनुषंगी इकाइयों के रूप में काम कर रहे खुदरा तथा दूरसंचार कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि इसकी वजह रही। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। जेपी मॉर्गन ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट का आकलन करने के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा, 'रिलायंस के एकल तथा एकीकृत शुद्ध लाभ के बीच का अंतर काफी बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2019-20 (अप्रैल 2019 से मार्च 2020) में 8,400 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर 22,400 करोड़ रुपये हो गया है। दूरसंचार और खुदरा क्षेत्र में तेजी इसकी मुख्य वजह है।' वित्त वर्ष 2019-20 में रिलायंस ने 30,902 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 44,205 करोड़ रुपये हो गया। एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2019-20 में 39,354 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 66,702 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023 के लिए रिलायंस के एकल तथा एकीकृत शुद्ध लाभ के बीच अंतर के लिए 335 एकल कंपनियां/ सहयोगी/ संयुक्त उद्यम जिम्मेदार रहे। इनमें से करीब 40 प्रतिशत (133) मुनाफे में रहीं।


#### मुनाफे में सर्वाधिक योगदान रिलायंस दूरसंचार का

वित्त वर्ष 2022-23 में एकल तथा एकीकृत मुनाफे के बीच अंतर में करीब 89 प्रतिशत योगदान रिलायंस की दूरसंचार तथा खुदरा अनुषंगी कंपनियों / सहयोगियों / संयुक्त उद्यग (जेवी) का था।

## निर्यात बढ़ाना, आयात घटाना देशहित में

**पणजी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि निर्यात बढ़ाना और आयात कम करना देशभक्ति और स्वदेशी को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ने का नया रास्ता है।वह दिन भारत के लिए नई आजादी की तरह होगा, जब देश पेट्रोल या डीजल की एक बूंद भी आयात नहीं करेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने साप्ताहिक पत्रिका 'पांचजन्य' के कार्यक्रम 'सागर मंथन 2.0' में कहा कि पेट्रोल और डीजल के आयात को रोकना दुनिया में आतंकवाद को रोकने से जुड़ा हुआ है।

## क्रिसमस के मौके पर बंद रहा शेयर बाजार



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के लिए साल 2023 के अंतिम सप्ताह की शुरुआत छुट्टी के साथ हुई है। सोमवार 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर प्रमुख शेयर बाजार जैसे बीएसई और एनएसई में कारोबार स्थगित रहा। बाजार में मंगलवार से सामान्य कारोबार शुरू होगा। बीएसई की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, सोमवार को क्रिसमस के उपलक्ष्य में बाजार बंद रहा। इस कारण इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट और सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग सेगमेंट में कोई कारोबार नहीं हुआ।

#### अब 4 दिनों का ही कारोबार

अगर शनिवार और रविवार को जोड़ दें तो दिसंबर महीने में शेयर बाजार की कुल 11 दिनों की छुट्टी है। साल के आखिरी सप्ताह में बाजार में 4 दिन का ही कारोबार होने वाला है, क्योंकि साल के अंतिम दो दिनों में शनिवार और रविवार के चलते बाजार बंद रहने वाला है। इस तरह अंतिम सप्ताह में बाजार की तीन-तीन छुट्टियां पड़ रही हैं।

## अब तक तीन करोड़ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गेहूं बुवाई



**नई दिल्ली।** पिछले साल गेहूं पकने के समय लू के कारण नुकसान का सामना करने के बाद, इस बार ज्यादातर किसान जलवायु अनुकूल गेहूं किस्मों की खेती कर रहे हैं। यह नई किस्म बुवाई के कुल रकबे के 60 प्रतिशत से अधिक हिस्से में बोई गई हैं। कृषि आयुक्त पी के सिंह के अनुसार जलवायु अनुकूल गेहूं की बुवाई का रकबा अब तक तीन करोड़ 8.6 लाख हेक्टेयर है। गेहूं रबी (सर्दियों) की मुख्य फसल है, जिसकी बुवाई आम तौर पर नवंबर में शुरू होती है और कटाई मार्च-अप्रैल में की जाती है।

### इसे भारतीय स्टार्टअप की सबसे बड़ी छंटनी बताया जा रहा

# पेटीएम में 10 फीसदी कर्मचारियों की हुई छंटनी, होगा शेयरों पर असर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिनटेक स्टार्टअप पेटीएम एक बार फिर से गलत कारणों से चर्चा में है। ऐसी खबरें आ रही हैं कि पेटीएम ने एक बार फिर से अपने कर्मचारियों को कंपनी से बाहर करने का फैसला लिया है। खबरों के अनुसार, पेटीएम ने इस छंटनी में अपने कुल कर्मचारियों के करीब 10 फीसदी हिस्से की छुट्टी कर दी है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने इस बार 1000 से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की है। सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि ये छंटनी पिछले कुछ महीने के भीतर हुई है और इसमें पेटीएम की विभिन्न यूनिट के कर्मचारी शिकार हुए हैं। बताया जा रहा है कि पेटीएम ने यह छंटनी अपनी कॉस्ट कम करने के लिए और अपने विभिन्न व्यवसायों को नए सिरे से व्यवस्थित करने के लिए की है।

- आरबीआई के एक्शन का पेटीएम पर हुआ सीधा असर




#### भारतीय स्टार्टअप की सबसे बड़ी छंटनी

पेटीएम की इस छंटनी में उसके कुल वर्कफोर्स के करीब 10 फीसदी हिस्से पर असर पड़ा है। इसे किसी भी भारतीय स्टार्टअप में अब तक की हुई सबसे बड़ी छंटनी में से एक माना जा रहा है। स्टार्टअप कंपनियों के लिहाज से 2023 भी ठीक साल नहीं साबित हुआ है। इस साल भारतीय स्टार्टअप ने पहली तीन तिमाहियों में 28 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की। इससे पहले साल 2022 में स्टार्टअप कंपनियों ने 20 हजार से ज्यादा और 2021 में 4 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की थी। फिनटेक सेक्टर में देखें तो जेस्टमनी इस महीने के अंत तक बंद होने वाली है।

#### दबाव में शेयरों का प्रदर्शन

शेयर बाजार में भी कंपनी लगातार संघर्ष कर रही है। पिछले एक महीने के दौरान पेटीएम के शेयरों में करीब 28 फीसदी की गिरावट आई है। बीते 6 महीने में इसका भाव 23 फीसदी से ज्यादा डाउन है। दिसंबर महीने के शुरुआती दिनों में तो पेटीएम स्टॉक को 20 फीसदी के लोअर सर्किट का भी सामना करना पड़ा है। अब छंटनी की खबरें सामने आने के बाद शेयरों पर और बुरा असर होने की आशंका है।

#### आरबीआई के एक्शन का असर

पेटीएम की बात करें तो उसके लिए बुरी खबरों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले रिजर्व बैंक ने अनसिक्योर्ड लोन पर नियामकीय सख्तियां की, जिसका असर पेटीएम पर भी हुआ। आरबीआई के एक्शन के बाद पेटीएम ने स्मॉल टिकट कंज्युमर लेंडिंग और बाय नाउ, पे लेटर बिजनेस को बंद करने का फैसला लिया। ऐसा बताया जा रहा है कि ताजी छंटनी में इन दोनों सेगमेंट के कर्मचारी सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

## चिंतन

# रुपये के अंतर्राष्ट्रीयकरण से भारत को बड़ा फायदा

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से खरीदे गए कच्चे तेल के लिए भारत ने रुपये में पहला भुगतान कर अपनी मुद्रा को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। भारत लंबे समय से ग्लोबल मार्केट में रुपये में भुगतान की कोशिश कर रहा है। इसके लिए भारत ने करीब 68 देशों के साथ नीतिगत सहमति भी बनाई है। भारत अपनी मुद्रा रुपये को ग्लोबल मार्केट में एक विनिमय मुद्रा के रूप में स्थापित करना चाहता है। हाल के वर्षों में डॉलर की बढ़ती बादशाहत से दुनिया के अधिकांश देश असहज महसूस कर रहे हैं। डॉलर को लेकर अमेरिकी रुख से भी दूसरे देशों को परेशानी होती है। ऐसे में देश अपनी अपनी मुद्रा में आपसी व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। चीन पहले से कोशिश में लगा है, रूस भी कोशिश कर रहा है, पर उसकी मुद्रा रूबल की हालत खस्ता है। भारत रूस के साथ भी रुपये में भुगतान कर तेल खरीदना चाह रहा था। यूक्रेन जंग के दौरान भारत ने रूस से सबसे अधिक कच्चे तेल का आयात किया। भुगतान के लिए रुपये पर बात चल रही थी, पर अंत तक आंशिक सहमति ही बन पाई है। इस बीच यूएई से रुपये में तेल खरीद कर जहां अंतरराष्ट्रीय बाजार को साफ संदेश दिया है कि भारत को सामान बेचने के लिए रुपये में भुगतान एक विकल्प है, वहीं इससे डॉलर पर निर्भरता भी कम होगी। यह भुगतान लेने वाले के लिए भी अच्छा है कि उसे भारत से आयात के समय डॉलर की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारत अन्य तेल आपूर्तिकर्ता देशों के साथ भी इसी तरह के रुपया भुगतान सौदों की कोशिश में लगा हुआ है। रुपये में भुगतान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लागू करना एक प्रक्रिया है और इसके लिए कोई लक्ष्य नहीं रखा गया है। अपनी 85 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आयात पर निर्भर है। इसके लिए उसे बड़े पैमाने पर डॉलर में भुगतान करना होता है, लेकिन पिछले साल से भारत ने तेल की खरीद का भुगतान डॉलर के बजाय रुपये में करने की व्यवस्था शुरू की है और इस दिशा में रिजर्व बैंक ने भी जरूरी कदम उठाए हैं। इस दिशा में भारत ने जुलाई में यूएई के साथ रुपये में भुगतान के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) से 10 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीद का भुगतान रुपये में किया है। इसके अलावा रूस से आयात किए गए कच्चे तेल के कुछ हिस्से का भी भुगतान रुपये में किया गया है। हालांकि हमें इस बात का ध्यान रखना होगा कि तेल खरीद का भुगतान रुपये में करने से लागत न बढ़े और इसका व्यापार पर किसी भी तरह से नुकसान न पड़े। जहां रकम अधिक नहीं है वहां रुपये में सौदा निपटान में ज्यादा समस्या नहीं होती है, लेकिन जब कच्चे तेल का हरेक जहाज लाखों डॉलर की कीमत का हो तो समस्याएं होती हैं। भारत व्यापक राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए स्थिति से निपट रहा है। रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण से डॉलर की मांग कम करने में मदद मिलेगी और भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्विक मौद्रिक झटकों का कम असर होगा। यूएई को रुपये में भुगतान डॉलर की बादशाहत खत्म करने को उठाया गया यह एक बड़ा कदम है। करीब दो सालों से अमेरिका महंगाई को कम करने और डॉलर को मजबूत करने के लिए ब्याज दरों में इजाफा करता जा रहा है। ग्लोबल इकोनॉमी में डॉलर को लेकर अलग से नैरेटिव भी क्रिएट हो रहा है कि कि अब डॉलर के बजाय दुनिया के बाकी देश अपनी-अपनी करेंसी को मजबूत करें। इससे दूसरी मुद्राएं भी मजबूत होंगी। चीन भी डॉलर का मुकाबला करने के लिए युआन का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने की कोशिश कर रहा है और उसने ब्राजील और अर्जेंटीना के साथ करेंसी डील की है। चीन डॉलर के सामानान्तर युआन को लाना चाहता है, जो मुमकिन नहीं है। भारत को तेजी से रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण को आगे बढ़ाना होगा।

## मुद्दा
डॉ. मोनिका शर्मा



# युवाओं के आदर्श बनें सितारे

तेलुगू फिल्मों के चर्चित चेहरे अल्लू अर्जुन ने अपनी आगामी फिल्म में शराब और पान मसाला के विज्ञापन से इंकार कर दिया। प्रस्ताव यह था कि फिल्म के जिस भी दृश्य में अल्लू अर्जुन अपने किरदार को निभाते हुए धूम्रपान करते या पान मसाला चबाते दिखेंगे, स्क्रीन पर उस उत्पाद के ब्रांड का लोगों दिखाया जाएगा। यूं विज्ञापन करने के लिए 10 करोड़ रुपये देने की पेशकश की गई थी। मोटी रकम को ठुकराते हुए इस फिल्मी सितारे ने खुद को इस तरह एक उत्पादों का प्रचार करने में असहज होने का कारण बताया। ज्ञात हो कि यह पहली बार नहीं है जब फिल्मी दुनिया के इस चर्चित चेहरे ने शराब और पान मसाला का विज्ञापन करने से इंकार किया है। इससे पहले एक तंबाकू कंपनी के टेलीविज़न विज्ञापन के लिए भी ना का चुके हैं। मोटी रकम देने की पेशकश के बावजूद युवाओं में पैठ रखने वाले एक सितारे का ऐसे उत्पादों के विज्ञापनों को ठुकराना सुखद उदाहरण ही कहा जाएगा।

दरअसल, फिल्मी दुनिया हो या खेल का संसार। ऐसे क्षेत्रों से जुड़े सफल चेहरों से जुड़ी बातें और बर्ताव ना केवल चर्चा का विषय बनते हैं बल्कि उनका अनुसरण करने की मानसिकता भी खूब देखने को मिलती है। विशेषकर युवाओं पर उनकी हर गतिविधि का असर होता है। स्क्रीन पर परोसी गई सामग्री से लेकर व्यक्तिगत जीवन की बातों तक, युवा काफी गहराई से प्रभावित होते हैं। कुलमिलाकर हानिकारक उत्पादों का प्रचार पूरी सामाजिक व्यवस्था पर असल डालता है। ऐसे विज्ञापनों से युवा और किशोर भ्रमित होते हैं। ऐसे विज्ञापन बेहद आकर्षक होते हैं। इनके संवाद हों या भाव-भंगिमा, लोगों की मनःस्थिति पर सीधा सर करते हैं। यही कारण है कि चर्चित हस्तियों को ऐसे विज्ञापनों का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जाता है। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कहा था कि दुनिया भर में हर साल तम्बाकू उत्पादों के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की मौत हो जाती है। साथ ही लोगों को बहकाने के लिए विज्ञापन रणनीतियों का सहारा लिया जाता है, जिन पर 9 अरब डॉलर का ख़र्च होता है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि नामी-गिरामी हस्तियों की खास छवि की जनमानस में गहरी पैठ होती है। जन-कल्याण से जुड़े सजगता का सन्देश देने वाले विज्ञापन हों या खालिस व्यावसायिक उत्पादों का प्रचार, लोकप्रिय चेहरों की पहुँच और प्रभाव दोनों असरकारी साबित होते हैं। यही वजह है कि कंपनियाँ मोटी धनराशि देकर ऐसे सितारों को अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चुनती हैं। विज्ञापन से मिलने वाली मोटी रकम के चलते अपने क्षेत्र में नाम कमाने वाले अधिकतर चर्चित चेहरे भी ना सिर्फ विज्ञापनों की दुनिया का हिस्सा बनते हैं बल्कि बिना किसी चयन और मापदंड के किसी भी उत्पाद या सेवा के इस्तेमाल की सलाह देते भी नजर आते हैं। हाल ही में भारत सरकार के विकसित भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर बने अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह ने भी टोबैको फ्री इंडिया मुहिम के एक कार्यक्रम में कहा था कि युवाओं के सामने रोजाना तंबाकू के विज्ञापन किए जा रहे हैं। मुनाफे के लिए इनके संवेदनशील दिमागों को निशाना बनाया जा रहा है। ध्यातव्य है कि स्वयं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक उत्पादों का विज्ञापन करने को ना कह चुके संग्राम सिंह 'तंबाकू फ्री इंडिया' अभियान का चेहरा भी हैं।

ऐसे में किसी विज्ञापन के माध्यम से समाज में जा रहे सन्देश को देने से पहले उसके असर को समझना, लोकप्रिय चेहरों की भी जिम्मेदारी है। खिलाड़ी हों या फिल्मी सितारे, जनप्रियता भी एक जवाबदेही साथ लाती है। शराब और तंबाकू उत्पादों के सेवन से जुड़े स्वास्थ्य के खतरे किसी से छुपे नहीं हैं। उच्चत्तम न्यायालय ने भी बीते साल गुटखा तम्बाकू की खुले आम बिक्री पर नाराजगी जताई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कई बार चेताया है कि धीमा जहर कहे जाने वाले तंबाकू उत्पाद कई जानलेवा बीमारियों की जड़ हैं। वहीं शराब की आदत भी दुर्घटनाओं और अपराधों के आंकड़े बढ़ाने से लेकर स्वास्थ्य बिगाड़ने तक, कई जोखिम साथ लाती है। ऐसे में सितारे स्वयं मोटी राशि कमाने के फेर में जनता से मिले प्रेम, सराहना और विश्वास के भाव की अनदेखी करने के बजाय अपने दायित्व को समझें। हानिकारक उत्पादों का विज्ञापन कर उनका बाजार बढ़ाने की वकालत करने का रास्ता ना चुनें।

(लेखक सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## राजनीति
अवधेश कुमार

# चुनावी रणनीति का शिकार हुई संसद

> सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। यह मान कर चलिए कि इस संसद का अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे। निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र के शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि होने संबंधी आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। इसके विपरीत निलंबन पर गर्व महसूस करना गलत है।

संसद के शीतकालीन सत्र ने अपने माननीय सांसदों के निलंबन का रिकॉर्ड बना दिया। पूरा देश संसद सांसदों के व्यवहार और निलंबन की घोषणा को देखकर विस्मित था। दोनों सदनों को मिलाकर 146 सांसदों के निलंबन की कभी कल्पना भी नहीं की गई होगी। अंतिम दिन तो कांग्रेस के केवल 9 सांसद लोकसभा में बचे थे जिनमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी शामिल थे। सत्र समाप्त होने के साथ आईएनडीआईए के सदस्यों ने पहले संसद से विजय चौक तक विरोध मार्च निकाला और बाद में जंतर-मंतर पर धरना दिया व विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को नाम दिया गया था, लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ। ठीक विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर लोकतंत्र के अपहरण का आरोप लगाया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि दृश्य ऐसा था मानो विपक्षी सांसद अपने निलंबन करने के लिए गिड़गिड़ा रहे हों। इसमें सबसे चिंता का विषय सरकार और विपक्ष की लड़ाई का लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति बनाम विपक्ष में परिणत हो जाना है। प्रत्यक्ष तौर पर भले यह शत-प्रतिशत न दिखे पर सच्चाई यही है। अगर माननीय सांसद सर्वसम्मति से निर्धारित आचरण को तोड़ते हुए बेल में जाते हैं ,और तख्तियां दिखाते हैं, नारे लगाते हैं, आसान की ओर कागज फेंकते हैं तो यह सरकार का नहीं आसन यानी अध्यक्ष और सभापति का अपमान होता है।

इस समय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तथा कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे के बीच के पत्र व्यवहार को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि स्थिति कितनी चिंताजनक है। वास्तव में उपराष्ट्रपति का पत्र यदि विपक्ष को इस स्थिति के लिए उत्तरदायी ठहराता है तो मल्लिकार्जुन खरगे भी सीधी बात न करते हुए उन्हें ही घेरने की कोशिश करते दिखते हैं। धनखड़ ने खरगे और राकांपा प्रमुख शरद पवार को पत्र लिखकर कहा है कि स्वीकार नहीं की जाने वाली मांगों के जरिए सदन को पंगु बनाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने लिखा है कि पीड़ा के साथ कह रहा हूं कि मेरे आग्रह और प्रयासों को सदन में स्वस्थ कामकाज के लिए आपका समर्थन नहीं मिला। अनुभवी नेता के तौर पर आप जानते हैं कि पीठासीन अधिकारी के साथ बातचीत उच्च प्राथमिकता होती है। सभापति के लिए इससे अधिक पीड़ादायी कुछ नहीं हो सकता है कि मुलाकात का आग्रह स्वीकार नहीं किया गया। यह संसदीय परंपरा के अनुरूप नहीं था। इस तरह का विमर्श सभापति को सदन में सार्थक बहस के लिए प्रेरित करता है। उनके पत्र की एक पंक्ति देखिए,- यह देखकर दुख हुआ कि कुशल राजनीतिज्ञ का दृष्टिकोण प्रदर्शित करने और उच्च सदन की गरिमा बनाए रखने के बजाय अनुभवी सदस्यों ने भी दलगत भावना से प्रेरित दृष्टिकोण अपनाया। दूसरी ओर खरगे ने अपने पत्र में इतनी बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन को भारत के संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के लिए हानिकारक बताते हुए कहा है कि वह इससे व्यथित और चिंतित हैं और निराशा



व दुखी महसूस कर रहे हैं। उनकी पंक्ति देखिए, 'मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर रूल्स एंड प्रोसीजर ऑफ द काउंसिल आफ स्टेट्स यानी राज्यसभा के के नियम व प्रक्रियाओं से संबंधित नियमों के तहत कई नोटिस दाखिल किए गए थे। खेद का विषय है कि न तो इनको स्वीकार किया गया और न ही मुझे या विपक्षी दलों के किसी अन्य सदस्य को बोलने की अनुमति प्रदान की गई।'

इन पंक्तियों के बाद किसी को संदेश रह जाता है कि खरगे अंततः किसे आरोपित कर रहे है। संसद के दोनों सदन में अंतिम निर्णय अध्यक्ष व सभापति का ही मान्य होता है। खरगे कह रहे हैं कि हमने तो आपको नोटिस दिया लेकिन आपने चर्चा नहीं कराया। वे उपराष्ट्रपति से मिलने की बात कर रहे हैं किंतु इसमें भी उन्होंने लिखा है कि आपसी सहमति से निर्धारित तिथि पर वह उनसे मामले पर चर्चा करें और उनकी चिताओं का निवारण करें। इस तरह की भाषा में लिखा गया पत्र ही बताता है कि स्थिति कितनी बिगड़ चुकी है। सरकार के साथ तनाव, मतभेद व संघर्ष समझ में आता है किंतु अध्यक्ष और सभापति तक की बातें न मानी जाए और उन्हें आरोपित किया जाए तो इनमें बीच का रास्ता नहीं निकल सकता। इससे पता चलता है कि सदन के अंदर कितनी विकट स्थिति रही होगी। अगर 2024 लोकसभा की चुनावी रणनीति का शिकार संसद को बनाया जाएगा तो ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। यह मान कर चलिए कि इस संसद का अंतिम सत्र यानी बजट सत्र में भी ऐसे ही डरावने दृश्य उत्पन्न होंगे।

दो युवकों का दर्शक दीर्घा से कूदना और एक का जूते से प्लास्टिक कैन निकालकर पीला धुआं छोड़ना चिंताजनक घटना थी। अगर कोई स्मोक कैन ले जा सकता है तो वह जहरीला भी ले जा सकता है। इसे गंभीरता से लेकर सुरक्षा में ऐसे आवश्यक बदलाव करने चाहिए जिसे न दर्शक दीर्घि में आने वाले दुष्प्रभावित हो और न ही आगे से इस तरह के जोखिम की संभावना रहे। सभी माननीय सांसदों को ध्यान रखना चाहिए कि देश और दुनिया में ऐसी तस्वीर न बने कि भारत अपनी संसद की सुरक्षा करने में भी सक्षम नहीं है। कुछ विपक्षी सांसद कहने लगे कि कल कोई हथियार लेकर भी अंदर आ जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि संसद की सुरक्षा में हथियार लेकर जाने की किंचित भी गुंजाइश नहीं है।

निलंबन पर सांसदों को अफसोस होना चाहिए कि उन्होंने लोकतंत्र के शीर्ष इकाई के शीर्ष प्रतिनिधि होने संबंधी आचरण की मर्यादा का उल्लंघन किया। इसके विपरीत अपने निलंबन पर गर्व महसूस करने और साथियों द्वारा महिमामंडित किए जाने का माहौल बनाया गया। विपक्ष की मांग थी की सुरक्षा चूक पर गृह मंत्री बयान दें जबकि लोकसभा अध्यक्ष ने स्वयं कहा कि संसद की सुरक्षा का दायित्व उनका है, इसलिए वे इस पर बयान देंगे। लोकसभा अध्यक्ष को बयान देने की स्थिति बनायी जानी चाहिए थी। ऐसा कोई विषय नहीं जिस पर सदन में चर्चा न की जा सके। किंतु इसके लिए दोनों पक्षों को अपने रुख में लचीलापन दिखाने की आवश्यकता थी। यह विषय सरकार की आक्रामक घेरेबंदी की बजाय सभी दलों के बीच विमर्श का था कि ऐसा क्यों हुआ और आगे इसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। ध्यान रखिए कि विधानसभा चुनाव में आईएनडीआईए लगभग अस्तित्वहीन हो गया था तथा कांग्रेस के अहंवादी व्यवहार से इसके कई घटक दलों में नाराजगी थी। भाजपा विरोध के नाम पर संसद में विपक्षी एकजुटता सबसे आसान रास्ता था और रणनीति के तहत ऐसा व्यवहार किया गया। परिणाम हमारे सामने है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित
## दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# महिमा राम नाम की




संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कम्पनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक़्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## सटाका




## आज की पाती

### अच्छे नेता की खूबियां थी वाजपेयी जी में

आए हो निभाने को जब किरदार ज़मीं पर, कुछ ऐसा कर चलो कि ज़माना मिसाल दे। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर, शिंदे छावनी में हुआ था। इनकी शिक्षा ग्वालियर में हुई और इन्होंने डीएवी कॉलेज कानपुर से एमए राजनीति विज्ञान में की थी। वाजपेयी एक अच्छे राजनेता ही नहीं थे, बल्कि इनके लिए एक बार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने राज्यसभा में भारतीय राजनीति का 'भीष्म पितामह' कहा था। अटल जी एक अच्छे कवि भी थे। इनकी कविताओं ने हर किसी के अंदर जोश और जज्बा भरा। **-रमेश गौतम**, भाटापारा

## ट्रेंड

### धरती का उपहार



कुछ साल पहले मुझे द होली पोप से मिलने का सौभाग्य मिला था। वो मेरे लिए यादगार पल था। क्रिसमस पर उपहार देने की परंपरा है। इस अवसर पर हम ये विचार करें कि कैसे हम आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर धरती का उपहार दे सकते हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गौरवशाली जीवन



अटल बिहारी वाजपेयी की याद आती है, जिन्होंने मुझे राजनीति से देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उन सिद्धांतों और समर्पण को मूर्त रूप देने का प्रयास करता हूं, जिनका अनुकरण आपने अपने गौरवशाली जीवन में किया।

**-वरुण गांधी, भाजपा नेता**

### कोई सम्मान नहीं चाहिए



हमें सिर्फ भगवान पर भरोसा है। मैंने अपना पद्मश्री सम्मान बहन-बेटियों के लिए वापस किया था, उनके सम्मान के लिए वापस किया था और जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता तब तक मुझे कोई सम्मान नहीं चाहिए। जय हिंद।

**-बजरंग पुनिया, पहलवान**

### सबसे अच्छा तरीका




सर्दी के इस मौसम में छुट्टी पर, इसे उस व्यक्ति के लिए एक उज्ज्वल और खुशी का दिन बनाएं जो सिर्फ गर्म रहने की कोशिश कर रहा है। उसके लिए कुछ दान करें और उसे गर्म कपड़े दें। यह आपके दिल को गर्म करने का भी सबसे अच्छा तरीका है।

**-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# करोड़ों डकार गए यूक्रेनी अफसर, हथियार नहीं खरीदे



यूक्रेन रक्षा मंत्रालय के उच्च पदस्थ अधिकारी को सशस्त्र समझौते से संबंधित 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर गबन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यूक्रेन के सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने आरोप लगाया कि अधिकारी ने पिछले साल दिसंबर में गोला-बारूद के एक बड़े बैच की खरीद के लिए एक विशेष निर्यात कंपनी के साथ समझौता किया था। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इन अवैध गतिविधियों को साबित करने के लिए दस्तावेज भी है। दोष साबित होने पर आरोपी को 15 साल की सजा हो सकती है। यूक्रेनी मंत्रालय ने गबन किए गए रकम की वसूली के प्रयास शुरू किया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय के प्रेस और सूचना विभाग के प्रमुख इलारियन पावलियुक ने बताया कि समझौते में संबंधित डिल्वरी के बिना भुगतान शामिल था। हालांकि, अब इस समझौते को खत्म करने और गबन के पैसे वापस पाने के रास्ते की तलाश की जा रही है। सितंबर में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने देश के रक्षा मंत्रालय से जुड़े कई भ्रष्टाचार घोटालों को उजागर करते हुए रक्षा मंत्री ओलेस्की रेजनिकोव को बर्खास्त किया था। मीडिया के अनुसार अमेरिका ने यूक्रेन से सरकारी भ्रष्टाचार से निपटने के पयासों में तेजी लाने का अनुरोध किया है।

## ऑफ बीट

# सांता क्लॉज़ की उत्पत्ति कहां से हुई?



सेंट निकोलस यह सब सेंट निकोलस से शुरू होता है, एक व्यक्ति जो चौथी शताब्दी में रहता था। कोई भी विश्वसनीय ऐतिहासिक स्रोत उनके जीवन के तथ्यों को साबित नहीं कर सकता है, लेकिन परंपरा के अनुसार, मायरा के सेंट निकोलस, जिन्हें बाद में बारी के सेंट निकोलस के नाम से जाना जाता था, सम्राट कॉन्सटेंटाइन द ग्रेट के शासनकाल के दौरान रहते थे। परंपरा के अनुसार, उनका जन्म एशिया माइनर में प्राचीन लाइकिया के एक शहर पटारा में हुआ था, जो अब तुर्की का हिस्सा है। निकोलस, जो बाद में मायरा के बिशप बने, अपने गहन ईसाई विश्वास और असाधारण करुणा के लिए जाने जाते थे। हालाँकि ऐतिहासिक रिकॉर्ड उनके जीवन का विस्तृत विवरण प्रदान नहीं करता है, परंपरा हमें बताती है कि उन्होंने अपनी युवावस्था में फलस्तीन और मिस्र की यात्रा की, जिससे उनकी गहरी आध्यात्मिक प्रतिबद्धता विकसित हुई। निकोलस जब छोटा था तो अनाथ हो गया था और उसके पास एक बड़ी विरासत थी। उन्होंने इस धन का उपयोग जरूरतमंदों की मदद के लिए करने का फैसला किया। उनकी उदारता का सबसे प्रसिद्ध कार्य तीन गरीब बहनों के लिए दहेज प्रदान करना था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## राजौरी में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी सुरक्षा का लिया जायजा

# जम्मू पहुंचे सेना प्रमुख मनोज पांडे...पूर्व डीजीपी ने कहा -सेना में स्थानीय लोगों की तादात बढ़ाएं, जिनको चप्पे-चप्पे की जानकारी

जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने राजौरी-पुंछ सेक्टर में बार-बार हो रहे आतंकी हमलों के लिए खुफिया इंटेलिजेंस की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया। हमें अपने खुफिया नेटवर्क को मजबूत करना होगा। घाटी में आतंकी घटनाओं में तेजी आने के बाद सेना प्रमुख का यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है।

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकियों के हमले के बाद सोमवार को आर्मी चीफ मनोज पांडे राजौरी पहुंचे हैं। उन्होंने यहां पहुंचकर सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें जमीनी हकीकत से वाकिफ कराया।

जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने राजौरी-पुंछ सेक्टर में बार-बार हो रहे आतंकी हमलों के लिए खुफिया इंटेलिजेंस की नाकामी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि हमें अपने खुफिया नेटवर्क को मजबूत करना होगा। हम खराब इंटेलिजेंस की वजह से दिक्कत उठा रहे हैं।

**पूर्व डीजीपी बोले-हमें अपने खुफिया नेटवर्क को मजबूत करना होगा**

- सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें जमीनी हकीकत से कराया वाकिफ
- आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने इस मामले को गंभीरता से लिया
- हम खराब इंटेलिजेंस की वजह से उठा रहे हैं दिक्कत



### आतंकियों को उनके ठिकानों से बाहर करेंगे

उन्होंने कहा कि हमें स्थानीय लोगों को चुनकर उन्हें पुलिस और यहां तक कि सेना में उनकी एसपीओ के पद पर भर्ती करनी चाहिए। मुझे 100 फीसदी यकीन है कि वे आतंकियों को उनके ठिकानों से बाहर निकालने में कामयाब होंगे, क्योंकि वे यहां के चप्पे-चप्पे से वाकिफ हैं। 21 दिसंबर को दानार सवानिया मोड़ पर आतंकवादियों ने सेना के दो वाहनों पर हमला कर दिया था, जिसमें 4 जवान शहीद हो गए थे।

### जमीनी तलाशी अभियान तेज

हमले की चपेट में आए सेना के वाहन एक ऑपरेशन के लिए जा रहे थे, जो इलाके में संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट के बाद गुरुवार सुबह शुरू किया गया था। इलाके की हवाई निगरानी के बीच सेना ने जमीनी तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

### जांच के आदेश

इस बीच सेना ने 3 नागरिकों की हत्या की आंतरिक जांच के आदेश दे दिए हैं। सेना कुछ अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार कर रही है। सेना वर्तमान में पुंछ-राजौरी में तैनात कुछ अधिकारियों का ट्रांसफर कर सकती है। पुंछ पुलिस ने नागरिकों की हत्या मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। 5 अन्य घायलों इलाज चल रहा है।

### तीसरे दिन भी बंद मोबाइल इंटरनेट

बता दें कि गुरुवार को पुंछ के सुरनकोट इलाके में ढेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर आतंकवादियों ने घात लगाकर सेना के वाहनों पर हमला कर दिया था। जिसमें चार जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने कहा कि घटनास्थल के पास बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है, जिसमें सुरनकोट और पास के राजौरी जिले के थानामंडी जंगल शामिल हैं। पुंछ और राजौरी में लगातार तीसरे दिन मोबाइल इंटरनेट बंद है।

---


## खबर संक्षेप

### आतंकी हाफिज सईद की पार्टी लड़ेगी आम चुनाव



**लाहौर।** पाक में 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद की नई पार्टी भी चुनावों में उतर गई है। हाफिज ने एक राजनीतिक फ्रंट बनाया है जो 8 फरवरी के आम चुनावों के लिए पूरे पाक में अपने प्रत्याशी उतार रहा है। इस पार्टी का चुनाव चिन्ह 'कुर्सी' है। हाफिज के बेटे तल्हा सईद लाहौर के एनए-127 से चुनाव लड़ रहे हैं।

### यीशु के जन्म स्थान बेथलहम पर नहीं मना क्रिसमस



**बेथलहम।** सैकड़ों वर्षों के इतिहास में वर्ष 2023 में ऐसा पहली बार हुआ है, जब प्रभु ईसा मसीह के जन्मस्थान बेथलहम में क्रिसमस डे पर कोई जश्न नहीं मना है। बेथलहम आम तौर पर क्रिसमस पर सबसे व्यस्त रहता है, लेकिन इस साल इजराइल-हमास युद्ध के चलते यहां अजीब सा सन्नाटा पसरा है।

### 6वीं पास हजारों छात्राओं के रौंद दिए सपने



**काबुल।** अफगानिस्तान में लड़कियों की जिंदगी को तालिबान ने नर्क बना दिया है। क्रूर तालिबानियों ने 6वीं में पढ़ने वाली बच्चियों तक को नहीं बख्शा। लिहाजा कक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद इन छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। तालिबानियों ने उनके सपनों पर दहशत का बुलडोजर चला दिया।

### 'डेट रेप' में फंसे ब्रिटेन के गृहमंत्री जेम्स



**लंदन।** ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली 'डेट रेप' के चक्कर में फंस गए हैं। 'डेट रेप' की घटना उस वक्त चर्चा में आई जब ब्रिटिश गृहमंत्री ने अपनी पत्नी को एक नशीला पदार्थ पिला दिया। हालांकि उन्होंने ऐसा मजाक में किया था। इसके बाद उनसे इस्तीफे की मांग की जा रही है।

---

### 5 दिन तक भारत-रूस के संबंधों को नई दिशा देने चलेगी मंत्रणा

# मास्को पहुंचे विदेश मंत्री, नए अंदाज में नजर आए जयशंकर, शेयर की तस्वीरें

**एस जयशंकर का पहले नहीं देखा होगा ऐसा लुक**

*भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर आज से 5 दिनों की विदेश यात्रा पर रूस पहुंच गए हैं। रूस की राजधानी मास्को पहुंचने के बाद उन्होंने एक्स पर अपनी तस्वीर शेयर की है। जयशंकर एक नए लुक में नजर आ रहे हैं।*

**जयशंकर ऐसे वक्त पहुंचे, जब रूस-यूक्रेन युद्ध को 22 महीने बीते** | **विभिन्न द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा**

एजेंसी ▶▶ मास्को

भारत के विदेश मंत्री एसजयशंकर 5 दिवसीय यात्रा पर सोमवार को रूस पहुंच गए हैं। रूस की राजधानी मास्को पहुंचने पर एक्स पर उन्होंने अपनी तस्वीर शेयर की है।

वह बिलकुल नए अंदाज में नजर आ रहे हैं। इससे पहले शायद विदेश मंत्री को आपने ऐसे लुक में कभी नहीं देखा रहा होगा। रूस पहुंचने के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा कि मास्को पहुंच गया हूं। आगे मेरे व्यस्ततम कार्यक्रमों की प्रतीक्षा करें। यानि इन 5 दिनों की रूस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री भारत और रूस बीच संबंधों को एक नई दिशा देने वाले हैं। जयशंकर ऐसे वक्त में रूस पहुंचे हैं। जब रूस-यूक्रेन युद्ध को 22 महीने बीत चुके हैं।

**जयशंकर मॉस्को के साथ ही सेंट पीटर्सबर्ग जाएंगे**




### समय की कसौटी पर खरी उतरी भारत-रूस साझेदारी

*रूस में विदेश मंत्री विभिन्न द्विपक्षीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वह आज से रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर मास्को में हैं। जयशंकर मॉस्को के साथ ही सेंट पीटर्सबर्ग जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार जयशंकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे उच्च स्तरीय संवाद के तौर पर 25 से 29 दिसंबर तक रूस की यात्रा पर रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि समय की कसौटी पर खरी उतरी भारत-रूस साझेदारी स्थिर तथा लचीली बनी हुई है और विशेष व विशेषाधिकार रणनीतिक साझेदारी की भावना के साथ इसकी खासियत बनी हुई है।*

### भारत-रूस में इन अहम मुद्दों पर होगी बात

*विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर रूस के उप प्रधानमंत्री तथा उद्योग व व्यापार मंत्री डेनिस मांतुरोव से मुलाकात करेंगे और आर्थिक भागीदारी से जुड़े मामलों पर चर्चा करेंगे। उसने कहा कि जयशंकर रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि हमारे दोनों देशों के बीच मजबूत परस्पर और सांस्कृतिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विदेश मंत्री के कार्यक्रम में मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग भी शामिल होंगे। ऐसी जानकारी है कि दोनों पक्ष खासतौर से व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और संपर्क के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा कर सकते हैं। जयशंकर की यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है जब यह स्पष्ट हो गया है कि वार्षिक भारत-रूस नेता शिखर वार्ता इस साल भी नहीं होगी।*

### रूस है भारत का पुराना साथी

भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति के बीच शिखर वार्ता रणनीतिक भागीदारी में उच्च स्तर का संवाद कार्यक्रम है। अभी तक भारत और रूस में बारी-बारी से 21 वार्षिक शिखर वार्ता हुई हैं। आखिरी शिखर वार्ता दिसंबर 2021 में नयी दिल्ली में हुई थी। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बावजूद भारत और मॉस्को के बीच संबंध मजबूत बने हुए हैं। कई पश्चिम देशों द्वारा नाखुशी जताए जाने के बावजूद रूस के कच्चे तेल का भारत का आयात काफी बढ़ा है। भारत ने अभी तक यूक्रेन में रूस के युद्ध की निंदा नहीं की है और वह कहता रहा है कि इस संकट को कूटनीति और संवाद के जरिए हल किया जाना चाहिए।

---

### राष्ट्रपति पर लगाया चुनाव में गड़बड़ी का आरोप

## सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए सर्बिया में हजारों लोग



बेलग्रेड की ऐतिहासिक इमारत सिटी हॉल में घुसने का प्रयास करते हुए प्रदर्शनकारी

एजेंसी ▶▶ बेलग्रेड

यूरोपीय देश सर्बिया में इन दिनों सरकार विरोधी प्रदर्शन बड़े पैमाने पर हो रहे हैं। रविवार को तो प्रदर्शनकारियों ने बेलग्रेड की ऐतिहासिक इमारत सिटी हॉल में घुसने की कोशिश की।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों से झड़प भी हुई। बता दें कि प्रदर्शनकारियों की मांग है कि हाल ही में हुए चुनाव को अवैध घोषित किया जाए। क्योंकि राष्ट्रपति वुसिक ने चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली की है। वहीं राष्ट्रपति वुसिक ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि प्रदर्शनकारी देश को अशांत करना चाहते हैं लेकिन वह इसमें सफल नहीं होंगे। पुलिस ने 35 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीते मई में भी सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए थे।

### चुनाव को अवैध घोषित करने की मांग

सर्बिया में बीती 17 दिसंबर को आम चुनाव नतीजों का एलान किया गया था। इस चुनाव नतीजों में भी राष्ट्रपति एलेक्जेंडर वुसिक की सरकार की सत्ता में वापसी हुई। वुसिक की पार्टी सर्बियन प्रोग्रेसिव पार्टी ने 47 फीसदी वोट पाकर फिर से सत्ता हासिल की। वहीं विरोधी पार्टी सर्बिया अगेंस्ट वॉयलेंस को 23.5 फीसदी वोट मिले। अन्य सोशलिस्ट पार्टी ऑफ सर्बिया को 6.56 फीसदी वोट मिले हैं। हालांकि विपक्षी पार्टियों के समर्थक इन नतीजों से खुश नहीं हैं और चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर चुनाव को अवैध घोषित कर दोबारा चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं।

### पर्यवेक्षकों ने भी ऐसा ही किया दावा

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि राष्ट्रपति वुसिक ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए मतपेटियों में गड़बड़ी कराई। कई अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने भी ऐसा ही दावा किया है। चुनाव नतीजे आने के बाद से ही सरकार और राष्ट्रपति वुसिक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। रविवार की शाम सैंकड़ों प्रदर्शनकारियों ने बेलग्रेड शहर की ऐतिहासिक प्रशासनिक इमारत बेलग्रेड सिटी हॉल में घुसने की कोशिश की।

---

## 100 साल बाद यूक्रेन में मना 'क्रिसमस' का जश्न



*कीव। रूस और यूक्रेन मध्य जंग के चलते रूस की संस्कृति को ठुकराते हुए इस बार यूक्रेन ने पश्चिमी देशों की तरह 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। इस फेस्टिवल के जरिए यूक्रेन ने रूस को तगड़ा जवाब दिया है। यूक्रेन बता दिया कि वो उनकी परंपराओं को नहीं मानता। जुलाई में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे यूक्रेन में क्रिसमस की राजकीय छुट्टी की तारीख बदल गई। कभी सोवियत संघ का हिस्सा रहने के चलते यूक्रेन का रूस की संस्कृति से गहरा जुड़ाव है। अब तक यूक्रेन में रूस की तरह 7 जनवरी को क्रिसमस मनाया जाता था।*

---

### फ्रांस सरकार ने मानव तस्करी के आरोप में रोका था

## 300 यात्रियों के साथ फ्रांस में फंसा विमान अब मुंबई पहुंचा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फ्रांस में पिछले तीन दिनों से फंसा लीजेंड एयरलाइंस का विमान सोमवार को मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कर लिया है। इस विमान में 300 से ज्यादा यात्री सवार हैं और उनमें अधिकतर भारतीय मूल के लोग शामिल हैं।

फ्रांस की सरकार ने मानव तस्करी के आरोप में इस विमान को रोका था। बता दें कि रोमानिया की लीजेंड एयरलाइंस के ए340 विमान ने दुबई से निकारागुआ के लिए उड़ान भरी थी। यह विमान तकनीकी खराबी के चलते फ्रांस के वेट्री एयरपोर्ट पर उतरा था। इसी दौरान फ्रांस की सरकार को सूचना मिली कि इस विमान से मानव तस्करी की जा रही है, जिसके बाद फ्रांस ने इस विमान को रोक लिया था।




### फ्रांस में कोर्ट की सुनवाई के बाद विमान को छोड़ा गया

*फ्रांस की सरकार ने मानव तस्करी के एंगल से मामले की जांच की। सुनवाई के दौरान चार जजों ने हिरासत में लिए गए यात्रियों से सवाल किए। यात्रियों में कई हिंदीभाषी और कई तमिलभाषी लोग थे। सुनवाई के बाद जजों ने विमान को रवाना करने का आदेश दे दिया। गौरतलब है कि विमान में 11 नाबालिग भी सवार हैं।*

### एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए बिस्तर

*लीजेंड एयरलाइंस की वकील ने कहा था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह जांच में सहयोग कर रहे हैं। वहीं भारतीय यात्रियों के विमान को फ्रांस में रोके जाने के बाद फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी भी वेट्री एयरपोर्ट पहुंचे थे।*

---

### महिलाओं ने संभाली आंदोलन की कमान

## अपहरण, हत्या और हिंसा के खिलाफ पाकिस्तान में 1600 किमी पैदल मार्च

◆ आंदोलन से हिल गया पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

हजारों बलूच नागरिकों के आंदोलन से पाकिस्तान हिल गया है। बलूच महिलाओं ने बलूचिस्तान के नागरिकों के अपहरण, हत्या और हिंसा के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोल रखा है।

महिलाओं ने 1600 किलोमीटर का पैदल मार्च करके पाकिस्तान सरकार की नाक में दम कर दिया है। पाकिस्तान के इतिहास में यह पहला सबसे बड़ा महिला आंदोलन है। इस आंदोलन से पाक सरकार की हालत खराब हो गई है। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने काफी गिरफ्तारियां भी की हैं। मगर बलूचों के दबाव में अब उनकी रिहाई भी करनी पड़ रही है। पुलिस ने 290 बलूच कार्यकर्ताओं को रिहा कर दिया।



### जबरन अपहरण और हत्याओं से लोग परेशान

कार्यकर्ता उग्रवाद से प्रभावित दक्षिण पश्चिम प्रांत में जबरन गायब किए जाने और न्यायेतर हत्याओं का विरोध करने के लिए गुरुवार को बलूचिस्तान प्रांत के एक शहर तुरबत से 1,600 किलोमीटर की यात्रा कर यहां पहुंचे थे। प्रदर्शनकारियों में अधिकतर महिलाएं थीं और कुछ लोग अपने 7 से 12 साल के बच्चों को भी साथ लाए थे। सुरक्षा बलों द्वारा गिरफ्तार करने के लिए उन पर लाठियां भांजीं। जिससे 24 वर्षीय की मौत हो गई।

---

### विदेशी जमीं पर तेजस, हेलिकॉप्टर व एयरक्राफ्ट मार रहे दहाड़

### इस साल 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का रक्षा निर्यात हुआ

## पूरी दुनिया को पसंद आ रहे हैं भारतीय हथियार... 2023 में रिकॉर्ड तोड़ निर्यात

**2022 में करीब 16 हजार करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात**

इस साल भारत के डिफेंस सेक्टर ने रिकॉर्ड तोड़ा है। पिछले साल की तुलना में 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का रक्षा निर्यात हुआ है। जिसमें बड़े हथियार से लेकर छोटे उपकरण शामिल है। इसके अलावा रक्षा उत्पादन का भी रिकॉर्ड टूटा है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि इस साल पिछले साल की तुलना में 3000 करोड़ रुपए से ज्यादा का रक्षा निर्यात हुआ है। साथ ही देश में एक लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन हुआ है। इस साल पूरी दुनिया से एलसीए-तेजस, हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर, एयरक्राफ्ट कैरियर और अन्य चीजों की डिमांड रही।

भारतीय सेनाओं को आधुनिक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर मिशन के तहत ज्यादातर चीजों, हथियारों, उपकरणों को भारत में ही बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे भारत की सीमाएं सुरक्षा बढ़ी है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार वित्त वर्ष यानी 2022-23 में करीब 16 हजार करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात हुआ है। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 3000 करोड़ रुपए ज्यादा है।



पीएम मोदी और राजनाथ सिंह स्वदेशी हथियारों की टेस्टिंग करते हुए।

**आत्मनिर्भर मिशन को मिली बड़ी सफलता, ज्यादातर चीजें, हथियारों, उपकरण भारत में ही निर्मित**

### 85 से अधिक देशों को निर्यात

भारत इस समय 85 से अधिक देशों को रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहा है। भारत ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि कैसे उसकी डिजाइन, तकनीक और विकास का तरीका शानदार है। इस समय देश की 100 से ज्यादा कंपनियां रक्षा उत्पादों को दूसरे देशों में निर्यात कर रही हैं। इनमें हथियार से लेकर विमान, मिसाइल से लेकर रॉकेट लॉन्चर्स तक हैं। जिनको विदेशों में बड़ी मात्रा में मांग बढ़ गई है।

## घर आंगन से गिरिजाघरों तक बिखरी क्रिसमस की खुशियां

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रभू यीशु का जन्मोत्सव



**जबलपुर**। "हैप्पी क्रिसमस टू यू" कहकर मसीहीजन एक दूसरे को प्रभू यीशु के जन्मदिन की बधाईयां दे रहे थे। कुछ ऐसे ही दृश्य गिरिजाघरों और मसीह समाज के बाहुल्य वाले क्षेत्रों में देखने को मिले। प्रभु यीशु के जन्मदिवस पर बड़े दिन पर लोगों ने अपने घरों में तैयारियां की। उन्होंने अपने घरों में गौशाला बनाई और घरों को खूबसूरती से सजाया, इसके साथ ही उन्होंने अपने घरों को विद्युत झालरों से रोशन करते हुए क्रिसमस स्टार को भी लगाया।

आज गिरिजाघरों में देर रात तक कार्यक्रम चलते रहें। गिरिजाघरों में आराधना की शुरुआत क्रिसमस कैरोल से हुई। कैरोल का अर्थ है- आनंद के गीत। जब प्रभु येशु ने धरती पर जन्म लिया तो स्वर्ण दूतों ने खुशी के संदेश को भेड़ चराने वाले गडेरिये को दिया और गडरियों ने यह संदेश सभी को दिया। क्रिसमस कैरोल-जॉय टू द वर्ल्ड, द लार्ड इज कम, हॉक द हीरल, ओ कम ओनली फेथ फुल, साइलेंट नाईट, ये प्यारी रात खुशी की रात आई है, आदि कैरोल हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में गाये गए। प्रत्येक गिरिजाघर सुंदर रंग-बिरंगी झालरों से नहा रहा था विभिन्न गिरिजाघरों में लोग नये परिधानों में सज-सज कर प्रभु येशु के जन्मदिवस क्रिसमस के पावन पर्व प्रार्थना सभाओं में भाग लेने के लिये के लिये पहुंचे। सेंट जार्ज आर्थोडॉक्स चर्च, सेंट्र एंड्रूज मारथोमा चर्चा, जबलपुर काथलिक डायसिस का सेंटपीटर एवं पाल केथोलिक चर्च कथीड्रल सीएनआई में प्रार्थना की गई एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

रविवार की रात 12 बजे से गिरिजाघरों में प्रभु यीशु के जन्म की खुशियां मनाई गईं। आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से जगमगाते गिरिजाघरों में घड़ी के कांटे 12 के अंक पर मिलते ही शानदार आतिशबाजी कर केक काटा गया और घंटे बजाकर प्रभु यीशु के आगमन पर कैरोल गीत गाये गये। गिरिजाघरों में क्रिसमस ट्री के अलावा प्रभु यीशु के जन्म की झांकियां सजाई गईं। सुबह होते ही पुन गिरिजाघरों में चहल पहल प्रारंभ हो गई थी।

मसीहीजन गिरिजाघरों में पहुंचे और विशेष प्रार्थना सभाओं में उन्होंने प्रभु यीशु का स्मरण किया और उसके बाद क्रिसमस की बधाईयों का सिलसिला प्रारंभ हुआ। जो देर रात तक जारी रहा। चर्च में पहुंचने वाले बच्चों का सांताक्लाज ने टाफियां और उपहार वितरित किये। मसीही जनों ने अपने परिचितों, मित्रों, रिश्तेदारों को बुलाकर क्रिसमस की पार्टियां दी और प्रभु के जन्म दिन की खुशियां बांटकर एक-दूसरे को बधाईयां दी। क्रिसमस पर्व की बधाईयों का यह सिलसिला एक सप्ताह तक निरंतर चलता रहेगा।



# मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा का विप्र सम्मेलन संपन्न

**पत्रकार शुभम शुक्ला समेत कई सम्मानित**

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा का विप्र सम्मेलन ब्रह्मलीन आदर्श मुनि त्रिवेदी नगर ,हितकारिणी गोविंदगंज स्कूल प्रांगण जबलपुर में संपन्न हुआ जिसमें हजारों की संख्या में विप्र समुदाय ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक विप्र सम्मेलन की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पंडित विष्णु राजोरिया ने किया तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रीवा नगर निगम के महापौर पं. अजय मिश्रा बाबा, मैहर विधायक पंडित श्रीकांत चतुर्वेदी, जबलपुर उत्तर मध्य के विधायक अभिलाष पांडे , मां शारदा मंदिर मंदिर के पुजारी धीरज महाराज रहे। अधिवेशन में जगतगुरु स्वामी राघवदेवाचार्य जी महाराज ,डॉ स्वामी राधे चैतन्य जी महाराज काली मठ व स्वामी चैतन्यानंद जी महाराज बगलामुखी मठ ने अपनी अमृतमयी वाणी से महाधिवेशन को आशीर्वचन दिया।

कार्यक्रम में समाज की श्रेष्ठ विभूतियों, देवियों व युवा प्रतिभाओं को इस वर्ष भी विभिन्न अलंकरणों से सम्मानित किया गया। प्रो. रहस विबहारी द्विवेदी निदेशक संपूर्णानंद शतकतु राष्ट्रीय विद्धता सम्मान समारोह 2023 से सम्मानित किए गए। स्व.डॉ. ओम प्रकाश त्रिवेदी आईपीएस स्मृति शौर्य सम्मान 2023 से पं. सूर्यकांत शर्मा, एडी.एस.पी को सम्मानित किये गया। प्रो. यूडी मिश्रा स्मृति पत्रकारिता सम्मान 2023 से पं. शुभम शुक्ला को सम्मानित किए गए।

## शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह मंच ने चार साहिबजादों को किया नमन

**जबलपुर**। देश और धर्म पर अपना सर्वोच्च नैछावर करने वाले साहिब श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जैरावर सिंह, फतह सिंह हँसते-हँसते अपने धर्म पर कायम रहते हुए अपनी कुरबानियाँ इस वतन कि लिए दी, शहीदी दिवस के चलते शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह विचार मंच ने उनको याद करते हुए, उनकी शहादत को नमन के साथ गुरु के चरणों में अरदास करते हुए याद किया, इस कार्यक्रम में तजिंदर सिंह टीटू डिम्पी बिन्द्रा, काके आनंद, रविंदर सिंह चाना, अमरजीत सिंह चड्डा, हरजीत सिंह खालसा, सतनाम सिंह, उत्तम सिंह, किंगी पाजी, रबजोत सिंह बिन्द्रा, निशांन सिंह, फतह सिंह, बलजीत सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



## ओम सांई विजन ने श्रमदान किया

**जबलपुर**। नगर पालिक निगम जबलपुर की सहयोगी संस्था ओम साई विज़न की आई. ई. सी. टीम एवं वार्ड मै विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम में पार्षद श्री अविनाश चमकेल जी, डी. ओ. श्री जगेन्द्र सिंह जी एवं अन्य गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में श्रमदान कार्यक्रम कराया एवम यहां उपस्थित सभी आम नागरिकों को समझाइश दी गई अपने आस पास ज्यादा से ज्यादा साफ सफाई का ध्यान रखें कहीं भी यहां वहां कचरा ना फैकें ।और ना ही किसी को फेकने दें ।और लोगों को स्वच्छता के बारे में प्रेरित किया गया।



## सदर में निकली अक्षत कलश यात्रा

**जबलपुर**। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर निर्माण को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिन्दू परिषद शिवाजी प्रखंड के द्वारा आयोजित अक्षत कलश यात्रा में भगवान श्री राम दरबार की झांकी एवं अक्षत कलश शोभायात्रा के रूप में सदर काली माई मंदिर सिद्ध पीठ से प्रारंभ होकर सदर की विभिन्न गलियों से होते हुए सदर काली माई मंदिर सिद्ध पीठ प्रांगण में ही समाप्त हुई जिसमें श्रेत्रीय माता बहनों एवं हिन्दू जन मानस ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पूजन अर्चन कर शोभायात्रा का स्वागत किया जिससे क्षेत्र का वातावरण भगवामय हो गया पं कन्हैया रामकृष्ण तिवारी, पंकज गुप्ता,जागेश राव, वीरेंद्र साहू, रमेश यादव, सचिन कनोजिया, सचिन रजक,वीरु यादव, नितिन नामदेव,अचल नायडू ,नितेश पारस, निखिल रजक, इत्यादि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व हिन्दू परिषद शिवाजी प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने शोभा यात्रा को सफल बनाने प्रयास किया।



## समारोह पूर्वक रोपा गया 7100 पौधा



**जबलपुर**।कदम संस्था द्वारा द्वारा 17 जुलाई 2004 से जारी जन्मोत्सव पर पौधारोपण अभियान का गौरवशाली 7100 पौधा रोपण कार्यक्रम सिविक सेंटर पार्क में समारोह पूर्वक लगाया गया कदम संस्था द्वारा संस्कारधानी वासियों के साथ-साथ संपूर्ण विश्व के लोगों को अपना जन्मदिन पौधा रोपकर मनाने का संदेश देने वाली संस्था कदम ने आज प्रतिदिन पौधारोपण अभियान के 7100 दिन पूरे किए इस अवसर पर एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया जिसमें अतिथि के रूप में कदम संस्थापक योगेश गनोरे सायोजक बलदीप सिंह मैनी पौधारोपण अभियान की प्रभारी श्रीमती सीमा चतुर्वेदी श्रीमती शैल अवस्थी बीजारोपण अभियान के प्रभारी गुरमीत सिंह कपूर संरक्षक सदस्य रवि पटेल संरक्षक सदस्य एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर आई के खन्ना जॉर्जिया से पधारी कदम की संरक्षक सदस्य कुमारी स्नेहा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रही।

# वेटरनरी कॉलेज के पशु औषधि विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया

**जबलपुर।**

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय के अंतर्गत वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के पशु औषधि विभाग ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपना परचम लहराया। विदित हो की वेटरनरी इंटरनल एंड प्रिवेंटिव मेडिसिन की चौथी संगोष्ठी एवं अधिवेशन का आयोजन इस वर्ष जम्मू कश्मीर के शेर ए कश्मीर कृषि एवं प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय में किया गया। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पशु औषधि विभाग जबलपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शशि प्रधान एवं पीएचडी छात्र डॉ आदित्य प्रताप को उनके शोध कार्य के लिए यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। पशु औषधि विभाग की विभाग प्रमुख डॉ कबिता रॉय ने




शुभकामनाये प्रेषित करते हुए बताया कि दोनों ही विद्यार्थियों ने विभाग के अंतर्गत डॉ अमिता तिवारी के निर्देशन में अपना शोध कार्य किया है एवं इनके शोध कार्य में डॉ देवेंद्र गुप्ता, डॉ ब्रजेश सिंह, डॉ रणबीर सिंह जाटव का भी सहयोग रहा। पीएचडी छात्र डॉ आदित्य प्रताप ने बकरियों में थनेला रोग के दौरान होने वाले ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस एवं उसे कम करने के लिए एंटीऑक्सीडेंट के प्रभाव पर अपना शोध किया जिसके लिए उन्हें संगोष्ठी के रुमिनैंट मेडिसिन श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ यंग साइंटिस्ट अवार्ड से पुरुस्कृत किया गया। वहीं डॉ शशि प्रधान ने बकरियों में हने वाले कोक्सिडीओसिस रोग एवं उसका हर्बल मेडिसिन द्वारा उपचार पर अपना पीएचडी शोध कार्य किया जिसके लिए उन्हें यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कम्पैनियन एनिमल श्रेणी में पीएचडी छात्र डॉ आदित्य प्रताप को तृतीया बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन अवार्ड भी मिला। इस सफलता हेतु अधिष्ठाता डॉ आर के शर्मा ने सभी को बधाई दी और इसी तरह औषधि विभाग एवं महाविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय प्रो (डॉ ) सीता प्रसाद तिवारी जी ने राष्ट्रीय स्तर पर इस सफलता के लिए अपनी बधाइयाँ प्रेषित की एवं छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट शोध करने का आव्हान दिया जिससे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनके एवं उनके इस विश्वविद्यालय की गरिमा में निरंतर बृद्धि हो।




## ज्ञान-विज्ञान का अनूठा संगम लाला रामस्वरूप जी. डी. एंड संस

**जबलपुर**। संस्कार, शिक्षा सहित जीवन के महत्वपूर्ण पलों को शुभ फलदायी बनाते सटीक शुभ मुहूर्त, तिथियों व नक्षत्रों की सटीक गणना। भविष्य का आईना दिखाते राशिफल। कुंडली मिलान, ग्रह नक्षत्र की दशा यानी पंचाग की बारीक से बारीक खूबी को समेटे लाला रामस्वरूप जी डी एंड संस पंचाग वर्ष 2024 में और भी खूबियॉ लेकर आया है। इसमें आयकर विवरणी से जुडी अनेक जानकारी के साथ ही राशिफल के अनुसार पूरी दुनिया पर पडने वाले प्रभावों की जानकारी एवं सटीक भविष्यवाणी जो सही सिद्ध हुई पंचांग में समाहित की गई है। अपनी इन्हीं खूबियों के चलते जबलपुर से प्रकाशित लाला रामस्वरूप जी डी एंड संस पंचांग हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों मे भी भारतीय परिवारों की पहली पसंद बना हुआ है।

## नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा भेड़ाघाट में आज

**जबलपुर**। हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा इस बार अगहन पूर्णिमा 26 दिसंबर प्रात 8:30 बजे 397 वी संत महात्माओं के सानिध्य में सीताराम संकीर्तन प्रभात फेरी शहपुरा भिटोनी विशेष प्रस्तुति में की जाएगी। बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण होगा। परिक्रमा आश्रम से प्रारंभ होकर पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार गोपालपुर से लामेटा घाट में नाव से पार कर शनि मंदिर इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सिद्धन माता के आश्रम के सामने से नाव पार कर सरस्वती घाट होते हुए आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष डॉ शिव शंकर पटेल, पंडित मनमोहन दुबे, श्याम मनोहर पटेल, कैलाश विश्वकर्मा, मनोज गुलाबबानी आदि ने की है।

## मेडिकल कॉलेज 1998 बैच के रीयूनियन में उत्साह और उमंग का संगम

**जबलपुर।**

कॉलेज डेज बहुत ही यादगार होते हैं, यहां बिताया हर पल छात्र के लिए बेहद कीमती है। वह न सिर्फ जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता खोजता है बल्कि गुरुजनों के आशीर्वाद व मित्रों के रूप में एक खजाना भी अपने साथ लेकर आगे बढ़ता है। कुछ ऐसी खट्टी मीठी यादों के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के 1998 बैच के पूर्व छात्रों का भी यूनियन 22, 23,24 दिसंबर को आयोजित हुआ, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर गुरुजनों के सम्मान तक, विविध आयोजनों के जरिए छात्रों ने शानदार सेलिब्रेशन किया। उल्लेखनीय की समारोह में देश-विदेश से छात्र पहुंचे और अपनी अध्ययन स्थली को नमन किया। बैच के डॉ. अमितेश चतुर्वेदी, डॉ. शशिकांत पटने, डॉ.चेतना शमशेरी, डॉ. गौरव गुप्ता, डॉ.अनिल सिंह डॉ.अमित सिंह, डॉ. नेहा तिवारी डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. सुदीप अग्रवाल ने बताया कि ये पल बहुत ही भावुक कर देने वाले थे, हम उसी कॉलेज में थे, जहां कई वर्षों पूर्व हमने अपने एक नए सफर की शुरुआत की थी। आगे भी हमारी कोशिश रहेगी कि कॉलेज से साथ हमेशा बना रहे। हम इसकी उन्नति में अपना पूरा-पूरा सहयोग दे सकें।



# पोदार इंटरनेशनल स्कूल ने दूसरा वार्षिक दिवस मनाया

**जबलपुर**। पोदार इंटरनेशनल स्कूल, जबलपुर ने अपना दूसरा वार्षिक दिवस रविवार, 24 दिसंबर, 2023 की बड़ी भव्यता, उल्लास और उत्साह के बीच मनाया। वार्षिक दिवस 2013 को "कृष्ण कथाएँ" थीम के इर्द-गिर्द बुना गया था। दिन की भव्यता को दो सम्मानित मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल एम. के. दास (परम विशिष्ट सेवा मेडल, जीजीबी मध्य भारत क्षेत्र) और डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा (डीआरडीओ के महानिदेशक, सीईओ और एमडी ब्रम्होस मिसाइल ने और अधिक मजबूत बना दिया)। इस कार्यक्रम में राजेश्वर शर्मा (महाप्रबंधक-पोदार एमपी हन



क्षेत्र) और प्रिसिपल भारत भूषण झा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। प्राचार्य भारत भूषण झा ने अतिथियों और सभा का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से स्कूल की उपलब्धियों को साझा।




## गीता जयंती उत्सव मनाया गया

**जबलपुर**। विवेकानंद केंद्र के पांच प्रमुख उत्सवों में शामिल गीता जयंती कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें अमृत परिवार की संकल्पना को प्रमुख रूप से समाज के बीच स्थापित करने और भागवत गीता के सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से जीवन में उतरने पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता डॉ सिद्धांत सिंह ने बताया कि भगवतगीता जीवन में धर्म, प्रकृति, जीव, काल और कर्म की अवधारणा का पाठ सिखाती है । इन्हीं में मानव जीवन की सभी कलाएं समाहित हैं अतः प्रत्येक व्यक्ति को भगवत गीता का अध्ययन अनिवार्य रूप से करना चाहिए ताकि हमारे जीवन की हर चुनौती व समस्या का समाधान हम स्वयं कर सकें ।विवेकानंद केंद्र के विभाग प्रमुख मोहन चक्रवैश्य, वाय एम दुबे, डॉ. अतुल दुबे, आभा परांजपे, वर्षा पटेल, न्युमो मोन्यक आदि सहित परिजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुंजन के 66वें स्थापना दिवस पर विभूतियों का सम्मान आज

**जबलपुर**। नगर की साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था गुंजन कला सदन का 66वां स्थापना दिवस 26 दिसम्बर को शाम 06 बजे से संस्था के संरक्षक, विधायक अजय विश्नोई के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. आनंद तिवारी की अध्यक्षता में शहीद स्मारक भवन, गोलबाजार में आयोजित है। कार्यक्रम में वंदना नृत्य, अतिथि सम्मान, उद्बोधन, अलंकरण के साथ ही सुप्रसिद्ध गजल गायक अनवर हुसैन की गजलें होंगी। गुंजन के संस्थापक गौरीशंकर केसरवानी, नरेन्द्र कुमार जैन, एनसी गुरवचन सिंह चौपरा सहित युवराज गढ़ावाल एवं रमाकांत गौतम ने उपस्थिति की अपील की है।

## श्रीमती सीमा जैन ने मरणोपरांत किया नेत्र दान



**जबलपुर**। खजांची चौक जवाहरगंज निवासी श्रीमती सीमा जैन का आज निधन हो गया। मरणोपरांत नेत्रदान की उनकी इच्छा को उनके पुत्र अभिजीत जैन ने पूरा किया। उन्होंने जीवन दास जी की मृत्यु के पश्चात नेत्रदान के लिए दादा वीरेन्द्र पुरी जी नेत्र बैंक में डॉ. पवन स्थापक से संपर्क किया। दादा वीरेन्द्रपुरी जी नेत्र बैंक की टीम ने उनके दोनों नेत्रों को संग्रहित और सुरक्षित किया। डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि सीमा जैन के नेत्रों से करेली निवासी 15 वर्षीया नेत्रहीन बालिका को अत्याधुनिक माइक्रोस्कोपिक शल्य चिकित्सा के माध्यम से जनज्योति सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल गोलबाजार में नेत्र प्रत्यारोपित किए जाएंगे जिसके लिए उन्हें जबलपुर बुलाया गया है।

CHANGE OF DOB
I, ARMY No. 15426995M RANK-HAV/NA NAME VIJAY KUMAR SINGH S/O LATE RAM NARESH PRASAD SINGH OF UNIT MH, JABALPUR(M.P.) R/O MADHURAPUR, 2+3 B DEORHI, TEHSIL-TEGHRA, BEGUSARAI, BIHAR-851113 solemnly declare and affirm on oath under :- I state that I am presently residing at the above mentioned address. I state that in my Son, Birth certificate and Aadhar card my Son (ADITYA RAJ, 26/04/2017) which is true and correct but in my Army service Record my Son Date of birth is recorded ADITYA RAJ, 26/04/2015 Which is incorrect. I state that the true and correct date of birth of my Son, is 26/04/2017 and same date of birth shall be corrected in my Army service Record. I state that for the above variation date of birth of my Son this affidavit is being furnished.
CORRECT DATE OF BIRTH-26/04/2017
INCORRECT DATE OF BIRTH-26/04/2015

# 130 अरब डॉलर की संपत्ति, हसनल बोल्किया दुनिया के सबसे अमीर सुल्तान



**नई दिल्ली।** वर्तमान में ब्रुनेई और इसके सुल्तान हसनल बोलकियाह, जिन्हें दुनिया का सबसे अमीर राजा माना जाता है। अपनी रईसी और शान ओ शौकत के लिए ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोलकियाह पूरी दुनिया में मशहूर हैं। ब्रुनेई के सुल्तान के बारे में जानने से पहले बता दें कि यह देश बोर्नियो द्वीप पर स्थित है और इसकी राजधानी बंदर सेरी बेगवान है। वैसे तो यह एक छोटा-सा देश है लेकिन बेहद अमीर है, क्योंकि यहां प्रचुर मात्रा में तेल और गैस के भंडार हैं और यही सुल्तान की आय का सबसे बड़ा स्रोत है।

### सबसे बड़ा महल, दर्ज है गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में

ब्रुनेई की राजधानी में ही सुल्तान हसनल बोलकियाह का निवास स्थान 'इस्ताना नुरुल इमान महल' स्थित है। इस शाही पैलेस को 1984 में देश की आजादी (ब्रिटिश शासन से) की याद में बनाया गया था। खास बात है कि यह दुनिया के सबसे बड़े महल के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है, जो 2 मिलियन वर्ग फीट में फैला है। इस महल के गुंबद को 22 कैरेट सोने से सजाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हसनल बोलकिया के इस्ताना नुरुल इमान पैलेस की कीमत 2550 करोड़ रुपए से ज्यादा आंकी गई है। इस महल में पांच स्विमिंग पूल, 257 स्नानघर और 1700 से अधिक कमरे हैं। इसके अलावा 110 गैरेज हैं।

**2 मिलियन वर्ग फीट में फैला शाही महल, गुंबद को सजाया सोने से**

**7000 कारों के काफिले में 300 फेरारी और 500 रोल्स रॉयस**





### सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले सम्राट

खबर के अनुसार, 30 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ हसनल बोलकियाह को दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक हैं। सुल्तान ने 2017 में अपनी 50 वीं वर्षगांठ मनाई और इस तरह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के बाद इतिहास में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले सम्राट बन गए।



### प्लेन पर किए 3 हजार करोड़ खर्च

सुल्तान हसनल बोलकियाह की रईसी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपने प्लेन पर 3000 करोड़ रुपए खर्च किए। रिपोर्ट के अनुसार, सुल्तान ने अपने इस्तेमाल के लिए बोइंग 747 में करीब $400 मिलियन का निवेश किया था। गोल्डन कलर के इस प्लेन की साज-सज्जा पर $120 मिलियन खर्च किए गए।

### 5 अरब डॉलर से ज्यादा की संपत्ति

ब्रुनेई के सुल्तान के पास दुनिया में दुर्लभ कारों का सबसे बड़ा कलेक्शन है। इसमें सोने की रोल्स-रॉयस भी शामिल है। ब्रुनेई के 29वें सुल्तान के पास लगभग 7,000 वाहनों का काफिला है, जिसका कुल अनुमानित मूल्य 5 अरब डॉलर से अधिक है।

# रिहायशी इलाके में ज्वालामुखी विस्फोट, बर्फ के बीच बहा लावा

नई दिल्ली। आइसलैंड के ग्रिंडाविक शहर में ज्वालामुखी फट गया। विस्फोट शहर के रिहायशी इलाके में हुआ है। ग्रिंडाविक शहर आइसलैंड की राजधानी रेक्जाविक से 40 किलोमीटर दूर है। इस ज्वालामुखी के फटने से करीब 3.5 किमी लंबी दरार पड़ गई। अब यह दरार आधा किलोमीटर तक और फैल गई है। इस दरार से करीब 100 फीट ऊंची लावा की लपटें निकल रही हैं।

### शहर हो रहा है प्रदूषित

इन दरारों से गर्म गैसें निकल रही हैं, जिससे वायु प्रदूषण भी बढ़ गया है। हवा की दिशा रिहायशी इलाकों से विपरीत दिशा में चल रही है और अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही रहने की आशंका है। शुरुआती विस्फोट में भारी मात्रा में लावा और पिघले हुए पत्थर निकले। हालात ऐसे हो गए हैं कि आसमान का रंग नारंगी हो गया है, ऐसा लग रहा है मानो आसमान से ही लावा टपक रहा हो। सामान्यतः ज्वालामुखी विस्फोट किसी पर्वत की चोटी पर होता है। लेकिन यह ज्वालामुखी आइसलैंड के ग्रिंडाविक शहर में समतल ज़मीन पर फूटा है, आस-पास छोटी-छोटी पहाड़ियां हैं लेकिन ज़्यादातर इलाका मैदानी है।



100 फीट ऊंची उछली लावा की लपटें, आसमान का रंग हुआ नारंगी

ज्वालामुखी के फटने से पड़ी 3.5 किमी लंबी दरार

### बर्फ की चट्टानों पर फैली आग

तस्वीरों में हैरान कर देने वाला दृश्य यह है कि जमीन पर हर तरफ बर्फ फैली हुई है और दरार वाली जगह से लावा बह रहा है, मानो बर्फ की चट्टानों पर आग फैल गई हो। आपको बता दें कि आइसलैंड धरती के उन देशों में से एक है जो ज्वालामुखी विस्फोट के लिए जाना जाता है। अच्छी खबर ये है कि रिहायशी इलाके में फटे इस ज्वालामुखी के बावजूद किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। इसका मुख्य कारण यह है कि आइसलैंड का प्रशासन समय से पहले सतर्क हो गया और 4000 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इतना ही नहीं यहां के प्रशासन ने लोगों को इस इलाके के आसपास घूमने से भी मना कर दिया था।

## दो हजार साल पुराना मानव त्वचा से बनाया चमड़ा मिला

**नई दिल्ली।** यूक्रेन में दो हजार साल पहले खानाबदोश योद्धाओं की ओर से मानव त्वचा से बनाया गया चमड़ा मिला है। यहां खोजी गई कलाकृतियां प्राचीन सीथियनों की थीं, जो मध्य एशिया से उत्पन्न हुए थे। वे युद्ध में क्रूरता और नए हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए जाने जाते थे। प्राचीन यूनानियों ने दावा किया था कि सीथियन ने दुश्मन के दाहिने हाथ की त्वचा को हटा दिया था और इसका उपयोग चमड़ा बनाने के लिए किया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक डेनमार्क में कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के रिसर्चर्स द्वारा की गई यह खोज साबित करती है कि पहले लिखा गया लेख गलत नहीं है। टीम को जानवरों की त्वचा के साथ मानव त्वचा का मिश्रण मिला। रिसर्चर्स की टीम ने दक्षिणी यूक्रेन में 14 अलग-अलग सीथियन स्थलों पर 18 कब्रों का पता लगाया, जिसमें 45 चमड़े के नमूने मिले। इसमें से ज्यादातर बकरी या भेड़ जैसे जानवरों की खालें थीं।

# मैं और मेरी कहानी के बीच एक सच्चाई होती है: नीलेश मिश्रा

भोपाल

नॉस्टेल्जिया को एक प्रॉप समझेंगे तो आप कभी भी सच्चे और ऑथेंटिक नहीं हो सकते। नॉस्टेल्जिया एक जेवर है। नॉस्टेल्जिया आपका घर है। हम अपने घर की ओर जब जाते हैं तो ये चीजें होती है, लेकिन दुनिया को देखने का तरीका होता है। रिश्तों का एक तरीका होता है। मैं और मेरी कहानी के बीच एक सच्चाई होती है। यह कहना है लेखक और पॉडकास्टर नीलेश मिश्रा का जो रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आयोजित विश्वरंग में याद शहर की कहानी पर चर्चा करते हुए बोल रहे थे।

## लोकप्रिय साहित्य के लिए प्रमाणिकता की आवश्यकता नहीं

इस संवाद सत्र के मुख्य अतिथि युवा लेखक, कवि एवं गायक नीलोत्पल मृणाल ने कहा कि लेखक के लिए लोकप्रिय साहित्य हेतु किसी प्रमाणिकता की आवश्यकता नहीं। लेखन प्रामाणिकता के दबाव में नहीं करनी चाहिए, इससे सृजनशीलता प्रभावित होती है। लेखन के दौरान आज के चिंतन का विषय, संदेश तथा संदर्भ पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।



### 4 अरब 60 करोड़ साल पुराने समय से पृथ्वी के निर्माण की कहानी बताई

इसके बाद हमारी धरती का भविष्य विषय पर व्याख्यान सत्र में देवेंद्र मेवाड़ी ने कहा कि 4 अरब 60 करोड़ साल पुराने समय से पृथ्वी के निर्माण की कहानी बताई। इस दौरान उन्होंने दशक वार पृथ्वी और इस सृष्टि के निर्माण को क्रमवार बताया। पृथ्वी, सूर्य और अन्य ग्रहों के निर्माण और पृथ्वी के माता बनने को भी उन्होंने सबके सामने रखा, कि अन्य ग्रहों के निर्माण के बाद पृथ्वी माता के रूप में मानी गई। संतोष चौबे ने कहा कि प्रकृति का विनाश करने वाली विचारधारा को खत्म करना बेहद जरूरी है, तभी हम प्रकृति के संरक्षण की दिशा में काम कर सकेंगे। अगली कड़ी में धरती आज कविता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें निशांत ने ग्लोबल वार्मिंग... विषय पर कविता सुनाई।

## फ्रांस में मिला दुर्लभ प्रजाति का चमगादड़

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों को फ्रांस के द्वीप पर बहुत ही दुर्लभ जीव मिला है। इसे फ्रांसीसी द्वीप कोर्सिका पर पाया गया है। जीव बहुत ही दुर्लभ है और इसे करीब लुप्त हो गया माना जाता है। चमगादड़ की यह दुर्लभ प्रजाति पहाड़ी भूमध्यसागरीय द्वीप के आसपास लहराती हुई पाई गई थी, जो मार्सिले से लगभग 250 मील दक्षिण-पूर्व में स्थित है। पाए गए नमूनों की डीएनए जांच के बाद रिसर्चर्स ने पाया कि पहाड़ों में खोजा गया चमगादड़ जीनस माइप्टिस की एक पूर्व अज्ञात प्रजाति का था, जिसकी छह महाद्वीपों में 120 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि इस नई प्रजाति का नाम 'नस्ट्रेल' रखा गया, जिसका कोर्सीकन बोली में अर्थ है हमारा। स्टडी के मुताबिक यह जीव लंबे समय तक अलग-थलग रहा होगा। इसकी लंबाई लगभग डेढ़ इंच होती है। इसका रंग भूरा होता है, कान लंबे होते हैं और चेहरे पर बाल होते हैं।

## राशिफल

**मेष** — किसी विदेशी कारोबार के लिए भाग-दौड़ बढ़ सकती है। विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। लाभ के मौके मिलेंगे।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। सुखद समाचार मिलेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। तरक्की के योग हैं।

**सिंह** — बातचीत में संयत रहें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी के लिए साक्षात्करादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**धनु** — मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। पिता का साथ मिलेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आए के नए स्रोत बनेंगे।

**कुंभ** — किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। निवेश लाभप्रद रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**मीन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। किसी प्रापर्टी में निवेश कर सकते हैं।

# बच्चे अपने शौक के लिए काम करें तो ठीक, आप उन्हें पैसे कमाने का जरिया न बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रियलिटी शोज में देखती हूं इतने छोटे-छोटे बच्चे जिनके भीतर ईश्वर की दी हुई प्रतिभा छिपी है फिर वह डांसिंग हो या एक्टिंग इन क्षेत्रों में रियलिटी शोज के माध्यम से आगे आते हैं और फिर कहीं खो जाते हैं या कई बार यह भी देखा गया है कि बच्चे अपनी मासूमियत छोड़कर सिर्फ अभिनय या गायन के माध्यम से पैसा कमाने में जुड़ जाते हैं तो उनके पैरेंट्स से यही निवेदन है कि बच्चों की मासूमियत को खोने न दें, वह अपने शौक के लिए काम करें तो ठीक है, लेकिन पैसे कमाने का जरिया बच्चों को न बनाएं। यह कहना है हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, जिद, मणिकर्णिका जैसी फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेर चुकीं मशहूर सिंगर प्रतिभा सिंह बघेल का, जो शनिवार को विश्वरंग में प्रस्तुति देने आईं। इस दौरान हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े सवालों के जवाब दिए।



### गजल जज्बातों को जाहिर करने का खालिस तरीका है

प्रतिभा कहा कि मैंने तीन साल की उम्र से ही गाना शुरू कर दिया, जिसमें पहले शास्त्रीय संगीत सीखा और बाद में समय के साथ गजल की तरफ रुझान बढ़ता गया, गजल गीत की एक मजबूत कड़ी है, गजल के माध्यम से प्यार और दुख के एहसास को बहुत ही उम्दा तरीके से बयां किया जा सकता है, गजल जज्बातों को जाहिर करने का खालिस तरीका है।

**मुंबई मेरे लिए सिटी ऑफ ड्रीम्स रहा है**

उन्होंने कहा कि रीवा से शुरू की गई शास्त्रीय संगीत यात्रा के करीब 16 साल पूरे हो गए हैं और अब गजल की दुनिया में मुकाम बना रही हूं, वाकई में मुंबई मेरे लिए सिटी ऑफ ड्रीम्स रहा है, मुंबई ने दिल खोल कर प्यार दिया और बहुत कुछ सिखाया।

उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में शायद ही जाऊं क्योंकि कलाकारों को सबका प्यार मिलता है, लेकिन राजनीतिज्ञों को कई बार अपमान का भी सामना करना पड़ता है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि मैं इस क्षेत्र में कदम रखूंगी।

**सिचुएशनल रिलेशनशिप का ट्रेंड देखने को मिला**

प्रतिभा ने कहा कि आजकल सिचुएशनल रिलेशनशिप का ट्रेंड देखने को मिला है, जिसमें किसी एक सिचुएशनल में आप एक साथ है, लेकिन कुछ ही देर बाद एक दूसरे से यह नहीं पूछ सकते कि आप कहां है या यूं कहें कि एक दूसरे के जीवन में इंटरफेयर नहीं कर सकते। ऐसे संबंधों का अस्तित्व ज्यादा समय तक नहीं टिकता।

मेरी मां मुझे इंजीनियर बनाना चाहती थींउन्होंने कहा कि गायिकी मुझे विरासत में मिली है, मेरे पिता जी पुलिस अधिकारी होने के साथ एक अच्छे गायक थे। चाचा जी शास्त्रीय गायक थे, रोजाना 10 घंटे रियाज करते तो उन्हें सुनकर मुझे भी गाने का शौक हुआ और इस क्षेत्र में आगे बढ़ गई, मेरी मां मुझे इंजीनियर बनाना चाहती थीं, लेकिन कहते हैं न डेस्टिनी आपको कहां पहुंचा दे।

## सबसे ज्यादा गुजरात में 28 निजी विश्वविद्यालय स्थापित

# पांच सालों में खोले 140 निजी विवि, मप्र में 14

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश में पिछले पांच सालों में कुल 140 निजी विश्वविद्यालय खोले गए हैं। सबसे ज्यादा निजी विश्वविद्यालय गुजरात में खोल गए तथा उसके बाद इस संबंध में महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश का स्थान आता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इन आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों के दौरान गुजरात में 28 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जबकि महाराष्ट्र में 15 विश्वविद्यालय खोले गए। छत्तीसगढ़ में सात निजी विवि पिछले पांच वर्षों में खोले गए। इस अवधि के दौरान मध्य प्रदेश और कर्नाटक में क्रमशः 14 और 10 निजी विश्वविद्यालयों को स्थापित किया गया। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, निजी विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधित राज्य विधानमंडल द्वारा पारित अधिनियम और संबंधित राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना से की जाती है। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय से (संबंधित राज्य के) उस अधिनियम और अधिसूचना की प्रतियां मिलने पर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम 1956 की धारा 2 (एफ) के अनुसार, यूजीसी विश्वविद्यालयों की सूची में निजी विश्वविद्यालय का नाम शामिल करता है।



**कहां कितने निजी विवि खुले:** पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में सात निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए, जबकि झारखंड और राजस्थान में इस अवधि के दौरान छह-छह निजी विश्वविद्यालय खोल गए हैं। बिहार, ओडिशा, उत्तराखंड और तेलंगाना में पांच-पांच निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए। आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मणिपुर, ओडिशा, तमिलनाडु, सिक्किम और उत्तर प्रदेश में चार-चार निजी विश्वविद्यालय खोले गए।


### यूजीसी करता है नियमित संवाद

अधिकारी ने कहा, यूजीसी नियमित रूप से संस्थानों और विश्वविद्यालयों से संवाद करता है। सुनिश्चित करता है कि वे नियमों का पालन करें। यूजीसी ने सूचित किया है कि इन संस्थानों के खिलाफ अब तक उसे किसी नियम के बड़े पैमाने पर उल्लंघन की जानकारी नहीं मिली है। पिछले पांच वर्षों के दौरान शैक्षणिक सत्र 2018-19 में सबसे अधिक 40 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए।

### सामान्य डिग्री पाठ्यक्रम का अधिकार

ऐसे निजी विश्वविद्यालयों को यूजीसी की विशिष्ट मंजूरी के बिना सामान्य डिग्री पाठ्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा, लेकिन व्यावसायिक और चिकित्सा पाठ्यक्रम संचालित करने की मंजूरी संबंधित नियामक या वैधानिक निकायों की ओर से दी जाती है। ऐसे पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग और भारतीय दंत चिकित्सा परिषद जैसे संबंधित निकायों के नियमों के तहत आते हैं।

## शब्द पहेली - 5375



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5374 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ह | | म | | प | र | दा | न | शी |
| पू | | क | ल | श | | छ | बी | ल | | त |
| त | ल | | | व | | ता | | | सा | ल |
| | ल | | धा | रा | प्र | वा | ह | | व | |
| म | क | ब | रा | | था | | म | हा | न | ता |
| | | | वा | दा | | मा | स | | | |
| ह | म | रा | ही | | पा | | फ | र | मा | न |
| | यू | | क | हा | नी | का | र | | य | |
| ख | र | | | थी | | र | | | का | न |
| प | | ब | र | खा | | ना | र | द | | य |
| त | र | स | खा | ना | | मा | | म | न | न |

## सूडोकू नवताल - 5385

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5384 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

हरिभूमि
सहेली

वर्षांत-नववर्ष विशेषांक

देखते ही देखते वर्ष 2023 भी हमसे विदा ले रहा है। साल के इस आखिरी समय में अधिकतर लोग मन ही मन इसी उधेड़बुन में लगे हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया? इस तरह सोचने से कोई फायदा नहीं, जो बीत गई, सो बात गई। अब नूतन वर्ष के सूर्योदय की ओर देखें, नई आशाओं और उमंगों के साथ ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो खुशहाल जिंदगी दे।



# जो बीत गई सो बात गई

कवर स्टोरी / विनीता

सही कहा गया है कि बीता हुआ समय और जुबान से निकले शब्द कभी भी लौट कर वापस नहीं आते। इस साल को समाप्त होने में भी अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे समय में अधिकतर लोग यह सोच कर दुखी हो जाएंगे, 'यह साल भी यूं ही बीत गया, इन बारह महीनों में हमें ना तो कोई विशेष कामयाबी हासिल हुई और ना ही जीवन में कुछ ऐसा नया घटित हुआ, जिसे याद करके खुशी महसूस हो।' साथ ही लोगों को ऐसी बातें भी याद आएंगी, जिनकी वजह से इस साल उनका मन आहत-दुखी हुआ हो। कई बार उसे अपनी किसी गलती पर बहुत पश्चात्ताप भी महसूस होगा कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था या उसे यह नहीं बोलना चाहिए था। ऐसी नकारात्मक बातें साल के अंत में व्यक्ति को बहुत बेचैन-परेशान करती हैं। ऐसे में कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की यह पंक्ति 'जो बीत गई सो बात गई' को याद रखते हुए वर्तमान यानी नए साल में अपने जीवन को संवार-निखार कर, उसे पहले की तुलना में अधिक सुंदर और सार्थक बनाने के प्रयास में जुट जाएं।

## सही ढंग से करें टाइम मैनेजमेंट

सर्वप्रथम इस बात को समझें कि जीवन का हर पल बहुत कीमती है, हम उसकी कीमत पहचानें और बिना वक्त बर्बाद किए अपने हर क्षण का सदुपयोग करें। अपनी दिनचर्या को इस ढंग से व्यवस्थित करें कि हमारे सभी कार्य सही समय पर पूरे हों, साथ ही हमें आराम करने के लिए भी समय मिले, क्योंकि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए थोड़ा आराम भी जरूरी है। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी जागने का हम संकल्प लें। मोबाइल का सीमित उपयोग करें, क्योंकि सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता समय की बर्बादी का बहुत बड़ा कारण है। रोजाना सुबह उठकर हम आवश्यक कार्यों की एक सूची बनाएं और रात को सोने से पहले एक बार उसे अवश्य चेक कर लें कि उनमें से कौन-से काम पूरे हो गए, किसी वजह से अगर कोई काम अधूरा रह गया हो, तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें। जहां तक संभव हो हम आज के काम को कल पर टालने की आदत छोड़ दें।



## माफ करें, भूल जाएं

बीते समय की कटु स्मृतियां दुखों की सबसे बड़ी वजह हैं। इसलिए अगर किसी की बातों से आपका मन आहत हुआ हो, तो बार-बार उन्हीं बातों को याद करके उदास होने से बेहतर है कि आप उन बातों को भूल जाएं। जिस व्यक्ति के व्यवहार से आप दुखी हैं, उसके प्रति अपने मन में लंबे समय तक नाराजगी ना रखें, बल्कि थोड़ी उदारता दिखते हुए उसे माफ कर दें। यकीन मानिए, इससे आपके मन को बहुत सुकून मिलेगा। इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि अगर कभी जाने-अनजाने में आपके किसी व्यवहार से दूसरों की भावनाएं आहत हुई हों, तो ऐसी बातों को भी अपने मन में ना रखें, क्योंकि ग्लानि की वजह से आपको अकसर उदासी महसूस होगी। ऐसी मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जितनी जल्दी हो सके आप उस व्यक्ति से माफी मांग लें। इससे आप तनावमुक्त हो जाएंगी। मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने सही कहा है, *'कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।'*



## वर्तमान में जिएं

जो समय बीत गया, वह लौटकर कभी वापस नहीं आता, इसलिए उसके बारे में सोचकर पछताना छोड़ दें। भविष्य के लिए योजनाएं जरूर बनाएं, लेकिन यह भी जाने लें कि आने वाला समय भी हमेशा अनिश्चित होता है, उसके बारे में कोई कुछ भी बता नहीं सकता, इसलिए वर्तमान की अहमियत को समझते हुए सामने जो भी कार्य हो, उसे पूरा करने की कोशिश करें। अगर आप योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान को संवारने की कोशिश में जुटी रहेंगी, तो स्वाभाविक रूप से आपका भविष्य अपने आप बेहतर हो जाएगा, क्योंकि आज की मेहनत का परिणाम कुछ समय के बाद ही नजर आता है।

...तो फिर क्यों ना जो कुछ भी दुखद था, इस साल के अंत में आप उसे भुलाकर केवल मधुर स्मृतियों को संजोने का संकल्प लें, निश्चित ही नववर्ष आपके लिए मंगलमय होगा। a

## मजबूत हो इच्छाशक्ति

**हो सकता** है, किसी असफलता की वजह से आप उदासी-हताशा महसूस कर रही हों, लेकिन हिम्मत ना हारें, बल्कि दृढ़ निश्चय के साथ जुटी रहें और खुद से यह वादा करें, 'मुझे हर हाल में खुश रहना है।' अगर आपके साथ कुछ बुरा हुआ हो तो उसे भूल कर बेहतरी की दिशा में अगला कदम बढ़ाएं। हमेशा याद रखें कि अच्छा सोचने का परिणाम हमेशा अच्छा ही होता है। इसलिए जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। 'मेरा यह कार्य जरूर पूरा होगा', अगर आप अपने मन में ऐसे आशावादी विचार रखेंगी तो आपको हर हाल में सफलता मिलेगी। a



हम अनजाने में ही कुछ ऐसी आदतें बना लेते हैं, जो हमें तनाव देती हैं, हमारे आगे बढ़ने के रास्ते में बाधक बनती हैं। बीत रहे साल में हम इन बुरी आदतों को विदाई दें, ऐसी आदतें अपनाएं जो हमें हर तनाव से मुक्त रखें।

# बीत रहे साल में पुरानी आदतों को दें विदाई

लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन

हम बढ़ती उम्र के साथ अनुभवी, समझदार और परिपक्व होते जाते हैं। जाने-अनजाने हम कई गलतियां भी करते हैं या ऐसी आदतें बना लेते हैं, जिनके परिणाम नुकसानदेह होते हैं, जो हमें बाद में समझ में आते हैं। जाहिर है, इन गलतियों को ना दोहराने और बुरी आदतों को छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। आइए, विदा ले रहे साल में हम अपनी बुरी और गलत आदतों की भी विदा कर दें। ये आदते हैं-

**दूसरों से अपनी तुलना:** कुछ लोगों में दूसरों से अपनी तुलना करने और फिर खुद को कमतर आंकते हुए दुखी रहने की आदत हो जाती है। इस आदत से नुकसान ही होता है, क्योंकि इससे आप आत्महीनता का शिकार हो जाती हैं। इसलिए नए साल में आप अपने व्यक्तित्व में नया निखार लाएं, अपनी मेहनत पर भरोसा करें।

**दूसरों से राय लेना:** जब आप किसी भी काम को करने से पहले सशंकित रहती हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों की राय पर निर्भर रहती हैं तो समझ लीजिए कि आप अपनी प्रगति की राह में खुद ही रोड़े अटका रही हैं। आपको अपनी निर्णय लेने की शक्ति और अपने विचारों पर भरोसा होना चाहिए। जब आप स्वयं निर्णय लेंगी तो आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सबके काम का बोझ लेना :** हमसे से कुछ लोगों को दूसरों के सामने अच्छा बनने या सबका दिल जीत लेने की आदत होती है, यह आदत आपके दिलो-दिमाग पर भारी पड़ सकती है। वाहवाही पाने के लिए दूसरे के कामों को अपने सिर पर लेना कोई समझदारी की बात नहीं है। इससे आप पर मेंटल प्रेशर बढ़ता है, वर्क एफिशिएंसी कम होती है। जब तक कोई बहुत अजीज ना हो, तब तक उसका काम ना लें। अनावश्यक रूप से अपने कामों का बोझ ना बढ़ाएं।



### ये आदतें भी छोड़ दें

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगे रहना और अपनी वास्तविक जरूरत को समुचित समय ना देना।
- परफेक्शन के चक्कर में वक्त की बर्बादी और अपने जरूरी कामों को अधूरा छोड़ना या टालना।
- दिन-रात सिर्फ सोचते रहना, नित नई प्लानिंग बनाना लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कुछ ना करना।

**टॉक्सिक संबंधों को वक्त देना :** कुछ रिश्तेदार, परिचित या पड़ोसी आपको हमेशा मानसिक कष्ट देते हैं। आप शिष्टता के नाते या लोकलाज से कई बार इन रिश्तों को ढोती रहती हैं, लेकिन नए साल में ऐसा हरगिज ना करें। ऐसे रिश्ते आपकी ऊर्जा, समय, कार्यक्षमता और सुकून को नष्ट करते हैं। ऐसे रिश्तों से दूरी बना लें और चैन से रहें। a




आने वाले न्यू ईयर वेलकम को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर किसी पार्टी में जाएंगी या फिर अपने ही घर में पार्टी ऑर्गनाइज करेंगी। ऐसे में आपको कुछ बातों का जरूर ख्याल रखना चाहिए। इससे आपकी पार्टी तो शानदार होगी ही सब इसे खूब एंज्वॉय भी करेंगे।

# न्यू ईयर ईव पार्टी ऐसे बनाएं यादगार



सजेशन / ललिता गोयल

साल 2023 को विदा होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इन दिनों आप भी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटी होंगी। न्यू ईयर ईव पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए अगर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर से बाहर पार्टी ऑर्गेनाइज कर रही हैं या किसी दोस्त की ऑर्गेनाइज पार्टी का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपका न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन यादगार बन जाएगा।

**वेन्यू की हो जानकारी :** पार्टी में जाने से पहले पार्टी वेन्यू की लोकेशन अच्छी तरह पता कर लें, जिससे बिना परेशान हुए आसानी से आप समय पर वहां पहुंच सकें और पार्टी एंज्वॉय कर सकें।



**ड्रेसअप का रखें ख्याल :** पार्टी में जाने से पहले होस्ट यानी मेजबान से यह जान लें कि पार्टी का वेन्यू कैसा होगा, यानी पार्टी ओपन एरिया में होगी या किसी हॉल में, उसी के अनुसार आप अपने पार्टी आउटफिट का सेलेक्शन करें। क्योंकि स्टाइलिंग और फैशनेबल दिखने की चाहत में कुछ महिलाएं ऐसी ड्रेस पहन लेती हैं, जिसमें ठंड लग सकती है। ठंड लगने से पार्टी को आप एंज्वॉय भी नहीं कर सकेंगी। अगर पार्टी का कोई ड्रेस कोड है, तो उसके अनुसार अपनी ड्रेस चूज करें।

**सभी से घुलें-मिलें :** पार्टी में सबसे अलग या अकेले ना रहें, खुद आगे बढ़कर सबके साथ घुलें-मिलें। ऐसा शो ना करें कि आप पार्टी को एंज्वॉय नहीं कर रही हैं या पार्टी अरेंजमेंट से आप संतुष्ट नहीं हैं। इससे पार्टी होस्ट या अन्य फ्रेंड्स को अच्छा फील नहीं होगा। पार्टी में गेम्स, डांस, म्यूजिक और अन्य एक्टिविटीज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और पार्टी को पूरी तरह से एंज्वॉय करें।

**डाइट का रखें ख्याल :** न्यू ईयर पार्टी में अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखें और अनहेल्दी फूड्स को कम से कम खाएं। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने का चुनाव करें। साथ ही ओवर ईटिंग करने से भी बचें।

**रूल्स फॉलो करें :** नए साल मनाने की एक्साइटमेंट में कुछ लोग कानून और नियमों को भूल जाते हैं। आप ऐसा बिल्कुल ना करें। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सड़क पर शोर ना मचाएं, लेट नाइट ड्राइव करते समय यातायात नियमों और कानून का उल्लंघन करने से बचें। a






अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

# ‘अंतिम किला’ फतह करने उतरेगा भारत, 31 साल से द.अफ्रीका में नहीं जीत सका श्रृंखला

**रोहित के पास टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचने का मौका**

**मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 1.30 बजे**

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

वनडे विश्व कप के फाइनल में 36 दिन पहले मिली हार की निराशा को भुलाकर भारतीय टीम अब दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने के अपने 31 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला मंगलवार से शुरू होगी।

यह 1992 से लेकर अब तक भारत की दक्षिण अफ्रीका में नौवीं टेस्ट श्रृंखला होगी, लेकिन अभी तक वह इस देश में एक भी श्रृंखला नहीं जीत पाया। यही वजह है कि हमेशा की तरह वर्तमान श्रृंखला को भी रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए ‘अंतिम किला’ कहा जा रहा है। लेकिन सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले मैच के पहले दो दिन भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।

### इनको मिली नाकामी

वनडे विश्व कप में रोहित शर्मा के पास कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी करने का मौका था लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के कारण वह विश्व विजेता कप्तान नहीं बन पाए। अब उनके पास दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का मौका है और वह इसे हाथ से नहीं जाने देंगे। दक्षिण अफ्रीका में मोहम्मद अजहरुद्दीन (1992), सचिन तेंदुलकर (1996) और सौरव गांगुली (2001) की कप्तानी में भारत को नाकामी हाथ लगी। राहुल द्रविड़ (2006-07), धोनी (2010-11 और 2013-14) और विराट कोहली (2018-19 और 2021-22) ने टेस्ट मैच जीते लेकिन कोई भी टीम श्रृंखला नहीं जीत पाई।



### भारत के युवाओं की कड़ी परीक्षा

तेंबा बावुमा की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं जो भारत के युवा बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की असली परीक्षा कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन और गेराल्ड कोएत्जी जैसे गेंदबाजों के सामने होगी। इसी तरह से उपमहाद्वीप की पिचों पर खुद को साबित करने वाले शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर जैसे बल्लेबाजों को अधिक चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शॉर्ट पिच गेंद अय्यर की कमजोरी मानी जाती रही हैं और उन्हें इससे पार पाने के लिए कुछ खास करना होगा।”



**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट)।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी जोरजी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन, ट्रिस्टन स्टब्स, नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्जी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

## खबर संक्षेप



### भारतीय टीम में जगह बनाने पर नजर

**नई दिल्ली।** युवा फारवर्ड ज्योति छेत्री के लिए हाल का स्पेन दौरा अनुभव हासिल करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण रहा और अब उनकी नजर अगले साल रांची में होने वाले एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह बनाने पर है। उन्नीस वर्षीय ज्योति वेलेंसिया में खेले गए पांच देशों के टूर्नामेंट में भारतीय टीम का हिस्सा थी। इससे पहले वह जूनियर टीम का अहम हिस्सा रह चुकी है। इस साल महिला जूनियर एशिया कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में भी उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### कमिंस ने ख्वाजा का समर्थन किया

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने सोमवार को अपने साथी उस्मान ख्वाजा का समर्थन करते हुए कहा कि इस सलामी बल्लेबाज का गाजा में मानवीय दुर्दशा को सामने लाने का प्रयास ‘आक्रामक नहीं’ है। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था आईसीसी ने ख्वाजा के पाकिस्तान के खिलाफ ‘बॉक्सिंग डे’ टेस्ट के दौरान अपने बल्ले और जूते पर जैतून के पेड़ की शाखा पकड़े काले ‘डव’ का स्टिकर लगाने की मांग खारिज कर दी थी। आईसीसी ने पर्थ में आस्ट्रेलिया की पाकिस्तान पर 360 रन की जीत के दौरान ख्वाजा को काली पट्टी बांधने के लिए फटकार लगायी थी।



### दूसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे स्पिनर साजिद

**कराची।** पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए विशेषज्ञ ऑफ स्पिनर साजिद खान को टीम में रखने का फैसला किया है। पाकिस्तान के टीम प्रबंधन ने इस मैच के लिए 12 खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है लेकिन सूत्रों के अनुसार साजिद का खेलना तय है।



# भारतीय महिला वनडे टीम के नए चेहरे ऑस्ट्रेलिया को देंगे चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक और टिटास साधु को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए सोमवार को पहली बार भारतीय महिला एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलेगी। पहला वनडे मैच 28 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।

बाएं हाथ की स्पिनर कश्यप को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए टीम में लिया गया था लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। श्रेयंका ने इस महीने के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सैका इशाक ने पहले महिला प्रीमियर लीग में मुंबई की टीम की तरफ से अच्छा प्रदर्शन किया था। तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे। दूसरा मैच 30 दिसंबर जबकि तीसरा और अंतिम मैच दो जनवरी को खेला जाएगा। इसके बाद नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम 5, 7 और 9 जनवरी को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला की मेजबानी करेगा।



**एकदिवसीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल।

**टी20 टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

### चोटिल अनवर संभावित लिस्ट से हुए आउट

**नई दिल्ली।** भारत को 12 जनवरी से कतर में शुरू होने वाले एएफसी एशियाई कप में अपने मुख्य सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली की कमी खलेगी जो टखने की चोट के कारण इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। भारत ने गुरुवार को 50 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की जिसमें से 23 वर्षीय अली को बाहर रखा गया है क्योंकि उनके दाएं टखने में फ्रैक्चर हो गया है। अली की चोट से हेड कोच इगोर स्टिमक का प्लान प्रभावित होगा, जिन्होंने संभावित खिलाड़ियों में मिडफील्डर जैकसन सिंह को शामिल करने का जोखिम लिया है क्योंकि केरला ब्लास्टर का यह खिलाड़ी भी कंधे की चोट से जूझ रहा है।

## राष्ट्रीय खिताब अच्छा प्रदर्शन करने के लिए करेगा प्रेरित

**नई दिल्ली।** अपने प्रतिभाशाली छोटे भाई लक्ष्य सेन के साए में जीने के बाद चिराग सेन आखिर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष एकल का खिताब जीतने में सफल रहे और उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। लक्ष्य सेन कभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप नहीं जीत पाए लेकिन उनके बड़े भाई चिराग ने रविवार को फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त एम थारुन को 21-14 13-21 21-9 से हराकर गुवाहाटी में राष्ट्रीय खिताब जीता। कीनिया अंतरराष्ट्रीय चैलेंज 2020 का खिताब जीतने वाले चिराग ने कहा, ‘राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब थोड़ी देर से मिला लेकिन आखिर में इस जीत से मैं बहुत खुश हूं। पिछले तीन-चार महीनों से मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं लेकिन अब यह ट्रॉफी जीतने में सफल रहा।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - जबलपुर (म. प्र. )**

E-mail modgmjab@MP.gov.in

क्रमांक 1251 / खनिज / 2023 दिनांक 20/12/2023

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए

**द्वितीय सूचना पत्र**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स गोपाल कंस्ट्रक्शंस प्रो. श्री उदयभान सिंह पता - श्री पुष्कर सिंह ठाकुर पता - मेन रोड़ ग्राम सिनगौरी तहसील पाटन जिला जबलपुर द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 13 /09 / 2023 को प्रस्तुत किया गया था। आवेदित क्षेत्र में नियमानुसार अन्य आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 28/10/2023 तक प्रथम सूचना पत्र जारी किया गया था, परंतु अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त न होने पर इस क्षेत्र पर पुनः प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस तक उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र ई - खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in.

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | मझौली | पोनिया | 86. | 2.800 | शासकीय भूमि | गिट्टी, एवं बोल्डर | |
| | | | कुल रकबा | 2.800 | | | |

1.उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है ।2.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा ।3.यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा ।4.यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा ।5.निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जायेगा।

उप संचालक

(खनि प्रशासन ) जिला - जबलपुर (म. प्र. )

जी-22269/23

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


# ओलंपिक कोटा हासिल करना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज जैसमीन लम्बोरिया की निगाहें पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने पर लगी हैं जिसके लिए वह मानसिक मजबूती बढ़ाने के साथ अपने मुक्कों को दमदार करने पर भी ध्यान लगा रही हैं। एशियाई खेलों में पदार्पण के दौरान जैसमीन ने 60 किग्रा वर्ग का पहला दौर दबदबा बनाते हुए जीता लेकिन क्वार्टरफाइनल में रैफरी ने उन्हें चेतावनी दी जिसके बाद वह समझ नहीं सकीं कि वापसी कैसे की जाए और रैफरी ने मुकाबला रोककर प्रतिद्वंद्वी को विजेता घोषित किया।



जैसमीन ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपना क्वार्टर फाइनल जीतने के बाद कहा, ‘मुझे चेतावनी दी गई थी, मुझे पहली बार ‘काउंटिंग’ मिली। मैं इसे संभाल नहीं सकी। इसलिए इस तरह के हालात में वापसी का तरीका जानना बहुत महत्वपूर्ण होता है जो मैं नहीं कर सकी।’ इस जीत से उन्हें पदक के अलावा पेरिस ओलंपिक कोटा भी मिल गया होता।

## पीएचएफ को निलंबित करेगा एफआईएच

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ निलंबित कर सकता है क्योंकि कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर द्वारा पीएचएफ के नए अध्यक्ष की नियुक्ति को उनके पूर्ववर्ती खालिद सज्जाद खोकर ने चुनौती दी है। खोकर 2015 से पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपनी बर्खास्तगी और मीर तारिक हुसैन बुगाटी के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति को चुनौती देंगे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर संभाग जबलपुर**

पत्र क्रमांक/2919/लेखा/ग्रायांसे./2023 जबलपुर दिनांक 20/12/2023

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 07/2023-24**

कार्यापालन अंतर्गत निम्नलिखितकार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | निविदत्त राशि (रूपये में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण की क्रम | लागू एस ओ. आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_RES _320309_1 | रंगमंच निर्माण कार्य बर्न कंपनी दुर्गा मंदिर के पास वार्ड क्र.43 डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 2 | 2023_RES _320311_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य रज्जन डेरी बाबूलाल चौरसिया के मकान तक वार्ड क्र.44 आचार्य विनोवा भावे वार्ड | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 3 | 2023_RES _320313_1 | रंगमंच निर्माण कार्य बाई के बगीचे में जनता मार्केट के पीछे मरही माता मंदिर के पास वार्ड क्र. 45 शीतला माई वार्ड | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 4 | 2023_RES _320315_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य मन्टू शर्मा के घर से मरही माता मंदिर की ओर वार्ड क्र. 46 द्वारका मिश्र वार्ड, | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 5 | 2023_RES _320316_1 | रंगमंच निर्माण कार्य चांदमारी तलैया में वार्ड क्र. 47 सेठ गोविन्द दास वार्ड | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 6 | 2023_RES _320318_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य धरमू चौधरी के मकान से सुरेश जायसवाल के मकान तक वार्ड क्र. 48 सिद्धबाबा वार्ड | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 7 | 2023_RES _320319_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य वरूण शुक्ला के घर से शकुन्तला रैकवार के मकान तक वार्ड क्र. 38 पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 8 | 2023_RES _320321_1 | ` रंगमंच निर्माण कार्य शंकर चौक के पास संजय नगर वार्ड. 42 सुभाष चन्द्र बोस वार्ड | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 9 | 2023_RES _320322_1 | रंगमंच निर्माण कार्य नेता कालोनी में वार्ड क्र. 56 अब्दुल हमीद वार्ड | जबलपुर | 254000.00 | 5500.00 | 2000 | 90 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 10 | 2023_RES _320323_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य आर.सी. बोस के घर से कमलेश विश्वकर्मा के घर तक वार्ड क्र. 57 महर्षि महेश योगी | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 11 | 2023_RES _320324_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य गोलू पार्षद के कार्यालय से विजय श्रीवास्तव के घर तक पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड क्र. 52 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 12 | 2023_RES _320325_1 | रंगमंच निर्माण कार्य मरही माता मंदिर के पास महर्षि अरविंद वार्ड क्र. 53 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 13 | 2023_RES _320326_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य कांचघर दुगार्मदिर के बाजू वाली गली से रितिक चौधरी के मकान तक पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्र. 54 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 14 | 2023_RES _320327_1 | रंगमंच निर्माण कार्य हनुमानताल थाने के पीछे दुगार्मदिर के पास खेरमाई वार्ड क्र. 55 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |
| 15 | 2023_RES _320328_1 | रंगमंच निर्माण कार्य शारदा नगर में राधाकृष्णान वार्ड क्र. 58 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिन वर्षाकाल छोड़कर | प्रथम | 11.04.2022 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने, बिड सममिशन, बिड क्लोजिंग व बिड ओपनिंग का विवरण निम्नानुसार है

1 ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारम्भ तिथि - 28-12-2023 प्रातः 09:00 बजे से
2 ऑनलाईन बिड सबमिशन तिथि - 28-12-2023 प्रातः 09:00 बजे से
3 ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 05-01-2024 प्रातः 17:30 बजे तक
4 ऑनलाईन बिड खोले जाने की तिथि - 08-01-2024 प्रातः 9:00 बजे से

निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा यद्यपि उक्त बेवसाईट http://mptenders.gov.in पर दर्शित किया जावेगा।

( जी.पी. कोरी) कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा

जबलपुर संभाग जबलपुर दूरभाष (का.) 0761-2625268

जी.-22270/23

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

क्रमांक / 8943/ जि.भू.अ./2023 सिवनी दिनांक 15/12/2023

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 15 (1) के अंतर्गत प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन तारीख से प्रावधानित समय सीमा 60 दिवस की अवधि में प्राप्त आपत्ति/आक्षेपों के निराकरण हेतु प्रकरण में दिनांक 22.11.2023 को सुनवाई की गई एवं आपत्ति / आक्षेपों की जांच कराई गई। जांच के आधार पर अधिनियम की धारा 15 ( 2 ) के अंतर्गत कोई रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं है। इस आधार पर समुचित सरकार का यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित परियोजना हेतु अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित निजी भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों की सार्वजनिक लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन, पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूचियों के पद (2) में वर्णित भूमि एवं उस पर स्थित स्थाई परिसंपत्तियां लोक प्रयोजन हेतु आपेक्षित है :-

**अनुसूची**

परियोजना का नाम- गेल इंड़िया की नागपुर छिंदवाड़ा जबलपुर प्राकृतिक गैस पाईप लाईन परियोजना

1- ग्राम का नाम :- बंजारी ब.नं.:-548 प.ह.नं.-06

2- रा.नि.मं. :- धूमा तहसीलः - लखनादौन जिलाः- सिवनी

3- अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफलः - 0.43 हेक्टेयर

| स. क्र. | सर्वेक्षण संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन का क्षेत्र.हेक्ट. में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम और पता | सीमाएं | | | | वृक्ष | | संरचनाएं | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | 158/1 | भमिस्वामी | कृषि | 0.43 | शैलजा ठाकुर प्रतिपालसिंह ठाकुर जाति गौड़ पता सिवनी लखनादौन सिवनी मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | जनीराम पिता पतिराम गौड़ की भूमि | ललीता बाई बेवा करोड़ गौड़ की भूमि | ग्राम की सीमा | शासकीय एन. एच. -7 | सागौन पलास नीम बहेड़ा | 2 2 1 1 | सीमेंट पोल तार फेंसिंग | 210 मीटर लंबाई |
| योग | 01 | | | 0.43 | | | | | | | | | |

1. अर्जित की जाने वाली उपरोक्त प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी लखनादौन जिला सिवनी के कार्यालय में किया जा सकता है। 2. अर्जित की जाने वाली उपरोक्त प्रस्तावित भूमि का नक्शा ( प्लान) का निरीक्षण प्रबंधक (निर्माण) गेल (इंडिया) लिमिटेड़ कैम्प कार्यालय जबलपुर जिला जबलपुर के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(क्षितिज सिंघल)

कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग,जिला सिवनी(म.प्र.)

जी-22212/23

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

### 25 दिन बीतने के बाद भी नहीं बन पाए खरीदी केंद्र

## शासन के नियमों की अवहेलना कर रहे कलेक्टर

# बर्खास्त हो जाना चाहिए जिला उपार्जन समिति

**हरिभूमि, जबलपुर।**

जिला उपार्जन समिति हीला हवाली के चलते किसान की उपज, धान की खरीदी जिस गति से होना थी वह अभी तक नहीं हो पाई है, 5.80 लाख मैट्रिक टन की खरीदी लक्ष्य रखा है परंतु 25 दिन बीतने के पश्चात भी आज दिनांक तक मैच 1.42 लाख मेट्रिक टन की ही खरीदी हो पाई इसका सबसे बड़ा कारण जिला उपार्जन समिति बताई जा रही है। जिला उपार्जन समिति द्वारा अभी तक मात्र 85 खरीदी केंद्रीय बनाए गए हैं जबकि जिले में 121 खरीदी केंद्र बनाने थे ऐसे में कहा जाने लगा है की क्यों न जिला उपार्जन समिति को बर्खास्त कर दिया जाये।

उल्लेखनीय है कि जिले में धान की खरीदी का कार्य प्रारंभ है, हर साल जिले में 121 खरीदी केंद्र बनाए जाते थे परंतु इस बार महज 85 खरीदी केंद्र ही बन पाए हैं हालत यह है कि किसान अपनी उपज भी नहीं बेच पा रहा हैं। जिला उपार्जन समिति की लापरवाही के चलते किसान की अब तक कुल 1.42 लाख मैट्रिक टन धान की खरीरी हो पाई है।जबकि अभी 4.38 लाख मैट्रिक टन धान की और खरीदी होना बाकी है।



### राजस्व अधिकारियो ने किया कबाड़ा

किसानों ने आरोप लगाते हुए स्पष्ट कहा की ये पूरा रायता राजस्व अधिकारीयों का फैलाया हुआ है। जब से जिला कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने उपार्जन में अनुविभागीय अधिकारीयों के हाथ में कमान दी है तब से ये हालात हो गए की किसान अपनी उपज तक नहीं बेच पा रहे हैं। जिसका काम है वो काम करे तो ये स्थिति निर्मित नहीं होती।

### मॉनिटरिंग व पैसा बाँटने तक ही सिमटे विभाग

कहा जा रहा है की किसान की उपज खरीदने का काम खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम, एफ सी आई, विपरण संघ व वेयर हॉउस कारपोरेशन की जाती थी, लेकिन कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने पिछले वर्ष से इसे अपने हाथ में ले लिया, अब जैसे राजस्व में काम होता है उसी तरीके से काम होने लगा। ये विभाग सिर्फ मॉनिटरिंग व पैसा किसानों के खाते में डालने का कार्य कर रहे हैं, इतना जरूर है की अगर कही कुछ होता है तो विभाग के अधिकारीयों पर ठीकरा फोड़ दिया जायेगा। और कलेक्टर अपने अधिकारियो को बचाकर ले जाते हैं।

### शासन की मंशा पर पानी फेर रही जिला उपार्जन समिति

कहा जा रहा है कि एक तरफ प्रदेश और केंद्र की सरकार किसानों के लिए अनेक योजनाओं पर काम कर रही है। उनके द्वारा उगाए गए अनाज की खरीदी पर लगातार दिशा निर्देश दे रही है जबकि जिला उपार्जन समिति अपनी मनमानी करते हुए किसानों के साथ छलावा करने में लगी हुई है। जबलपुर का किसान जिला प्रशासन से परेशान नजर आने लगा है अब देखना यह होगा कि क्या यहां पर किसने की सुनी जाती है जिला प्रशासन अपनी मनमर्जी को उतारू रहता है। आपको बता दें की जिला उपार्जन समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर होते हैं।

## प्रदेश में टाईगरों की सुरक्षा के लिए स्पेशल फोर्स के गठन की मांग

**हाई कोर्ट में जनहित याचिका : सरकार की रिपोर्ट पर जवाब के लिए चार सप्ताह की मोहलत**

**जबलपुर।** हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका के जरिए मध्य प्रदेश में टाइगरों की सुरक्षा के लिए स्पेशल फोर्स के गठन सहित अन्य आवश्यक कदम उठाए जाने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष इस सिलसिले में सरकार की ओर से अपनी रिपोर्ट पेश की गई। जिसे रिकार्ड पर लेकर जनहित याचिकाकर्ता को रिपोर्ट पर अपना पक्ष रखने के लिए चार सप्ताह की मोहलत दे दी गई है। यह जनहित भोपाल निवासी वन्य प्राणी एक्टिविस्ट भोपाल निवासी अजय दुबे की ओर से अधिवक्ता आदित्य संघी ने पक्ष रखा। उन्होंने अवगत कराया कि वर्ष-2021 में दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि देश में सबसे अधिक टाईगर की संख्या मध्य प्रदेश में है। टाईगर स्टेट का दर्जा होने के बावजूद प्रतिवर्ष मध्य प्रदेश में टाईगर की मौतों के मामले में लगातार इजाफा हो रहा है। इस वर्ष प्रदेश में 36 टाइगरों की मौत हुई है। साल 2012 से 2019 के बीच कान्हा नेशनल पार्क में 43 टाईगर, बांधवगढ़ नेशनल पार्क में 38 टाईगर, पेंच नेशनल पार्क 17, सतपुड़ा नेशनल पार्क में 4, पन्ना नेशनल पार्क में सात टाइगरों की मौत हुई है। टाइगरों की मौत के मामले में कान्हा नेशनल पार्क देश में प्रथम व बांधवगढ़ चौथे स्थान पर है।

## हाई कोर्ट ने आपसी समझौते के आधार पर दे दी राहत

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने हत्या के प्रयास के मामले में सेशन कोर्ट द्वारा दंडित दो आरोपितों को आपसी समझौते के आधार पर राहत प्रदान कर दी। न्यायमूर्ति हृदेश की एकलपीठ ने सुनवाई दौरान पाया कि दोनों घायलों को गंभीर चोटे नहीं आई थीं। आरोपितों को धारा 324 के तहत दोषी भी पाया था। लेकिन दोनों पक्ष के बीच उक्त धारा के तहत समझौते होने के कारण दोनों को दोषमुक्त कर दिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान जबलपुर निवासी अभिषेक राज अहिरवार व अंकित रैकवार की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि हत्या के प्रयास व आयुध अधिनियम की धाराओं के तहत सजा सुनाई जा चुकी है। चिकित्सकों ने अपने बयान में कहा था कि घायलों को आई चोटें गंभीर प्रकृति की नहीं थीं। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने सजा सुना दी। यही वजह है कि धारा 307 के स्थान पर धारा-324 के तहत सजा सुनाई गई थी। मामले में अहम तथ्य यह भी था कि आरोपितों के पास से जब्त चाकू को सील भी नहीं किया गया था। घायलों व आरोपितों के बीच समझौता भी हो गया। हाई कोर्ट ने इस जानकारी को रिकार्ड पर लेकर सजामुक्त कर दिया।

## तापमान 10 डिग्री पर, ठंड जस की तस, शुष्क मौसम में ठंड का असर रहेगा बरकरार

**जबलपुर।** दिन का तापमान औसत से ऊपर चल रहा है जबकि रात का तापमान 10 डिग्री पर सामान्य बना हुआ है1 इसके बावजूद किसी भी प्रकार की ठंड में कमी नजर नहीं आ रही है। सर्द हवाएं कायम है ठंड अपना जलवा बिखेर रही है। फिलहाल मौसम शुष्क रहने की संभावना है और ठंड आक्रामक बनी रहेगी। ठण्ड का तीखापन भले ही कम हुआ हो, लेकिन ठण्ड का असर अभी बरकरार है। शाम ढलते ही ठण्ड अपना असर दिखाने लगती है और रात में तेवर आक्रामक हो जाते हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के



अनुसार उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के कारण ठंड का प्रभाव बना हुआ है जबकि धूप तेज निकल रही है आसमान साफ है लेकिन फिर भी तापमान औसत से अधिक है। अगले एक दो दिनों में मौसम के ऐसे ही तेवर रहने की संभावना है। मौसम कार्यालय से मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 26.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 86 प्रतिशत और सायंकाल 79 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.49 बजे और सूर्यास्त शाम 5.32 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यव्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 24.02 और न्यूनतम तापमान 14.03 डिग्री दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे कम 7 डिग्री तापमान राजगढ़ में दर्ज किया गया है।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240